राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ शर्ता गाने को तुलसी कुमार ने बताया ...




साजिश या सुधार? अखिलेश यादव का... ◀ 12

गाजियाबाद, मंगलवार 02 दिसंबर 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 269, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## ▶▶ न्यूज डायरी

### मुंबई में गभीर स्थिति में पहुंची हवा की गुणवत्ता, लागू की गई ग्रैप-4 की पाबंदियां

**मुंबई (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बाद देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की हवा में भी जहर घुल गया है। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गभीर श्रेणी में पहुंच गया है। इसको देखते हुए प्रशासन ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चौथे चरण की पाबंदियां लागू कर दी गई है। ये पाबंदी मझगांव, देवनार, मालाड, बोरीवली ईस्ट, चाकला- अंधेरी ईस्ट, नेवी नगर, पवई और मुलुंड जैसे उच्च-प्रदूषण वाले इलाकों में लागू की गई है। मुंबई में अब ग्रैप -4 की पाबंदियों के तहत निर्माण और धूल फैलाने वाली गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। इसी तरह 50 से अधिक निर्माण और रेडी-मिक्स कंक्रीट साइट्स को काम बंद करने के नोटिस जारी किए गए हैं। इसके अलावा छोटी इंडस्ट्रीज जैसे बेकरी, मार्बल कटिंग



यूनिट्स को स्वच्छ प्रक्रियाओं में बदलाव का निर्देश दिया गया है। बता दें कि मुंबई के इन हिस्सों में एक्यूआई का स्तर 300 से अधिक दर्ज किया गया है। वायु की गुणवत्ता खराब होने के बाद बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने हर वार्ड में फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात कर दिए हैं, जिनमें इंजीनियर, पुलिसकर्मी और जीपीएस -ट्रैक्ड वाहन शामिल हैं। हालिया निरीक्षण में 70 साइट्स की जांच हुई, जिनमें से 53 नियमों का उल्लंघन करते पाई गई और उन्हें तुरंत नोटिस जारी कर दिए गए हैं। अब बीएमसी अधिकारी इन साइट्स की नियमित जांच करेंगे और अगर वह संचालित पाई जाती हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुंबई कांग्रेस ने हाल ही में मुंबई स्वच्छ वायु कार्य योजना जारी की है, जिसमें स्वच्छ हवा को मौलिक अधिकार घोषित करने, 24म7 मॉनिटरिंग, ग्रीन मुंबई 2030 के तहत 10 लाख पेड़ लगाने और वाहनों, निर्माण और उद्योगों पर सख्त प्रदूषण मानक लागू करने का प्रस्ताव दिया गया है। योजना के अनुसार, एक्यूआई सीमा पार होने पर स्वतः सख्त प्रतिबंध लागू होंगे। इसमें रात में निर्माण रोकना, स्कूलों में एयर प्यूरीफायर अनिवार्य करना आदि शामिल हैं।

### जैविक आतंक पर जयशंकर के भाषण ने दुनिया को झकझोरा, बोले-'समय कम है और खतरा तेजी से बढ़ रहा है'

दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आज जैविक हथियारों पर दुनिया की सुस्ती और असमानता पर करारा प्रहार करते हुए साफ कहा कि यदि जैव सुरक्षा असमान है, तो वैश्विक सुरक्षा भी असमान होगी। हम आपको बता दें कि Biological Weapons Convention (BWC) के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि दुनिया के पास समय कम है, खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं और अगर अब भी वैश्विक समुदाय नहीं जागा तो अगली जैविक आपदा किसी सीमा का सम्मान नहीं करेगी। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने भाषण में स्पष्ट कहा कि तेजी से आगे बढ़ती जैव प्रौद्योगिकी, जीनोम एडिटिंग, सिंथेटिक बायोलॉजी और एआई आधारित डिजाइनिंग जैसे टूल अब इतने सुलभ हो चुके हैं कि उनका दुरुपयोग पहले से कहीं आसान है। उन्होंने कहा, विज्ञान रफ्तार से दौड़ रहा है, लेकिन वैश्विक नियम घिसटते कदमों से पीछे चल रहे हैं। COVID-19 महामारी को उदाहरण बनाते हुए उन्होंने कहा कि प्राकृतिक हो,




आकस्मिक या जानबूझकर, जैविक खतरा किसी चेतावनी के इंतजार में नहीं बैठता। जयशंकर ने दो टूक कहा, यह सीमाएँ नहीं मानता, यह प्रणालियों को ध्वस्त कर देता है। मजबूत सार्वजनिक स्वास्थ्य ही असली सुरक्षा है। हम आपको बता दें कि भारत ने इस मंच से ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद की।

जयशंकर ने कहा कि एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के अनेक देशों के सामने कमजोर स्वास्थ्य तंत्र, सीमित लैब क्षमताएँ, धीमी प्रतिक्रिया प्रणाली और दवाओं तक असमान पहुँच जैसी गंभीर चुनौतियाँ हैं। ये सिर्फ विकास संबंधी कमियाँह्व नहीं, बल्कि वैश्विक जोखिम हैं। उन्होंने साफ कहा, ह्लग्लोबल साउथ न केवल सबसे अधिक असुरक्षित है, बल्कि सबसे अधिक योगदान देने की क्षमता भी उसी में है।

## संसद का शीतकालीन सत्र

# प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा सभापति को बधाई दी,लोकसभा में खूब हंगामा

**नई दिल्ली ।** संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा को संबोधित दिया। उन्होंने राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं सभापति को बहुत बधाई देता हूं। सदन के जरिए देश को प्रगति पर ले जाने के लिए मुद्दों पर चर्चा और आपका अमूल्य मार्गदर्शन हम सबके लिए है। सदन में बैठे सभी सदस्य गरिमा बनाए रखेंगे, ये मैं आपको भरोसा दिलाता हूं। राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद यह पहला सत्र है।




प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे सभापति जी सामान्य परिवार से आते हैं। पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया है। समाजसेवा उनकी निरंतरता रही है। आपका यहां तक पहुंचना हम सबका मार्गदर्शन करता है। आप कई राज्यों के राज्यपाल रहे। झारखंड में आदिवासी समाज के बीच जिस तरह से आपने नाता बनाया, जिस तरह छोटे गावों का दौरा करते, वहां के मुख्यमंत्री गर्व के साथ मुझे ये बताते थे। हेलिकॉप्टर हो न हो, आप चले जाते थे। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही खूब हंगामा हआ। प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्षी सांसद वेल में आ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान स्पीकर ओम बिरला सांसदों ने शांति बनाए रखने की अपील करते रहे, लेकिन उनकी अपील का कोई असर नहीं हुआ और हंगामे के बीच ही कार्यवाही जारी है। इसके बाद कार्यवाही पहले 12 और फिर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। इससे पहले लोकसभा में पूर्व सदस्यों के निधन पर मौन रखा गया।

लोकसभा में हंगामे पर स्पीकर बिरला ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, इस तरह से सदन को बाधित करना ठीक नहीं है। तख्तियां लेकर आप लोग आ रहे हैं, यह उचित नहीं है। पूरी दुनिया में यह संदेश जाना चाहिए कि भारत की सांसद सक्रिय रूप से चलती है और सभी सांसद इसमें भागीदारी करते हैं। स्पीकर ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपनी सीट पर वापस जाने की अपील की। प्रधानमंत्री के बयान पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने निशाना साधा। उन्होंने कहा, चुनावी स्थिति, एसआईआर और प्रदूषण जैसे मुद्दे बहुत बड़े हैं। आइए इन पर चर्चा करें। संसद किस लिए है? यह कोई तमाशा नहीं है। मुद्दों पर बात करना और उन्हें उठाना तमाशा नहीं है। असली तमाशा तो यह है कि जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर लोकतांत्रिक चर्चा ही न होने दी जाए। प्रदूषण पर हमें चर्चा क्यों नहीं करने दी जा रही है।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभापति का स्वागत करते हुए कहा, आप तो सीपी राधाकृष्णन के हमनाम हैं। आशा है आप उनकी तरह व्यवहार करेंगे। उन्होंने सभापति से कहा, आप आसन से ज्यादा उस तरफ न देखें, उसमें खतरा है। आप इधर नहीं देखेंगे, तो भी खतरा है। आप दोनों तरफ संतुलन बनाएंगे तो अच्छा होगा। आप जहां से आए, उसका प्रधानमंत्री ने जिक्र किया, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि आप कांग्रेस के घराने से हैं।

## भाजपा अध्यक्ष की घोषणा जल्द! खरमास के बाद तेज होगी प्रक्रिया, तीन प्रमुख चेहरों पर दांव

**दिल्ली।** भाजपा में ऐसी अटकलें तेज हैं कि पार्टी के नए अध्यक्ष की घोषणा जल्द ही हो सकती है। बिहार में एनडीए की जदीत के बाद अटकलें तेज हैं कि राज्य में अहम भूमिका निभाने वाले एक कैबिनेट मंत्री, मौजूदा भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की जगह ले सकते हैं। हालाँकि, इस पद के लिए कुछ केंद्रीय मंत्रियों के नाम भी चर्चा में हैं। सूत्रों ने खुलासा किया कि हाल ही में मध्य प्रदेश के जबलपुर में संपन्न तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में आरएसएस के शीर्ष नेताओं के बीच इस मुद्दे पर विचार-विमर्श हुआ। सूत्रों के अनुसार, पिछले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भाजपा के अच्छे प्रदर्शन का श्रेय पाने वाले एक वरिष्ठ आरएसएस नेता को भी पार्टी में अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। नड्डा को 2019 में भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल 2024 के लोकसभा चुनावों तक बढ़ा दिया गया था। 29 राज्यों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो चुके हैं और केवल उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख राज्यों में ही चुनाव अभी जारी हैं, ऐसे में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया निर्णायक चरण में पहुँच गई है। जनवरी 2026 तक नए पार्टी अध्यक्ष का चयन होने की उम्मीद है। पार्टी के एक वरिष्ठ सूत्र ने संकेत दिया कि 14 जनवरी के बाद, जब हिंदू पंचांग में अशुभ माने जाने वाले खरमास का समापन होगा और शुभ चरण शुरू होगा, प्रक्रिया में तेजी आएगी।



## पहाड़ों की बर्फबारी से उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप, कमजोर पड़ने लगा चक्रवात

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पहाड़ी राज्यों में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फीली हवाएं कमजोर पड़ने से उत्तर भारत में शीतलहर से थोड़ी राहत मिली हुई है। यह सिस्टम 2-3 दिसंबर को आगे बढ़ जाएगा, जिसके बाद ठंडी हवाएं चलने से हांड कंपा देने वाली सर्दी पड़ने के आसार हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, आने वाले दिनों में राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में सर्दी तेज होने का अनुमान जताया है। इस दौरान भी शीतलहर चलेगी। हिमाचल प्रदेश में शिमला, कुफरी, लाहौल-स्पीति और रोहतांग पास बर्फ की चादर बिछ गई है, वहीं 15 शहरों का तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया। यहां 4-5 दिसंबर को बारिश-बर्फबारी का अलर्ट है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में गुलमर्ग, पहलगाम, सोनमर्ग और उत्तराखंड के औली, केदारनाथ घाटी, चोपता में ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। ऊंचाई वाले इलाकों में तापमान माइनस 10 डिग्री तक गिर गया, जिससे नदी-नाले जमने लगे हैं। केदारनाथ में तापमान -14 डिग्री दर्ज किया गया। चक्रवात दितवाह अब कमजोर होकर रविवार रात एक गहरे अवदाब में बदल गया। साथ ही बुधवार सुबह तक और कमजोर होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार सुबह तक यह सिस्टम बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में, उत्तरी तमिलनाडु और पुडुचेरी के तट से करीब 20 किलोमीटर दूर रहेगा।



## कुत्ते को संसद ले आई रेणुका चौधरी, सत्तापक्ष पर साधा निशाना: 'असली काटने वाले तो यहां बैठे हैं'

**दिल्ली।** कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी सोमवार को एक कुत्ते को संसद परिसर में ले आईं, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया कि वह आवारा है। उन्होंने अन्य सांसदों की आपत्तियों को खारिज करते हुए दावा किया कि असली कुत्ते संसद में बैठे हैं और रोज लोगों को काट रहे हैं। चौधरी ने बताया कि उन्होंने सुबह संसद जाते समय इस पिल्ले को बचाया था। उन्होंने एक स्कूटर-कार की टक्कर देखी और देखा कि पिल्ला सड़क के पास घूम रहा था। कुत्ते को चोट न लगे, यह सुनिश्चित करने के लिए वह उसे अपनी कार में साथ ले आईं। कुत्ता गाड़ी के अंदर ही रहा और कांग्रेस सांसद को कार से उतारने के कुछ देर बाद ही चला गया। चौधरी ने एएनआई को बताया क्या कोई कानून है? मैं जा रही थी। एक स्कूटर और कार की टक्कर हो गई। यह छोटा पिल्ला सड़क पर घूम रहा था। मुझे लगा कि यह पहिए से टकरा जाएगा। इसलिए मैंने उसे उठाया, कार में रखा, संसद आई और वापस भेज दिया। कार चली गई, और कुत्ता भी। तो इस चर्चा का क्या मतलब है? राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के किसी भी सांसद का नाम लिए बिना, चौधरी ने सत्तारूढ़ दल पर तंज कसते हुए कहा कि "असली कुत्ते संसद में बैठे हैं," और वैसे भी इस पर कोई चर्चा नहीं होती। उन्होंने कहा कि असली काटने वाले संसद में बैठे हैं।



## एनआईए ने जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में 8 जगहों पर की छापेमारी

**दिल्ली विस्फोट**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में गत 10 नवंबर को लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास 20 कार में हुए भीषण विस्फोट की जांच में जुटी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में कुल 8 जगहों पर छापेमारी की। इस छापेमारी के जरिए एजेंसी उन सबूतों की तलाश कर रही हैं जो जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी मॉड्यूल और दिल्ली विस्फोट मामले से जुड़े हो सकते हैं। छापेमारी में बरामदगी का विवरण अभी सामने नहीं आया है। रिपोर्ट के अनुसार, एनआईए ने सुबह कश्मीर के शोपियां में नदिगाम में गिरफ्तार मौलवी इरफान के घर पर छापेमारी की। पुलवामा के मलंगपोरा में डॉ अदील और डॉ मुजम्मिल के घरों पर भी तलाशी ली है। इसी तरह संबूरा (पुलवामा) में आमिर के घर पर भी छापेमारी की गई है। एनआईए की एक टीम ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी एक संदिग्ध के घर छापा मारा है। शुरूआती जांच में मौलवी इरफान अहम कड़ी नजर आ रहा है। बता दें कि अदील राठोर और मौलवी इरफान इस समय एनआईए की हिरासत में है। दिल्ली की एक अदालत ने लाल किला विस्फोट मामले में गिरफ्तार तीन डॉक्टर और मौलवी इरफान को शनिवार को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। सभी चार आरोपियों मुजम्मिल गनई, अदील राठेर और शाहीना सईद के साथ मौलवी इरफान को प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना के समक्ष पेश किया गया था। उनसे पूछताछ पूरी हो चुकी है। लाल किले के पास 10 नवंबर को सफेद हुंडई आई 20 कार में अचानक विस्फोट हो गया था, जिसकी चपेट में आकर 15 की जान चली गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। विस्फोट जैश-ए-मोहम्मद के संदिग्ध आतंकी और जम्मू-कश्मीर के पुलवामा निवासी डॉक्टर उमर ने किया था, जो खुद भी मारा गया। वह अल-फलाह विश्वविद्यालय में पढ़ाता था। घटना की जांच एनआईए कर रही है। इसमें अल-फलाह जांच के घेरे में है क्योंकि अधिकतर आरोपी वहीं कार्यरत थे।




**होगी सुनवाई** | सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

## दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों पर बढ़ सकता है उपयोगकर्ता शुल्क

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दूरसंचार विवाद निपटान एवं अपीलीय न्यायाधिकरण (टीडीएसएटी) द्वारा टैरिफ की गणना के फॉर्मूले में संशोधन के बाद अब दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों से उड़ान भरने वाले यात्रियों को जल्द ही उपयोगकर्ता शुल्क में भारी वृद्धि का सामना करना पड़ सकता है। नए फॉर्मूले के कारण उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) 22 गुना तक बढ़ सकता है, जिससे हवाई यात्रा काफी महंगी हो जाएगी। हालांकि, एयरपोर्ट्स इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी (एईआरए) ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

यह विवाद वित्त वर्ष 2009 से वित्त वर्ष 2014 के बीच की 5 साल की टैरिफ अवधि से जुड़ा है, जिसके दौरान दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों पर 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया टैरिफ बकाया था। टीडीएसएटी के आदेश ने यात्रियों से बढ़े हुए शुल्क के जरिए इस राशि की वसूली का रास्ता खोल दिया है। हालांकि, एईआरए समेत कई घरेलू और विदेशी एयरलाइंस ने आदेश को चुनौती दी है। जिस पर बुधवार को सुनवाई होने वाली है।

टीडीएसएटी का यह आदेश लागू होता है, तो दिल्ली हवाई अड्डे पर घरेलू यात्रियों के लिए यूडीएफ मौजूदा 261-129 रुपये से बढ़कर 1,261 रुपये तक और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए 656 से बढ़कर 6,356 तक हो सकता है। मुंबई हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए शुल्क 3,856 और घरेलू यात्रियों के लिए 175 तक बढ़ सकता है। विवाद के केंद्र में काल्पनिक नियामक परिसंपत्ति आधार (एचआरएबी) है, जो एईआरए द्वारा प्रयुक्त एक काल्पनिक मूल्यांकन प्रणाली है।

उद्योग विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि टीडीएसएटी के आदेश के कार्यान्वयन से हवाई टिकट महंगे हो जाएंगे तथा भारत के व्यस्ततम हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या में भी भारी कमी आ सकती है। एयरलाइंस का तर्क है कि यह फैसला उपभोक्ता विरोधी है और यह यात्रियों पर अनुचित बोझ डालता है। अंतिम निर्णय बुधवार को होने वाली सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई पर निर्भर करेगा। हालांकि, आदेश के लागू होने की संभावना काफी अधिक है।



## गुटखा-पान मसाला पर कड़ा प्रहार! नई कर व्यवस्था से राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वास्थ्य को मिलेगा बूस्ट

**दिल्ली।** जीएसटी को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया के दौरान तंबाकू से संबंधित वस्तुओं पर 'सीन टैक्स' लगाने के बाद, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' पेश किया। इस विधेयक में रक्षा और जन स्वास्थ्य व्यय के वित्तपोषण के लिए पान मसाला और गुटखा निमार्ताओं पर एक कठोर नई कर व्यवस्था का प्रस्ताव रखा गया है। विधेयक के अनुसार, प्रस्तावित उपकर पान मसाला और गुटखा सहित विशिष्ट वस्तुओं के निर्माण या उत्पादन के लिए स्थापित मशीनों या प्रक्रियाओं पर लगाया जाएगा। इसमें कहा गया है, "स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक में उन मशीनों या प्रक्रियाओं पर उपकर लगाने का प्रस्ताव है जिनके द्वारा निर्दिष्ट वस्तु, अर्थात पान मसाला, का निर्माण या उत्पादन किया जाता है, चाहे वह मैन्युअल रूप से हो या हाइब्रिड प्रक्रियाओं के माध्यम से।"



# सिकंदराबाद क्षेत्र के सुतारी गांव में दंगल का आयोजन, प्रत्येक वर्ष होता है दंगल

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**चोला।** चोला क्षेत्र के गांव सुतारी में सोमवार को वर्षों से चले आ रहे दंगल का आयोजन किया गया। आयोजक निजाम प्रधान ने बताया कि गांव में हर वर्ष दंगल का दो दिवसीय आयोजन किया जाता है। जिसमें आस-पास के गांव के पहलवानों समेत जिलेभर से पहलवान कुश्ती लड़ते हैं। विजेता पहलवान को 11 हजार का नकद पुरस्कार दिया जाता है। अन्य कुश्ती पर भी ईनाम दिये जातें हैं। कुश्ती का आयोजन सोमवार व मंगलवार को होगा। जिसमें पचौता कुराली,भटोला, कनकपुर, सबदलपुर जनपद बुलंदशहर के अन्य गांव से भी और दूर-दूर से काफी तादात में पहलवान कुश्ती लड़ने के लिए आते हैं भूरा, रहीस, फजरू,नदीम,कादर, कमेटी के सभी मौहम्मद उमर,भोलू, जावेद, शौकीन, मुहम्मद, बाबू पहलवान समेत अन्य आयोजक मंडल के लोग मौजूद रहे। सोमवार को बड़ी तादाद में पहलवान पहुंचे। समस्त समस्त कमेटी द्वारा दंगल का आयोजन किया गया मौके पर का ककोड़थाना पुलिस,चोला थाना पुलिस सिकंदराबाद थाना पुलिस उपस्थित रही।

# सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर इस्लामुद्दीन मेवाती को हजारों नम आंखों ने दी अंतिम विदाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुलावठी ।** क्षेत्र के चिड़ावक गांव के निवासी जो कि सीआरपीएफ की 55 बटालियन में सब इंस्पेक्टर थे और दिल्ली में तैनात थे, ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया, सीआरपीएफ 55 बटालियन के जवानों द्वारा राजकीय सम्मान के साथ सलामी दी गई। जनपद बुलंदशहर की पुलिस की भी मौजूदगी रही, 1 दिसंबर 2025, दिन सोमवार को सुबह 11 बजकर चालीस मिनट पर गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए मिट्टी तदफिन किया गया, इस मौके पर जवानों ने शहीद के सम्मान में 24 तोपों की सलामी देते हुए एक के बाद एक चौबीस फायर किए, इस मौके पर उनके साथ तैनात रहे साथी जवान ने बताया कि इस्लामुद्दीन मेवाती कर्तव्यों के प्रति बहुत ही कर्तव्यनिष्ठ होने के साथ बहुत ही अच्छे सद व्यवहार के लिए पहचाने जाते थे और पैंतीस साल की ड्यूटी में लंबे समय तक जम्मू कश्मीर में तैनात रहे, इस दौरान दूर दराज के रिश्तेदारों समेत क्षेत्र के हजारों संभ्रांत व्यक्तियों की मौजूदगी रही, सभी ने शहीद के परिवार को सांत्वना दी।

# एस.सी.ए मेमोरियल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो




एस सी ए मेमोरियल स्कूल मे विजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल पहनाते हुए विधायक।

**गुलावठी।** सुरेश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मीराज सिंह रहे। समापन खेलकूद दिवस पर खो-खो, कबड्डी, बास्केटबॉल, रिले रेस सहित विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित हुई। विधायक लक्ष्मी राज सिंह व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तेवतिया ने फाइनल मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में टीम भावना, आत्मविश्वास और खेल-भावना को बढ़ावा देते हैं। विद्यालय के चेयरमैन वी के अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तेवतिया, स्कूल डायरेक्टर मयंक अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, विद्यालय प्रधानाचार्य गोपाल शर्मा, संगीत तेवतिया, विपिन तेवतिया, अजित तेवतिया, स्पोर्ट्स अध्यापक सोमरिटा, वर्षा, प्रदीप, हिमांशु यादव, मोनिका सिंह, सत्येंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# निर्वाचन आयोग का विशेष अभियान: SIR फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर तक बढ़ी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुलावठी।** निर्वाचन आयोग द्वारा 12 राज्यों में चल रहे विशेष अभियान (SIR) के तहत, मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 11 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। इस अभियान के तहत, गुलावठी के पीर खां में BLO मुकेश शर्मा भाग 92, अलका सिंह,भाग 93 मनोज सिंह भाग 96, और सचिन मलिक भांग 97 इछड सभासद मोहम्मद आरिफ के निवास पर लगभग 100 से अधिक फॉर्म भरकर ऑनलाइन जमा किए।

**BLO की अपील**

भाग संख्या 93 के इछड अलका सिंह ने बताया कि लोगों के अंदर नागरिकता को लेकर कुछ डर है, जो बिल्कुल निराधार है। उन्होंने बताया कि कुछ लोग फॉर्म ले जाकर घर रख लेते हैं, लेकिन अभी तक जमा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने फॉर्म जमा करें। उन्होंने कहा कि अगर आप अपने माता-पिता का नाम भी खाली लिखकर दे देंगे, तो भी आपकी वोट लिस्ट में नाम जुड़ जाएगा। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए अपना नाम मतदाता सूची में जरूर दर्ज कराएं। भाग संख्या 92 की BLO मुकेश शर्मा ने बताया कि उनका लक्ष्य पूरा होने की ओर है और मोहल्ले वासियों ने बड़ा सहयोग किया है। भाग संख्या 96 के BLO मनोज सिंह ने बताया कि उन्होंने लोगों के घर-घर जाकर फॉर्म जमा करने की कोशिश की है और दिन में फॉर्म जमा करने के साथ-साथ देर रात तक ऑनलाइन चढ़ाने का काम किया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जिन लोगों ने अभी तक अपने फॉर्म जमा नहीं किए हैं, वे 11 दिसंबर से पहले जमा कर दें।

# ऑल इंडिया यूनानी फेडरेशन के पदाधिकारियों व जिला बुलंदशहर के सीनियर यूनानी फिजिशियन्स का मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल (पूर्व में जेपी हॉस्पिटल, सेक्टर- 128) नोएडा ने सम्मानित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल नोएडा ने अपने ऑडिटोरियम में एक शॉर्ट ड्यूरेशन कोर्स के लिए जिला बुलंदशहर के डॉक्टर्स को इनवाइट किया। जिसमें स्ट्रोक मैनेजमेंट (ब्रेन हेमरेज, लकवा फालिज वगैरह)




पर सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ अमित श्रीवास्तव, बेसिक्स आफ ईसीजी इंटरप्रिटेशन पर क्रिटिकल केयर एमरजैंसी मेडिसिन के हेड डॉ दिव्यांशु चंद्र व यूरोलॉजिकल इश्यूज एंऐ मेन्स हेल्थ (मूत्र एवं पुरुष रोग पर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी) सब्जेक्ट्स पर कंसलटेंट डॉ प्रांजल गुप्ता ने बेहतरीन लेक्चर डिलीवर किये।

यूनानी डॉक्टर्स ने भी इन बीमारियों में यूनानी मेडिसिंस की इंपोर्टेंस और आश्चर्य जनक रिजल्ट्स पर अपने एक्सपीरियंस शेयर किये।

सभी डॉक्टर्स ने माना कि आज के दौर में इंटीग्रेशन मेडिसिन पर काम किए जाने की जरूरत है।

इस इवेंट के ऑगेनाइजर मार्केटिंग मैनेजर श्री राजेश श्रीवास्तव व श्री नियाज अहमद ने बहुत अच्छे व्यवस्था बनाते हुए अच्छा प्रोग्राम अरेंज किया।

ऑल इंडिया यूनानी फेडरेशन के कन्वीनर डॉक्टर शान मोहम्मद ने मैक्स हेल्थकेयर के प्रबंधकों से अपील की कि वह अपने हॉस्पिटल में मिडिल क्लास लोगों के लिए कुछ इकोनॉमिकल पैकेज भी शुरू करें, जिससे हर आदमी को इलाज मिल सके।

मैक्स हेल्थकेयर की जानिब से ऑल इंडिया यूनानी फेडरेशन के कन्वीनर डॉक्टर शान मोहम्मद, ट्रेजरार डॉक्टर नासिर हुसैन, यूथ कोऑर्डिनेटर डॉक्टर इम्तियाज मेव, खुर्जा से सीनियर फिजिशियन डॉक्टर इनाम उल्लाह खान, शिकारपुर से सीनियर फिजिशियन डॉक्टर सैयद हुसैन अली व बुलंदशहर से एपिडेमिक कंट्रोल रूम इंचार्ज डॉ अब्दुल कलाम साहब को सम्मानित किया गया।

इस इवेंट में बुलंदशहर से डॉक्टर हसीबुर रहमान, खुर्जा से डॉक्टर अख्तर अली सिद्दीकी, शिकारपुर से डॉक्टर परवेज आलम, अनूपशहर से डॉक्टर मोहम्मद चमन और गुलावठी से डॉक्टर ओवैस खान ने खास जिम्मेदारी निभाई। पूरे जिला बुलंदशहर से बड़ी संख्या में यानी डॉक्टर ने इस प्रोग्राम में हिस्सा लिया।

# ट्रैक्टर और पिकअप की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**शिकारपुर।** सलेमपुर थाना क्षेत्र के कैलावन गांव के पास मेरठ - बदायूं हाईवे पर ट्रैक्टर और पिकअप की हुई भिड़ंत। जिसमें पिकअप में बैठे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई।पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौपा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली में अनाज भरकर शिकारपुर की तरफ से बुलंदशहर जा रहा था तथा बुलंदशहर की तरफ से पिकअप घरेलू सामान भरकर शिकारपुर की तरफ आ रही थी। दोनों की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें पिकअप सवार तीन लोगों के गंभीर चोटें आई थी। पुलिस की मदद से एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई तथा दो लोगों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायलों में राजीव पुत्र दयाराम, शिवम उर्फ मंगला पुत्र ओमप्रकाश, गोलू पुत्र सर्वेश निवासी निताई नगला थाना उसहैत जिला बदायूं गंभीर रूप से घायल हुए थे। जिसमें गोलू पुत्र सर्वेश की इलाज के दौरान मौत हो गई।जिसका पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। तथा पोस्टमार्टम करने के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। उधर सलेमपुर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया है कि सोमवार सुबह ट्रैक्टर और पिकअप की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिसमें तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए थे लेकिन उपचार के दौरान गोलू की मौत हो गई है।पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# एड्स दिवस के उपलक्ष्य में एक रैली का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**बुलंदशहर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बुलन्दशहर की अध्यक्षता में डा0 हेमन्त रस्तोगी,




जिला क्षय रोग अधिकारी, बुलन्दशहर द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में एक रैली का आयोजन किया गया। रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बुलन्दशहर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली जिला चिकित्सालय से कालाआम, कालाआम से डिप्टीगंज होते हुए जिला चिकित्सालय में आकर समाप्त हुई। रैली का आयोजन जनता को [illegible] के प्रति जागरूक करने के लिए किया गया। रैली के उपरान्त जिला क्षय रोग अधिकारी, बुलन्दशहर द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा एड्स से बचाव के बारे में जानकारी दी। बैठक में एड्स एवं टी0बी0 के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बंदरों के आतंक से लोग परेशान, कुत्ते पकड़ो अभियान की तर्ज पर नगर पालिका चलाएं बंदर पकड़ो अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** नगर में कहीं ने कहीं बंदरों की भरमार होने से वहां के लोग काफी परेशान होने लगे हैं ,नगर के कुछ मोहल्ले तो ऐसे हैं जहां पर बंदरों के झुंड के झुंड देखने को मिलते हैं ,बंदरों के यह झुंड कभी-कभी मोहल्ले की गली के रास्ते तक में लोगों के आने-जाने में बाधक बनते दिखाई पड़ते हैं ,जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है ! नगर पालिका के अधिकारी अपने अधिनस्थों से निरीक्षण कराए तो सच उजागर हो सकता है कि बंदरों से कितने परेशान हैं लोग ! लोगों का कहना है कि बंदरों के आतंक से लोग परेशान ही नहीं है बल्कि नुकसान भी उठा रहे हैं ,ज्यादातर लोगों का कहना है कि घरेलू सामान घर में घुसकर बंदर नष्ट तक कर देते हैं और कपड़ों को फाड़ देते हैं तथा कभी-कभी घर में रख रखा सामान जैसे मोबाइल घड़ी सब्जियां आदि तक उठा कर ले जाते हैं जिससे लोगों को नुकसान होता है ! कभी-कभी बंदरों के झुंडों की चपेट में आने से जान पर बन आती है ! बंदरों के द्वारा बच्चों से लेकर बड़ों तक को काट लेने के भी मामले सामने आते रहते हैं ,आखिर बंदरों के आतंक से छुटकारा दिलाने के लिए प्रशासन से लेकर नगर पालिका के अधिकारी जानते हुए भी अंजान बने हैं क्यों ? लोगों का कहना है कि नगर पालिका कुत्ता पकड़ो अभियान की ही तर्ज पर बंदर पकड़ो अभियान चलाएं तो हो सकता है कि बंदरों के आतंक से लोगों को छुटकारा मिल सके ! हालांकि नगर में शायद ही ऐसा कोई मोहल्ला हो जहां बंदर दिखाई ना दे लेकिन फिर भी कुछ मोहल्ले ऐसे हैं कि जहां बंदरों के झुंड के झुंड दिखाई देंगे ऐसे मोहल्लों में राधा नगर , कैलाशपुरी, शास्त्री नगर,साठा,ईंटारोडी, आदर्श नगर एवं कचहरी परिसर के आसपास के क्षेत्र आदि प्रमुख है !

# ऑनलाइन उपस्थिति व गैर विभागीय कार्यों के विरोध में सचिवों का चरणबद्ध आंदोलन शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पहासू ।** ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति, विकास खण्ड पहासू ने ऑनलाइन उपस्थिति (FRS) प्रणाली और सचिवों से कराए जा रहे गैर विभागीय कार्यों के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत कर दी है। समिति के आह्वान पर 01 दिसम्बर 2025 से 04 दिसम्बर 2025 तक सभी सचिव काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य करेंगे। समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 05 दिसम्बर 2025 को सचिव धरना देंगे और ज्ञापन प्रेषित करेंगे। इसी दिन जनपद के सभी सहकारी व्हाट्सएप समूहों से सभी सचिव सामूहिक रूप से बाहर हो जाएंगे। आंदोलन के अगले चरण में 10 दिसम्बर 2025 से सचिव निजी वाहन का प्रयोग बंद करेंगे, जबकि 15 दिसम्बर 2025 को अपने-अपने डोंगल ब्लॉक मुख्यालय पर जमा करेंगे। इस मौके पर अभिलाष कुमार, मोनू कुमार, पम्मी सिंह, अभिमन्यु पांडेय, नितिन कुमार, मोहित भूषण, कृष्णपाल सिंह, निपेंद्र कुमार, विपुल शर्मा, लाखन सिंह, दीपक सिंह, विनोद कुमार और आजाद शाह सहित सभी सचिव उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** यह प्रशिक्षण 1 दिसंबर से 13 दिसंबर 2025 तक दो बैचों में आयोजित किया जा रहा है

# परिषदीय विद्यालयों में तैनात ECCE एजुकेटर के लिए पांच दिवसीय तथा प्रधानाध्यापकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**बुलंदशहर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET) बुलंदशहर में परिषदीय विद्यालयों में तैनात एउउए एजुकेटर के लिए पांच दिवसीय तथा प्रधानाध्यापकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सुश्री निशा की उपस्थिति में हुआ, उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री लक्ष्मी कांत पांडे, उप शिक्षा निदेशक (बेसिक) श्री प्रवीण कुमार उपाध्याय तथा उप प्राचार्य श्री बी.के. सक्सेना भी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण 1 दिसंबर से 13 दिसंबर 2025 तक दो बैचों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें बालवाटिका आधारित खेल-आधारित, गतिविधि-आधारित एवं अनुभवात्मक सीख, FLN की तैयारी, कक्षा प्रबंधन, शिक्षण-सामग्री निर्माण और सतत मूल्यांकन जैसे विषय शामिल होंगे। मुख्य अतिथि ने कहा कि NEP-2020 के अनुसार बालवाटिका 3-6 वर्ष के बच्चों की Foundational Stage का प्रमुख आधार है, जो बच्चों के भाषा, संख्याज्ञान, सामाजिक और भावनात्मक विकास को दिशा देती है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि एउउए एजुकेटर बच्चों में सीखने की रुचि, आत्मविश्वास और आधारभूत साक्षरता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उप शिक्षा निदेशक ने कहा कि बालवाटिका कक्षा का लक्ष्य बच्चों को बोझरहित, आनंदमय और बहुभाषी वातावरण में सीखने के अवसर प्रदान करना है। उप प्राचार्य DIET ने प्रशिक्षण को बाल-मैत्रीपूर्ण कक्षा, गतिविधि-आधारित पाठ योजना और सीखने के कोनों के प्रभावी संचालन के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। बालवाटिका की अवधारणा, इसके उद्देश्य–सर्वांगीण विकास, FLN तैयारी, सामाजिक-भावनात्मक वृद्धि, रचनात्मकता तथा खेल-आधारित सीख–के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा गया कि जीवन के पहले छह वर्ष मस्तिष्क विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, और यह प्रशिक्षण जनपद में प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रशिक्षण नोडल डॉ रंजिता रानी, जिला समन्वयक विकास अरोड़ा, प्रशिक्षण प्रभारी डॉ ललित यादव, एउउए तकनीकी सहयोगी विनीत पंवार, डायट प्रवक्ता उमराव सिंह, जोगेंद्र सिंह ARP उपस्थित रहे।

# डीएम ने 6 दिसंबर को होने वाली सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा को लेकर को अधिकारियों को दिए गए सख्त निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** जिला पंचायत सभागार में सोमवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 6 दिसंबर को होने वाली सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने की।बैठक में परीक्षा की सुचारु एवं निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।जिले में परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी।प्रथम पाली में गणित विषय की परीक्षा सुबह 09:00 से 11:00 बजे तक होगी जिसके लिए 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस पाली में लगभग 7000 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।द्वितीय पाली में हिंदी विषय की परीक्षा दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक आयोजित होगी जिसके लिए 8 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इस पाली में लगभग 2800 अभ्यर्थी शामिल होंगे।



जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट,स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों एवं सह-व्यवस्थापकों को आयोग के दिशा-निदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसी के अनुरूप परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सुचारु रूप से कार्यरत रहें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी समय से पूर्व केंद्र पर पहुंचें।अभ्यर्थियों के लिए बैठने की व्यवस्था,पेयजल,महिला एवं पुरुष शौचालय,विद्युत आपूर्ति,जनरेटर तथा सीसीटीवी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट ट्रेजरी से प्रश्नपत्र प्राप्त कर उन्हें सुरक्षित तरीके से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाएंगे, तथा केंद्र व्यवस्थापक कैमरे की निगरानी में प्रश्नपत्रों को प्रत्येक कक्ष तक भेजेंगे। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि के रूप में सुभाष सिंह ने संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की जानकारी दी तथा राजकीय इंटर कॉलेज बहादुरपुर के प्रधानाचार्य आशीष द्विवेदी ने सभी परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था एवं अभ्यर्थियों की संख्या के बारे में जानकारी साझा की। इस दौरान एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आईएमए अध्यक्ष पद का कार्यभार बरेली में हुए वार्षिक अधिवेशन में ग्रहण किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** आई एम ए के लिए यह हर्ष का विषय है कि आई एम ए के अपने सदस्य डॉक्टर राजीव गोयल सर्जन द्वारा उत्तर प्रदेश आई एम ए अध्यक्ष पद का कार्यभार 29-30 नवंबर 2025 को बरेली में हुए वार्षिक अधिवेशन में ग्रहण किया गया है। डॉक्टर राजीव गोयल का आज आई एम ए भवन गाज़ियाबाद में आई एम ए के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया ।गाजियाबाद से डॉक्टर शरद अग्रवाल के बाद इस पर पर आसीन होने वाले वह दूसरे सदस्य हैं । उनके द्वारा आई एम ए के लिए किए गए कार्यों से हम सभी भली-भांति परिचित है उन्होंने आई एम ए ब्रांच सचिव एवं अध्यक्ष पद पर रहते हुए आई एम ए को नई ऊंचाइयां प्रदान की। वह आई एम ए की सेंट्रल वर्किंग कमेटी के भी पदाधिकारी हैं । ।डॉ राजीव गोयल ने पत्रकारों से बात करते हुए आज अपने कार्यकाल पर अपना दृष्टिकोण बताया कि आगामी 1 वर्ष में उनका जोर विभिन्न योजनाओं जिसमें आओ गांव चले कार्यक्रम में गांव में विभिन्न रोगों के रोकथाम हेतु कैंप तथा जागरूकता अभियान, टीकाकरण, टी बी उन्मूलन, कैंसर डिटेक्शन और प्रिवेंशन के लिए वैक्सीनेशन






इत्यादि पर आपकी प्राथमिकता दूरदराज तक इलाकों में सीपीआर ट्रेनिंग जो की एक बेसिक लाइफ सेविंग प्रोसीजर है को सीखाने पर रहेगा। सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम में आईएमए के चिकित्सकों की भागीदारी बढ़ाने पर आपका जोर रहेगा। साथ ही साथ चिकित्सक और आम जनता के बीच एक सामंजस स्थापित किया जाएगा जिसमें विश्वास की भावना जागृत हो ।आई एम ए के सदस्यों की विभिन्न समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा तथा उनके निराकरण के लिए विभिन्न एजेंसियों से बात की जाएगी जिसमें सीएमओ रजिस्ट्रेशन को सरल करना । पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से जारी सर्टिफिकेट को 5 साल के लिए करना ।फायर सर्टिफिकेट पर भी सांमजस्य पर कार्य कराया जाएगा । आईसीयू के लिए बनाई जा रही गाइडलाइंस आईएमए के चिकित्सकों द्वारा सुझावों पर विचार करते हुए बनाकर सरकार को प्रस्तुत की जाएगी । उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लाया जा रहा है सीईए कानून आई एम ए पैनल से सलाह लेने के उपरांत बनाया जाए इस विषय पर भी कार्य किया जाएगा।

आज आई एम ए गाजियाबाद के अनेकों कार्यकताओं ने आपका सम्मान समारोह रखा एवं आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आईएमए उत्तर प्रदेश के संरक्षक डॉ शरद अग्रवाल, ब्रांच की अध्यक्षा डॉक्टर अल्पना कंसल ,सचिव डॉक्टर राजीव त्यागी उपाध्यक्ष डॉ अर्चना शर्मा एवं प्रदेश के सचिव डॉ आशीष अग्रवाल कोषाध्यक्ष डॉक्टर वाणी पूरी रावत कन्वीनर डॉक्टर वी बी जिंदल प्रेस कोर्डिनेटर डॉक्टर नवनीत वर्मा एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे ।

# प्रधानमंत्री की नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रस्तावित रैली को सफल बनाने के लिए जेवर विधायक का जनसंपर्क अभियान तेज"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आयोजित प्रस्तावित रैली को सफल बनाने के लिए जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। एयरपोर्ट के शीघ्र उद्घाटन को

- **नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के शीघ्र उद्घाटन को लेकर क्षेत्र में उत्साह, जेवर विधायक लगातार कर रहे हैं दौरे**
- **युवाओं के सपनों की उड़ान को मिलेगी नई दिशा, जेवर में विकास कार्यों की रफ्तार तेज**
- **जेवर के ग्राम रामपुर बांगर, रामनेर व बनवारीपुर में जनसंपर्क कर रैली की तैयारियां शुरू**

लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही नोएडा






अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का लोकार्पण करने जा रहे हैं। यह एयरपोर्ट न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा, बल्कि नौजवानों की सपनों की उड़ान को भी नई ऊंचाई प्रदान करेगा। सोमवार को जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने ग्राम रामपुर बांगर, रामनेर और बनवारीपुर का दौरा कर लोगों को प्रस्तावित रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि "यह ऐतिहासिक अवसर पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि जब एशिया के सबसे उभरते हुए एयरपोर्ट का उद्घाटन हमारे जेवर में होने जा रहा है।

उन्होंने क्षेत्रवासियों के उत्साह और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि जेवर विकास के नए अध्याय लिखने को तैयार है।

## ब्लाक मुख्यालय लखावटी पर ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारीयों ने जताया आक्रोश

# आनलाईन हाजरी आदेश के विरोध में काली पट्टी बांध कर जताया विरोध

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ब्लाक मुख्यालय लखावटी पर ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारीयों ने बाजूओं पर

**समान कार्यप्रणाली लागू करने की मांग**

काली पट्टी बांध कर आन लाइन हाजिरी लगाये जाने के सरकारी आदेश पर गहरा रोष जताया। उनका कहना है कि आदेश भेदभाव आधारित है। आन लाइन हाजरी का आदेश सभी सम स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों पर बिना किसी विभाग भेदभाव किए लागू किया जाना चाहिए अकेले ग्राम पंचायत व ग्राम विकास विभाग पर ही क्यों? ग्राम पंचायत अधिकारी/ ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति उत्तर प्रदेश के केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर सोमवार को ब्लॉक लखावटी मुख्यालय पर सभी ग्राम पंचायत सचिव ग्राम्य विकास सचिवों ने काली पट्टी बांध कर काम करना शुरू किया। समिति प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह के आवाहन पर यह विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया है जो कि पांच दिसंबर तक चलेगा। उसके बाद ब्लाक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा और अधिकारियों को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया



जायेगा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आन लाइन हाजिरी का आदेश उनके स्तर के सभी अधिकारियों कर्मचारियों पर समान रूप से लागू किया जाये तभी यह आदेश स्वीकार्य होगा। पांच दिसंबर के बाद सभी निजी वाहन प्रयोग नहीं करेंगे और पंद्रह दिसंबर से कलम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जायेगी।


# नॉएडा प्राधिकरण पर 150 करोड़ बकाया, कब होगा ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नॉएडा।** भंगेल एलिवेटेड रोड को ट्रायल रन के लिए खोल दिए जाने के बाद भी समस्याएं बनी हुई हैं, इसके नीचे बनी ग्रामीण क्षेत्रों की सबसे

**नोवरा अध्यक्ष डॉ रंजन तोमर को आरटीआई में ब्रिज कारपोरेशन ने दिया जवाब**

बड़ी मार्केट जिनमें भंगेल,सलारपुर एवं बरोला शामिल है उनमें जनता नागरिक समस्याओं से पीड़ित है , रास्ते एवं नाली टूटे हुए हैं , कहीं पानी बह रहा है तो कहीं कोई समस्या है , मार्किट पिट चुकी है , अब ग्रामीणों को उम्मीद जगी थी की एलिवेटेड रोड शुरू होने से जल्द ही रोड आदि बन जायेगा , लेकिन आरटीआई के जवाब से चीजें फिरसे उलझती दिख रही हैं। नॉएडा प्राधिकरण और ब्रिज कारपोरेशन में



विवाद , 500 करोड़ पहले मिले , 150 बाकी नॉएडा विलेज रेसिडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ तोमर के सवाल के जवाब में उत्तर प्रदेश ब्रिज कारपोरेशन ने कहा है की 'वर्तमान में नॉएडा प्राधिकरण पर मूल्य वृद्धि , जीएसटी का अंतर एवं माह जून 2025 जुलाई 2025, अगस्त एवं सितम्बर 2025 को किये गए कार्य मूल्य का भुगतान लगभग 150 करोड़ बकाया है। हालाँकि कारपोरेशन का कहना है की बचे हुए भुगतान के कारण नीचे का कार्य नहीं रुका है, लेकिन सच इससे परे लगता है, इस जवाब से कई सवाल उठते नजर आ रहे हैं , एक तो की परियोजना का खर्चा 608 करोड़ रुपए नहीं 650 करोड़ रुपए तक पहुँच चुका है, इसके अलावा जबतक प्राधिकरण और ब्रिज कारपोरेशन के बीच की यह तकरार समाप्त नहीं होती तब तक ग्रामीणों को ही समस्याओं को झेलना होगा।

**मुख्यमंत्री एवं विधायक करें हस्तक्षेप**

नोवरा ने मांग की है की क्यूंकि दोनों पक्ष सरकारी उपक्रम हैं ऐसे में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी एवं नॉएडा विधायक श्री पंकज सिंह जी इस विषय में हस्तक्षेप कर जल्द से जल्द इस समस्या का पटाक्षेप करवाएं।

# विश्व एड्स दिवस: जागरूकता से ही बदलती है सोच

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शिकारपुर में कल्याण सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज, बुलंदशहर के छात्रों द्वारा एक विशेष जन-




जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एक स्वास्थ्य वार्ता से हुई, जिसमें एम बी बी एस द्वितीय वर्ष के छात्रों (सूरज, श्रुति, सिमरन, सौम्या, सृष्टि, तनु) व असिस्टेंट प्रोफेसर (डॉ अंकिता सिंह, डॉ स्वाति सारस्वत) जूनियर रेजिडेंट (डॉ आजेंद्र मालिक) ने एचआईवी के कारण, फैलने के तरीके, शुरूआती लक्षण, रोकथाम के उपाय, सुरक्षित यौन व्यवहार, स्वच्छ सुई के प्रयोग तथा निःशुल्क जांच एवं उपचार की उपलब्धता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

स्वास्थ्य वार्ता के उपरांत एक जागरूकता रैली निकाली गई, जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के क्षेत्रों से होते हुए पुनः केंद्र पर समाप्त हुई। रैली के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ शशि शेखर सिंह भी मौजूद रहें। इस वर्ष की थीम के अनुरूप छात्रों ने पोस्टर, बैनर और नारों के माध्यम से लोगों को ह्लजानकारी ही सुरक्षा हैह्व, ह्लएड्स से बचाव झ जांच और जागरूकताह्व जैसे संदेश दिए। आम जनता, मरीजों और स्टाफ ने भी इस पहल में सक्रिय भागीदारी दिखाई। यह कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा।

# आई.टी.एस.स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में मार्केटिंग समिट:2025 का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** आई.टी.एस. स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहन नगर में पीजीडीएम (2025-27) एवं (2024-26) सत्र के छात्रों के लिए जेन अल्फा के युग में मार्केटिंगः ग्राहक सहभागिता का नया आयाम विषय पर मार्केटिंग समिट- 2025 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आई.टी.एस.झद एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन में द्रोणाचार्य ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी। आई. टी. एस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने समिट के आयोजकों को बधाई दी और समिट की सफलता की कामना की। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुदित अग्रवाल (संस्थापक एवं सीईओ, एग्रीम टेक सर्विसेज), गेस्ट ऑफ ऑनर नीरज मलिक (होल टाइम डायरेक्टर एवं बोर्ड सदस्य, एपटेक लिमिटेड), प्रो. डॉ. अजय कुमार (निदेशक, आई.टी.एस. स्कूल ऑफ मैनेजमेंट), प्रो. दुर्बा रॉय (एसोसिएट वीपी झ सीआरसी), डॉ. अनुषा अग्रवाल (चेयरपर्सन, पीजीडीएम), डॉ. सुनील पांडे (निदेशक, आईटीएस, गाजियाबाद), तथा डॉ. नैन्सी शर्मा (प्रिंसिपल, आई.टी.एस. यूजी कैंपस) द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से संपन्न किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय कुमार ने गणमान्य अतिथियों को पौधा, स्मृति चिह्न एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में जेन अल्फा की विशेषताओं, जेन जेड और जेन अल्फा के बीच प्रमुख अंतर, जेन अल्फा के बढ़ते प्रभाव, मार्केटिंग 5.0 के युग तथा नई मार्केटिंग रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर नीरज मलिक ने ह्लडिजिटल नेटिव से एआई नेटिव की ओर बदलावह्व विषय पर अपना विचार साझा किया। उन्होंने जेन अल्फा की जनसंख्या, उनकी खर्च करने की क्षमता, मोबाइल उपयोग तथा निर्णय क्षमता के आधार पर इसे भविष्य का प्रभावशाली उपभोक्ता वर्ग बताया। इसके बाद मुदित अग्रवाल ने छात्रों से मार्केटिंग पर चर्चा शुरू कर ग्राहक अनुभव के महत्व एवं 4 पी के जेन जेड और जेन अल्फा के संदर्भ में बदलते स्वरूप पर विचार साझा किए। उद्घाटन सत्र का




समापन समूह फोटो एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। प्रथम पैनल सत्र का संचालन डॉ. प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ने किया, जिसमें पैनलिस्ट विशाल तलवार, सीओओ, यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्पटनसुश्री अदिति मिश्रा, सीईओ, लोडस्टार यूएमगुरमीत सिंह चुग, चेयरमैन, ट्रांसल्यूमिना थेरेप्यूटिक्स गौरव गुप्ता, एवीपी, साइबरमीडिया एवं गगन शर्मा, कंट्री मैनेजर, एयर मॉरिशस ने भाग लिया ।

प्रो. डॉ. अजय कुमार ने सभी पैनलिस्टों का स्वागत किया। चर्चा की शुरूआत श्री विशाल तलवार ने जेन अल्फा को प्रभावी ढंग से मार्गदर्शित करने पर विचार रखते हुए की। सुश्री अदिति मिश्रा ने कोविड का जेन अल्फा पर प्रभाव, स्थिरता (सस्टेनेबिलिटी) के प्रति उनकी दृष्टि तथा फैशन उद्योग पर इसके प्रभाव पर चर्चा की।श्री गुरमीत सिंह चुग ने स्थिरता को लाभप्रदता का मार्ग बताते हुए कहा कि ह्लजेन अल्फा चलने से पहले स्वाइप करना सीखती है ।ह्व उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र के अनुभव साझा किए व डिजिटल दुनिया में प्रामाणिकता की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। श्री गगन शर्मा ने विमानन उद्योग में सस्टेनेबिलिटी की चुनौतियों व भारतीय उपभोक्ताओं की मूल्य संवेदनशीलता पर चर्चा की। गौरव गुप्ता ने जेन जेड और जेन अल्फा के व्यवहारिक एल्गोरिद्म, कार्बन फुटप्रिंट, डिजिटल इकोसिस्टम तथा एआईझएआर की भूमिका पर विचार साझा किए।

## निरीक्षण | पुनरीक्षण अभियान को मिली नई गति, हर पात्र नागरिक को मतदाता सूची से जोड़ने की मुहिम और तेज

# डीएम ने शीला फोम एवं बेनेट यूनिवर्सिटी में स्पेशल कैम्प का किया निरीक्षण

**अब्दुल सलाम**
**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गौतमबुद्धनगर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की प्रभावशीलता को बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा स्थित शीला फोम इंडस्ट्री और बेनेट यूनिवर्सिटी में संचालित स्पेशल कैम्प का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों स्थानों पर शिविरों की व्यवस्थाओं, फॉर्म स्वीकार केंद्रों, मतदाता सूची खोज सुविधा, बीएलओ तैनाती और नागरिक सहभागिता का विस्तृत अवलोकन करते हुए यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि कोई भी पात्र नागरिक नाम जोड़ने या संशोधन कराए बिना न रह जाए। इसी दिशा में उद्योगों, मीडिया हाउसों, शिक्षण संस्थानों, आरडब्ल्यूए/एओए तथा लेबर सेक्टरों में बड़े संख्या में शिविर संचालित किए जा रहे हैं। शीला फोम इंडस्ट्री में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने श्रमिकों से संवाद कर नामांकन, संशोधन एवं सत्यापन प्रक्रियाओं की वास्तविक स्थिति जानी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी श्रमिक को दस्तावेजी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो और निर्वाचन संबंधी सभी सुविधाएं उनके कार्यस्थल पर ही सहजता से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि उद्योग क्षेत्रों में लगाए जा रहे ये विशेष शिविर अभियान की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और श्रमिक वर्ग की सक्रिय भागीदारी एक सकारात्मक संकेत है।इसके बाद जिलाधिकारी ने बेनेट यूनिवर्सिटी में स्थापित शिविर का निरीक्षण किया और छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रथम बार मतदाता बनने वाले विद्यार्थियों को उत्साहपूर्वक अभियान से जोड़ा जाए, क्योंकि





युवाओं की सहभागिता मजबूत लोकतंत्र का आधार है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में संचालित शिविर नामांकन और संशोधन प्रक्रिया को और अधिक सुगम व प्रभावी बना रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि सभी शिविरों में प्रपत्र 6, प्रपत्र 8 सहित एन्यूमरेशन फॉर्म स्वीकार किए जा रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण सक्रिय अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची की त्वरित खोज सुविधा, वेबसाइट, पीडीएफ सूचियां तथा प्रशिक्षित बीएलओ टीम के माध्यम से नागरिकों को तुरंत सेवा प्रदान की जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी बूथ का फॉर्म किसी भी शिविर में जमा किया जा सकता है, जिससे नागरिकों को अनावश्यक यात्रा से मुक्ति मिलती है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर शिविर में नागरिकों को पूर्णतः पारदर्शी, सुगम और सहज सेवा उपलब्ध रहे।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार सदर प्रतीक चौहान, नायब तहसीलदार सदर ज्योत्सना सिंह और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरटीई चयन प्रक्रिया से पूर्व बेसिक शिक्षा विभाग दुरुस्त करे खामियां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद, (आशा चौधरी)।** दिनांक सत्र 2026-27 के तहत राइट टू एजुकेशन एक्ट (आरटीई) की चयन प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व पेरेंट्स एसोसिएशन ने बेसिक शिक्षा विभाग की लगातार रही खामियों और लापरवाहियों पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े किए हैं। एसोसिएशन के सचिव अनिल सिंह ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अगर विभाग ने वही गलतियाँ दोहराईं तो गरीब, दुर्बल तथा आलाभीत वर्ग के बच्चों को स्कूलों में दाखिला लेने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि गलत मैपिंग और समय पर प्रोसेस न होने के कारण प्रतिवर्ष सैकड़ों बच्चे प्रवेश से वंचित रह जाते हैं, जो कि शिक्षा विभाग की गंभीर लापरवाही को दशार्ता है।इस लापरवाही का परिणाम यह होता है कि बच्चों को शिक्षा का मौलिक अधिकार नहीं मिल पाता और आरटीई अधिनियमझ2009 का उद्देश्य मजाक बनकर रह जाता है। बाद में विभाग द्वारा नोटिस जारी किए जाते हैं, लेकिन तब तक प्रवेश प्रक्रिया समाप्त



हो जाती है और बच्चे स्कूल से बाहर रह जाते हैं अभिभावकों की गुहार सुनते हुए पेरेंट्स एसोसिएशन लगातार आवाज उठाता रहा है। एसोसिएशन ने जिला प्रशासन की मदद से कई वंचित बच्चों के दाखिले सुनिश्चित कराए हैं। इन्हीं मुद्दों और अनियमितताओं को लेकर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल आज अपर जिलाधिकारी (एडीएम) गाजियाबाद से मिला और विस्तारपूर्वक उन्हें बेसिक शिक्षा विभाग की खामियों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी निवेदन किया कि यदि आवश्यक हो तो गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन आरटीई चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारु बनाने के लिए विभाग को सहयोग प्रदान करने को तैयार है।इस दौरान जीपीए आरटीई प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने भी आश्वासन दिया कि वह प्रक्रिया को बेहतर बनाने में विभाग की पूरी मदद करने के लिए तत्पर हैं।

अपर जिलाधिकारी सिटी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता कर सभी खामियों को तत्परता से दुरुस्त करने के लिए निर्देश देंगे।बैठक के दौरान कौशलेंद्र ठाकुर, राजू सैफी, नरेश कुमार, रामभूल पाल, नवीन राठौर, धर्मेंद्र यादव, मनीष, नवीन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# शिक्षा के बाजारीकरण को रोकने के लिए अभिभावकों को होना होगा एकजुट : सीमा त्यागी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** देश मे शिक्षा का बाजारीकरण तेजी से बढ़ रहा है जिसके कारण शिक्षा आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही है एक तरफ जहां पिछले कुछ सालों में देश में 90 हजार से ज्यादा सरकारी स्कूलों को बंद किया गया है वहीं दूसरी तरफ प्राइवेट स्कूलों की बाढ़ सी आ गई है इन प्राइवेट स्कूलों द्वारा अभिभावकों से किताब कॉपी , स्टेशनरी,यूनिफॉर्म मेंटीनेंस चार्ज,ऐसी चार्ज,वार्षिक शुल्क , लैंब चार्ज और मोटी फीस के नाम पर खुलकर लूट की जा रही है अपने नौनिहालों को अच्छी शिक्षा दिलाने के नाम पर अभिभावक इन निजी स्कूलो के हाथों लूटने के लिए मजबूर हैं क्योंकि अधिकतर सरकारी स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है किसी स्कूल में शिक्षक नहीं है तो किसी स्कूल की बिल्डिंग खराब है किसी स्कूल में बच्चो के बैठने के लिए डेस्क और पढ़ने के लिए बोर्ड नहीं है तो किसी में बिजली और पानी की व्यवस्था नहीं है यही कारण की अभिभावकों ने तेजी से निजी स्कूलों की तरफ रुख किया और अब वर्तमान परिवेश में अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए अभिभावक अब निजी स्कूलों के लिए एक ग्राहक बन कर रह गया है सरकार चाह कर भी शिक्षा के बाजारीकरण पर रोक लगाने में असफल है क्योंकि बड़े बड़े निजी स्कूल मालिकों की पिछले कुछ वर्षों में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से राजनीति में मजबूत पकड़ बनी है जिसका उदाहरण है कि उत्तर प्रदेश में बड़े जोर से निजी स्कूलों की लुट को रोकने के वर्ष 2018 में फीस अधिनियम बनाया गया लेकिन प्रदेश के निजी स्कूलों के दबाव में आज तक इस बिल का लाभ अभिभावकों को नहीं मिल सका ।

**शिक्षा को व्यापार बनने से रोकने के लिए सरकार उठाए सख्त कदम**

# संतोष मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल्स,संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी एवं PCMA द्वारा डॉक्टर सम्मान समारोह भव्य रूप से सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** संतोष मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल्स, संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी तथा PCMA (प्राइवेट चिकित्सक मेडिकल एसोसिएशन) के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 30 नवंबर 2025 को एम.एम. डिग्री कॉलेज, मोदीनगर के सभागार में भव्य डॉक्टर सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्देश्य क्षेत्र के समर्पित एवं सेवाभावी चिकित्सकों को सम्मानित करना और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में उनके निरंतर योगदान की सराहना करना रहा। सैकड़ों चिकित्सकों ने दर्ज करायी सहभागिता इंदिरापुरम, वैशाली, वसुंधरा, राजनगर, विजय नगर, मोहननगर, साहिबाबाद, मोदीनगर, मुरादनगर, मसूरी, लोनी, डासना, धौलाना, हापुड़ समेत




गाजियाबाद जनपद के विभिन्न क्षेत्रों तथा गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, मेरठ, अमरोहा और मुजफ्फरनगर से आए लगभग 600 चिकित्सकों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों से डॉक्टरों की इतनी बड़ी उपस्थिति ने इस समारोह को और अधिक प्रभावशाली एवं सार्थक बनाया। उपस्थित चिकित्सकों ने संतोष हॉस्पिटल की स्वास्थ्य सेवाओं और उसकी सामाजिक प्रतिबद्धता पर गहरा विश्वास व्यक्त किया। चिकित्सकों का सम्मान समर्पण को मिली प्रतिष्ठा समारोह में उपस्थित चिकित्सकों को जनरल मैनेजर मार्केटिंग डॉ. श्वेता चौधरी तथा ढउटअ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एस. के. शर्मा द्वारा सम्मान-पत्र एवं प्रतीक-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में लगे डॉक्टर अपने ज्ञान, दायित्व और निस्वार्थ सेवा के माध्यम से समाज के स्वास्थ्य को सुरक्षित और मजबूत बनाते हैं। संतोष हॉस्पिटल की सेवाओं की सराहना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेडिकल डायरेक्टर डॉ. मनीष सब्बरवाल ने कहाडॉक्टर समाज के स्वास्थ्य तंत्र की सबसे मजबूत कड़ी हैं।

# काईट और आईबोटिक्स टेक्नोलॉजीज के बीच समझौता ज्ञापन-एआई एवं इंटेलिजेंट ऑटोमेशन लैब की स्थापना का शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** काईट डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद ने 28 नवंबर 2025 को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटेलिजेंट ऑटोमेशन में एक इंडस्ट्री-इंटीग्रेटेड लैब बनाने के लिए आईबोटिक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। काईट के कंप्यूटर एप्लीकेशन डिपार्टमेंट द्वारा शुरू किया गया यह सहयोग, इंडस्ट्री-एकेडेमिया पार्टनरशिप को मजबूत करने और प्रैक्टिकल, हैंड्स-ऑन लर्निंग के जरिए स्टूडेंट्स को नई टेक्नोलॉजी के बारे में बताने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह सहयोग उद्योगझशिक्षा संबंधों को मजबूत बनाने और छात्रों को उभरती हुई तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एमओयू हस्ताक्षर एवं लैब उद्घाटन कार्यक्रम में आईबोटिक्स



टेक्नोलॉजीज की ओर से श्री आदित्य सिंह (फाउंडर), श्री नीरज दूबे (सी०टी०ओ) और सुश्री शिवाली (निदेशक मानव संसाधन) तथा काईट की ओर से डॉ. मनोज गोयल (कार्यकारी निदेशक), डॉ. आदेश पांडे (निदेशक -एकेडेमिक्स), डॉ. सचिन मल्होत्रा (डीन, कंप्यूटर एप्लीकेशन्स), डॉ. अभिनव जूनजा (निदेशक - कॉर्पोरेट संबंध और प्लेसमेंट सेल) और डॉ. आशीष कर्णवाल (डीन, मैकेनिकल विभाग) उपस्थित रहे। इस समझौते के तहत आईबोटिक्स टेक्नोलॉजीज छात्रों एवं संस्थान को प्रशिक्षण एवं कौशल विकास कार्यक्रमों, विशेषज्ञ-निर्देशित कार्यशालाओं, प्रमाणन कार्यक्रमों, तथा उन्नत उपकरणों एवं इंडस्ट्री-ग्रेड सॉफ्टवेयर तक पहुंच उपलब्ध कराएगा।

कंपनी इंटर्नशिप एवं प्री-प्लेसमेंट अवसर, उद्योग भ्रमण, विशेषज्ञ वार्ताएं, लाइव डेमोंस्ट्रेशन और वास्तविक परियोजनाओं व कैपस्टोन असाइनमेंट के लिए मेंटरिंग भी प्रदान करेगी। इसके अलावा, आईबोटिक्स टेक्नोलॉजीज, काइट के विभिन्न संस्थागत आयोजनों–जैसे सेमिनार, हैकाथॉन, सम्मेलन व नवाचार संबंधी कार्यक्रमों–में भी सक्रिय सहयोग देगा। यह पहल एमसीए विभाग के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक समृद्ध बनाएगी, नवाचार-आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करेगी तथा छात्रों को एआई, ऑटोमेशन और इंटेलिजेंट सिस्टम्स के क्षेत्र में भविष्य उन्मुख करियर भूमिकाओं के लिए सक्षम बनाएगी।

## राजनगर फ्लाईओवर से 50 फीट नीचे गिरी कार: पिता की मौत, बेटा घायल पीडब्ल्यूडी कार्यालय परिसर पर जा गिरी कार

# राजनगर फ्लाईओवर से 50 फीट नीचे गिरी कार: पिता की मौत,बेटा घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार राजनगर फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़कर करीब 50 फीट नीचे पीडब्ल्यूडी कार्यालय परिसर में जा गिरी। हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि कार चला रहा बेटा गंभीर रूप से घायल हुआ। पुलिस का कहना है कि नींद की झपकी हादसे की प्रमुख वजह लगती है। फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़कर गिरी कार करीब तीन बजे अचानक आई तेज आवाज से आसपास के लोग चौंक गए। पुलिस के अनुसार कार तेज रफ्तार में थी और राजनगर फ्लाईओवर पर अचानक अनियंत्रित हो गई। वाहन लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए 50 फीट नीचे पीडब्ल्यूडी कार्यालय परिसर में जा गिरा। जोरदार टक्कर के कारण कार बुरी तरह चकनाचूर हो गई। कार में थे पिता-पुत्र, पिता की मौत कार में दो लोग प्रिंस और उनके पिता राकेश सवार थे, जो जग्रति विहार, संजय नगर के निवासी बताए गए हैं। कार प्रिंस चला रहा था। हादसे के तुरंत बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को गंभीर हालत में यशोदा अस्पताल भेजा गया।



थाना सिहानी गेट के प्रभारी ने बताया कि इलाज के दौरान राकेश ने दम तोड़ दिया, जबकि बेटा प्रिंस फिलहाल खतरे से बाहर है। नींद की झपकी बनी वजह प्रारंभिक जांच में पुलिस ने आशंका जताई है कि प्रिंस को अचानक नींद की झपकी आई, जिससे कार पर नियंत्रण हट गया। रात के समय तेज रफ्तार और थकान की वजह से ऐसे हादसे लगातार बढ़ रहे हैं। जिस तरह कार ने रेलिंग तोड़कर नीचे गिरने से पहले कई मीटर तक घिसटते हुए टक्कर मारी, उससे रफ्तार का अंदाजा लगाया जा सकता है।पुलिस जांच जारी थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। कार को कब्जे में लेकर उसकी तकनीकी स्थिति की भी जांच कराई जाएगी, ताकि दुर्घटना की सभी परिस्थितियाँ स्पष्ट हो सकें। पुलिस ने लोगों को देर रात वाहन चलाते समय सतर्क रहने और थकान को हल्के में न लेने की सलाह दी है।

# 91 वें वार्षिकोत्सव पर आर्य सम्मेलन सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गुरुकुल गौतम नगर के वार्षिकोत्सव पर आर्य सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता वैदिक विद्वान आचार्य धर्मपाल शास्त्री (आर्य समाज थापर नगर मेरठ)) ने की। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि यह आजादी ऐसे ही चरखे तकली से नहीं मिल गई अपितु नौजवानों ने इसके लिए बलिदान दिए हैं।स्वामी दयानन्द सरस्वती ने सबसे पहले स्वराज का आह्वान किया था उन्होंने कहा था कि चाहे कोई कितना ही करे

**शहीदों के जीवन से युवा प्रेरणा ले-राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**




परंतु स्वदेशी राज्य सर्वोत्तम है।आज दुर्भाग्य पूर्ण बात है कि शिक्षा के केन्द्रों में देश विरोधी नारे लग रहे हैं।युवाओं को शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र रक्षा का संकल्प लेना चाहिए।उल्लेखनीय है कि 19 दिसम्बर को पं. रामप्रसाद बिस्मिल और 23 दिसम्बर को स्वामी श्रद्धानन्द जी का बलिदान दिवस है।आचार्य राजवीर शास्त्री ने वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम का कुशल संचालन दक्षिण दिल्ली वेद प्रचार मंडल के महामंत्री रवीन्द्र आर्य ने किया।आचार्य मुकेश शास्त्री व अशोक शास्त्री के मधुर भजन हुए।मंडल के प्रधान आर्य रवि देव गुप्त ने सभी का धन्यवाद किया एवं स्वामी प्रणवानंद सरस्वती ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। प्रमुख रूप से राजेश मेहंदीरता, अतुल सहगल, प्रवीण झा, जितेन्द्र डावर, राजेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र गुप्ता, धर्मवीर पवार, स्वदेश शर्मा, अतुल अरोड़ा, विद्या भूषण गुप्ता, देवेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश यजुर्वेदी, अर्चना पुष्करना, डॉ. निखिल आर्य,सत्यपाल सैनी, श्रीकांत शास्त्री आदि उपस्थित थे।

# विश्व एड्स दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश स्टेट एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निर्देशानुसार जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल यादव के नेतृत्व वे एक एड्स जागरूकता रैली का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश स्टेट एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निदेर्शानुसार जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल यादव के नेतृत्व वे एक एड्स जागरूकता रैली का आयोजन शंभू दयाल पी जी कॉलेज के एनसीसी एवं एन एस एस कैडेट्स के द्वारा निकली गई। रैली को जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल यादव के द्वारा हरि झाड़ी दिखा कर रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में शंभू दयाल पी जी कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर कमलेश भारद्वाज द्वारा सभीक उत्साहवर्धन करते हुए रैली का नेतृत्व किया गया। इस कार्यक्रम में उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ नेहा गोस्वामी ने सभी को संबोधित करते हुए एचआईवी एवं एड्स के



बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला टीबी एचआईवी कॉर्डिनेटर निधि त्रिखा द्वारा सहयोगी संस्थाओं नेहरू युवा ग्रामीण महिला विकास मंच की संगीता दुबे, भागीरथ सेवा संस्थान के सतेंद्र शर्मा तथा नेचुरल्स केयर के भरत चौहान के सहयोग से समन्वय किया गया। इस अवसर पर एम एम जी अस्पताल के राहुल वर्मा एवं प्रीति शर्मा द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के पश्चात जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल यादव द्वारा प्रिंसिपल प्रोफेसर कमलेश भारद्वाज जी को धन्यवाद प्रेषित करते हुए उपस्थित जनसमूह एवं युवाओं को जीवन में संयम के महत्व एवं इस अध्याय रोग के प्रति जागरूकता के महत्व के बारे में बताया गया।

# कविनगर नगर निगम के पानी के टैंकर ने कुचला,मौके पर मौत,पुरानी रंजिश से हत्या की आशंका

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कविनगर थाना क्षेत्र के रजापुर में रविवार दोपहर उस समय कोहराम मच गया जब गाजियाबाद नगर निगम के पानी के टैंकर ने बाइक सवार 25 वर्षीय शिवम चौधरी को कुचल दिया। शिवम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के पिता कृष्णपाल सिंह बुलंदशहर में सब-इंस्पेक्टर (दरोगा) हैं और वर्तमान में बुलंदशहर एसएसपी की गाड़ी के ड्राइवर हैं। इससे पहले वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की फ्लीट में भी तैनात रह चुके हैं। घटना से हुई परिजनों के अनुसार, शिवम दोपहर करीब 2:30 बजे अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। घर से महज 100 मीटर की दूरी पर नगर निगम का पानी छिड़काव कर रहा टैंकर अचानक तेज रफ्तार से आया और शिवम को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि शिवम दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

हादसे के बाद आरोपी चालक टैंकर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मृतक शिवम की



फाइल फोटो




पुरानी रंजिश, हत्या की आशंका गहराई सबसे बड़ी बात यह है कि टैंकर का चालक भी रजापुर गांव का ही रहने वाला बताया जा रहा है। मृतक शिवम के परिवार और चालक के परिवार में काफी समय से आपसी रंजिश चल रही है। इस वजह से परिजनों ने हादसे को सुनियोजित हत्या करार दिया है।

**परिजनों का कहना है कि चालक ने जानबूझकर शिवम को निशाना बनाया।**

**परिवार में इकलौता बेटा था शिवम**

शिवम परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी शादी दो साल पहले हुई थी और बहन की शादी अभी महज 20 दिन पहले हुई थी। दुकानों व कमरों के किराए से परिवार का गुजारा चलता था। शिवम की मौत की खबर मिलते ही पूरे घर में मातम छा गया। मां बार-बार बेहोश हो रही प्रथम दृष्टया यह सड़क हादसा लग रहा है। नगर निगम का टैंकर पानी का छिड़काव करते हुए जा रहा था। चालक मौके से फरार है, उसकी तलाश की जा रही है। परिवार ने पुरानी रंजिश का हवाला दिया है, इसलिए सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

पुलिस ने टैंकर को कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए दबिश शुरू कर दी है। इलाके में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। परिजनों ने आरोपी चालक की तत्काल गिरफ्तारी और हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

यह दर्दनाक हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और पुरानी रंजिशों को अंजाम दिया यह तो पूरा मामला जांच के बाद ही पता चला।

**मांग पत्र**

## पत्रकारों की सेहत के लिए बड़ा कदम

# आइएमए एसोसिएशन ने सौंपा मुफ्त या रियायती दरों पर इलाज के लिए मांग पत्र

**बुलन्द संदेशज्ञ ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** देश के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों के स्वास्थ्य की अनदेखी को लेकर एक्टिव जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने बड़ा कदम उठाया है। सोमवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष जर्नलिस्ट अपूर्वा चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) गाजियाबाद की अध्यक्षा डॉ. अल्पना कंसल और सचिव डॉ. राजीव त्यागी को औपचारिक मांग-पत्र सौंपा। इस मौके पर आइएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश के नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल और आइएमए की जिला उपाध्यक्षा डॉ. अर्चना शर्मा भी मौजूद रहीं। मांग-पत्र में पत्रकारों एवं उनके आश्रित परिवारजन के लिए गाजियाबाद के सभी आइएमए से संबद्ध अस्पतालों, नर्सिंग होम्स व क्लीनिकों में निम्नलिखित सुविधाएं देने का अनुरोध किया गया है: 1.वैध प्रेस कार्ड या एसोसिएशन द्वारा जारी परिचय-पत्र दिखाने पर कार्यरत एवं सेवानिवृत्त पत्रकारों तथा उनके पति/पत्नी, बच्चों व माता-पिता को डढऊ-क्ढऊ में पूरी तरह मुफ्त या अत्यधिक रियायती दरों पर इलाज।

2 दवाइयों, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी (एक्स-रे, सीटी, एमआरआई आदि) व अन्य डायग्नोस्टिक जांचों में न्यूनतम 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट। 3 आपातकालीन स्थिति में तत्काल भर्ती और प्राथमिकता के साथ उपचार। अध्यक्ष अपूर्वा चौधरी ने कहा कि पत्रकारिता एक जोखिम भरा और तनावपूर्ण पेशा है। अनियमित जीवनशैली, फील्ड में लगातार जोखिम, लंबे कार्य-घंटे और कोविड काल में सैकड़ों पत्रकारों की बलिदान के बावजूद अधिकांश पत्रकारों के पास कोई स्वास्थ्य बीमा या संस्थागत चिकित्सा सुविधा नहीं है। निजी अस्पतालों की भारी फीस उनके लिए




बोझ बन जाती है आइएमए गाजियाबाद की अध्यक्षा डॉ. अल्पना कंसल ने पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कहा कि पत्रकार समाज के लिए दिन-रात खपते हैं, उनकी सेहत का ध्यान रखना हमारा दायित्व है। उन्होंने मांग-पत्र पर शीघ्र विचार करने और सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर ज्ञान भारद्वाज, कपिल मेहरा, कपिल गर्ग, पंकज शर्मा, प्रदीप तिवारी, मनोज प्रजापति, अली मेहंदी सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे। सभी ने उम्मीद जताई कि आइएमए गाजियाबाद इस न्यायोचित मांग को जल्द स्वीकार करेगा और लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण स्तंभ की सेहत की रक्षा में सहयोग देगा।

# महापौर ने शहर के सौंदर्यीकरण के लिए अधिकारियों के साथ की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी) ।** महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर की सुंदरता पर विशेष कार्य किया जा रहा है महापौर स्वम रुचि लेकर इसपर कार्य कर रही हैं जिसके अंतर्गत आज महापौर ने अधिकारियों के साथ बैठक भी की जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक,अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार,उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश कुमार सिंह मौजूद रहे। बैठक में महापौर द्वारा शहर में चल रहे सौन्दर्यकरण की विस्तृत जानकारी ली गयी और पूर्व में दी गयी निविदाओं के विषय मे भी जानकारी ली गयी, साथ ही शहर के 4 प्रमुख चोहराहो के सौन्दर्यकरण के विषय एवं प्रवेश द्वारों के विषय मे भी जानकारी ली गयी जिसमे बताया गया कि 20-20 फीट के स्कल्पचर का चिन्हीकरण किया जा चुका है अब लगाने की कार्यवाही अमल में लायी जाएगी और इसी प्रकार से शहर में भव्य गेट के निर्माण का कार्य भी शुरू किया जाना है जिसमे सबसे अधिक महत्वपूर्ण गेट एलिवेटिड गेट होगा जिसके पूर्व में नामकरण भी किया जा चुका है।महापौर द्वारा बताया गया कि शहर के सौंदर्यीकरण हेतु सभी अधिकारियों को मत भी एक है और इसी कार्ययोजना के साथ हर अपने शहर को साफ व सुन्दर बनाएंगे जिसके लिए नगर निगम हमेशा तत्पर है और शहर में भव्य गेट बनाये जाने की कार्यवाही भी प्रारंभ हो चुकी है जिसमें एक गेट शहर में ऐसा होगा जो बाहर से आने वाले आंगतुकों को श्री राम मंदिर के निर्माण की याद दिलाएगा।

औरतों के लिए पर्दे का खास इंतजाम

# रतुपुरा में जामिया उमर फारूक मदरसे का सालाना इजलास-ए-आम आज से शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली ब्लॉक के गांव रतुपुरा स्थित जामिया उमर फारूक में आगामी 2 दिसंबर 2025, मंगलवार को सुबह 9 बजे से सालाना इजलास-ए-आम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जामिया के पिछले एक वर्ष की गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की जाएगी और नए साल की योजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी। आयोजक कारी मोहम्मद इफ्तिखार कासमी ने बताया कि इजलास में तालीमी तरक्की, दीनावी खिदमात और जामिया के विस्तार से जुड़ी अहम बातें रखी जाएंगी। साथ ही, आगंतुकों के लिए सर्कात का पमाकूल इंतजाम सहित अन्य सुविधाओं के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।जामिया कमेटी ने बताया कि यह इजलास हर साल की तरह इस बार भी भव्य पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय उलेमा, समाजसेवी और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। आयोजन में औरतों के लिए पर्दे का खास इंतजाम किया गया है।अराकीन कमेटी, जामिया उमर फारूक, रतुपुरा ने आमजन से पुरखुलूस शिरकत की अपील की है।



# यातायात माह समापन समारोह का आयोजन : 84 वाहन सीज,7693 वाहनों का चालान कर वसूला 122500 रुपये का शमनः सीओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- यातायात माह में हजारों लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक
- ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों को जागरूक कराने के लिए करीब 18000 लोगों में बांटे पंपलेट
- मैरिनो इंडस्ट्रीज सहित अन्य संस्थाओं में कार्यशाला आयोजन कर लोगों को जागरूक किया

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय के निर्देश पर सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाने के उद्देश्य को लेकर जनपद में एक से 30 नवंबर यातायात माह मनाया गया। जिसमें ट्रैफिक पुलिस ने यातायात के नियम तोड? पर 7693 वाहनों का चालान व 84 वाहनों को सीज कर एक लाख 22 हजार 500 रुपये का शमन भी वसूल किया गया। इसके अलावा कार्यशालाएं आयोजन कर व पंपलेट वितरित कर लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरू किया गया। आपको बता दें कि विगत वर्षों की भांति गत वर्ष भी नवंबर माह में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात माह मना गया। जिसमें वाहन चालकों को ट्रैफिक के नियमों का पाठ पढ़ाया गया। साथ ही स्कूल कालेजों में जाकर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने छात्र छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी दी गयी। क्योंकि ट्रैफिक नियम तोड? में भारतीय टॉप हैं। नियमों को पालन नहीं करने पर उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों में मरने वालों की प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही हैं। इन हादसों में कमी लाने का ट्रैफिक पुलिस द्वारा भरकस प्रयास किये गये।

यातायात माह के समापन पर पिलखुवा में बनाये गये प्रशिक्षण सेंटर में समापन समारोह का आयोजन किया गया। सीओ ट्रैफिक जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि गत नवंबर मनाये गये यातायात माह में जनपद में यातायात के नियमों का पालन नहीं करने पर 7693 वाहनों के ई-चालान कर व 84 वाहनों को सीज कर एक लाख 22 हजार 500 रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया है। उन्होंने बताया कि कालेजों में यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कर छात्र छात्राओं को ट्रैफिक के नियमों की जानकारी दी। साथ ही उन्हें नियमों को पालन करने की शपथ भी दिलाया। इतना ही नहीं आम जनता को भी ट्रैफिक के नियमों की जानकारी देने के लिए जनपद में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर,पंपलैट वितरित कराये,अब देखना होगा कि ट्रैफिक पुलिस की मेहनत कितना रंग लाती हैं।





सीओ जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि यातायात माह के दौरान स्कूल कालेजों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

गौरतलब है,कि यातायात माह के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने गढ़मुक्तेश्वर गंगा मेले में करीब 50 हजार लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया।

# विश्व एड्स दिवस... एनसीसी कैडेट्स ने जागरूकता निकाली रैली,सीडीओ व सीएमओ ने संयुक्त रूप से दिखाई हरी झंडी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देशन में जनपद में सोमवार को विश्व एड्स दिवस पर शहर में एनसीसी कैडेट्स ने जागरूकता रैली निकाली। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार त्यागी द्वारा कोठी गेट चिकित्सालय परिसर से संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली पीपीसी कोठी गेट चिकित्सालय परिसर से मैंन मार्केट अतरपुरा चौपला होते हुए तहसील चौराहा से वापस चिकित्सालय परिसर में पहुंचकर रैली का समापन हुआ।






रैली में एनसीसी कैडेट्स द्वारा विभिन्न स्लोगन जैसे जन-जन को जगाना है,एड्स को भगाना है आदि का उद्घोष करते हुए एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा पोस्टर और पंपलेट का वितरण करते हुए लोगों को जागरूक किया गया। जागरूकता रैली में जनपद के विद्यालयों के एन0सी0सी कैडेट्स, स्वास्थ्य विभाग की टीमों एवं एस0एस0वी0 इंटर कॉलेज,दिल्ली पब्लिक स्कूल, एस0एस 0के 0इंटर कॉलेज एवम सी0टी0सी0इण्टर कॉलेज विद्यालयों के एन0सी0सी कैडेटस ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह,चिकित्सा अधीक्षक डॉ राकेश यादव,जिला पी 0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी,जिला पी 0एम0 डी0 टी/टी 0बी0 एच 0 आई 0वी0 कॉर्डिनेटर मनोज कुमार गौतम ,एस0एस0वी इंटर कॉलेज के लेफ्टिनेंट डॉ0 कपिल बिशला, आकाश मालवीय,दिल्ली पब्लिक स्कूल की वर्षा सैनी आदि मौजूद रहे।

# डीएम की टीम गठित,जिले में बाल श्रमिक करेंगी चिन्हित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मुख्यमंत्री के निदेशों के अनुपालन में प्रदेश को वर्ष 2027 तक बाल श्रम से मुक्त किये जाने हेतु लिये गये संकल्प के 15 दिवसीय बाल एवं किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन,अवमुक्तीकरण व पुनर्वासन हेतु अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी द्वारा बाल श्रमिकों को चिन्हित करने के लिए टीम का गठन किया गया है।

- बाल किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन,अवमुक्तीकरण व पुनर्वासन हेतु अभियान शुरूःसर्वेश
- एक से आगामी 15 दिसंबर तक चलेगा अभियान

सहायक श्रमायुक्त सर्वेश कुमार ने बताया कि जनपद एक दिसंबर से आगामी 15 दिसंबर तक 15 दिवसीय बाल एवं किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन, अवमुक्तीकरण व पुनर्वासन हेतु अभियान जारी किया गया है।





उन्होंने बताया कि बाल श्रम कराना एक दण्डनीय अपराध है तथा किसी भी प्रतिष्ठान द्वारा बाल श्रमिकों से कार्य कराया जाता है तो उनके विरूद्ध जुमार्ना एवं अभियोजन दायर करने की कार्यवाही की जायेगी। मुख्यमंत्री उ0प्र0 के संकल्प को पूरा करने हेतु जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय के स्तर से टीम गठित की गयी है।

सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि बाल श्रमिकों के सम्बन्ध में शिकायत करने हेतु कार्यालय सहायक श्रमायुक्त,विकास भवन हापुड़ में सम्पर्क किया जा सकता है।

# हनुमान बाबा के स्मरण मात्र से ही कट जाते है भक्तों के संकट : गुरुदेव सुशांत तोमर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** चंडी रोड स्थित महावीर दल में बाबा वाले है ग्रुप द्वारा संकीर्तन का आयोजन किया गया, इसमें सुशांत तोमर ने भजन के माध्यम से वातावरण भक्तिमय बना दिया। गुरुदेव सुशांत तोमर ने बताया कि जो श्रद्धालु बालाजी महाराज के दर्शन व सच्चे मन

**बालाजी महाराज के संकीर्तन में जमकर झूमे श्रद्धालु**

पूजा करते हैं, बाबा उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। बालाजी के भजनों पर श्रद्धालु नाचते झूमते नजर आए। इस मौके पर पत्रकार ब्रिजेश गहलौत , सुंदरलाल, राजू, मनोज, सतवीर, निखिल, विक्की, उमेश अग्रवाल, नितिन, कृष्णा, सुमन देवी, कामिनी, डिंपल, मुन्नी देवी, आशा देवी आदि मौजूद रहे। वहीं, धर्म यात्रा महासंघ हापुड़ द्वारा स्वर्ग आश्रम रोड 178 वा सुंदरकांड पाठ व संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें सुंदरकांड पाठ के बाद राधा श्याम, हनुमान बाबा व भोले बाबा के भजनों का गुणगान किया गया।इस मौके पर तरुण गर्ग, मोहित जैन, अजय सिंघल, राहुल अग्रवाल, आशीष गुप्ता, जगदीश अग्रवाल, पुनीत गर्ग, सचिन, गौरव गर्ग, सरिता गर्ग, गीता सिंहल, प्रीति अग्रवाल, नीरू अग्रवाल, रेखा सिंहल, अंजू गर्ग आदि मौजूद रहे।



# हाईवे किनारे एक खेत में सूटकेस से मिला महिला का कंकाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** एनएच-09 स्थित रामा अस्पताल के सामने सर्विस रोड से सटे एक ईख के खेत में सोमवार सुबह काले रंग के सूटकेस से महिला का कंकाल बरामद होने से हड़कंप मच गया। भयावह दृश्य देख मौके पर मौजूद लोग दहशत में आ गए। सूचना पाकर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को सील कर जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार गांव कस्तला कासमाबाद निवासी किसान योगेंद्र सिंह पिछले 15 वर्षों से उक्त स्थान पर करीब 10 बीघा खेत लीज पर लेकर खेती कर रहे हैं। सोमवार सुबह वह खेत में काम कर रहे थे तभी किनारे पड़े काले सूटकेस पर नजर पड़ी। शक होने पर जब उन्होंने सूटकेस खोला तो अंदर से महिला का सूखा हुआ कंकाल देखकर घबरा गए। किसान ने तत्काल यूपी-112 पर सूचना दी।

सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्यौपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। कुछ देर बाद एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह भी भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। खेत के चारों ओर बैरिकेडिंग कर लोगों की आवाजाही रोक दी गई तथा खेत मालिक से पूछताछ की गई। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने सूटकेस, कपड़ों के अवशेष, शराब और सॉफ्ट ड्रिंक की खाली बोतलें, कंकाल की स्थिति सहित आसपास मौजूद संभावित साक्ष्य सील कर जांच के लिए भेजे। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार कंकाल कई माह पुराना हो सकता है।





टीम ने आसपास की मिट्टी और सूटकेस की सतह से भी नमूने एकत्र किए हैं। पुलिस अब डीएनए प्रोफाइलिंग और हड्डियों की जांच के माध्यम से मृतका की पहचान पता करने में जुटी है। घटना के समय और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए एनएच-09 और सर्विस रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि महिला की हत्या कहीं और कर शव को सूटकेस में बंद कर यहां फेंका गया, या मामला किसी पुराने गुमशुदगी से जुड़ा हो सकता है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हर एंगल से जांच जारी है। मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा। महिला की पहचान हमारी प्राथमिकता है।

टीकाकरण — पांच वर्ष के बच्चों व गर्भवती महिलाओं का किया जायेगा टीकाकरण

# दिसंबर माह में टीका उत्सव मनाया जायेगा:सीएमओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** नियमित टीकाकरण सत्रों के माध्यम से दिसम्बर महीने में टीका उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान शून्य से पांच वर्ष के बच्चों और गर्भवतियों का टीकाकरण किया जागेगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा.सुनील कुमार ने बताया बच्चों को बारह प्रकार की बीमारियों से बचाने के लिए पांच साल में सात बार टीकाकरण आवश्यक है। इस अभियान में पेन्टा-1.एम0आर0-1,एम0आर0-2, डी0पी0टी0 बूस्टर 2 से छूटे हुये बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण किया जाऐगा,जिसकी सूची उपलब्ध करा दी गयी है।

उन्होंने बताया कि टीका उत्सव की सभी गतिविधियां यूविन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जाएंगी। पूर्व में पंजीकृत सभी बच्चों का टीकाकरण अधुनान्त किया जाएगा,और अपंजीकृत बच्चों को भी पंजीकृत करते हुए उनका टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। टीका उत्सव के दौरान प्रत्येक सत्र के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।



सीएमओ ने बताया कि आशा एवं आगंनबाडी कार्यकर्ता टीकाकरण के एक दिन पहले लाभार्थी को बताया जाएगा। इस अभियान की सफलता के लिए जिला स्तर से अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व उपमुख्य चिकित्साधिकारियों को ब्लाक पर्यवेक्षण के लिए नामित किया गया है।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में छूटे बच्चों के टीकाकरण के लिए आई0सी0डी0एस0 विभाग, शिक्षा विभाग, पूर्ति विभाग (कोटेदार), आर0बी0एस0के0, बी0आर0टी0 टीम, महिला आरोग्य समिति और अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं से सहयोग लिया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 वेद प्रकाश,जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 योगेश गुप्ता तथा डब्ल्यू0एच0ओ0 से डा0 भरत दुबे,यू0एन0डी0पी0 से कासिम चौधरी उपस्थित थे।

# सात दिसंबर को हापुड़ में कारगिल शहीद की प्रतिमा का अनावरण करेंगे : रालोद प्रमुख जयंत चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- कारगिल युद्ध में शहीद हो गए थे गांव लुहारी के सतपाल सिंह
- प्रेस वार्ता में रालोद नेता प्रशांत शर्मा ने दी जानकारी

**हापुड़/धौलाना (संजीव वशिष्ठ) ।** राष्ट्रीय लोकदल की एक प्रेस वार्ता का आयोजन जनपद हापुड़ में कचहरी के निकट किया गया । प्रेस वार्ता में बोलते हुए पीसी सदस्य और रामपुर प्रभारी पंडित हेमंत मिश्रा ने बताया की हापुड़ के सिंभावली क्षेत्र के गांव लुहारी निवासी सतपाल सिंह कारगिल युद्ध में दुश्मनों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे । जिनके परिजनों और क्षेत्र के लोगों ने उनकी याद में गांव में ही शहीद स्मृति स्थल में सतपाल सिंह भव्य प्रतिमा की स्थापना की है । जिसका अनावरण रालोद प्रमुख केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी द्वारा सात दिसंबर रविवार को किया जाएगा । साथ ही शहीद की पत्नी वीर नारी बबीता देवी को भी सम्मानित किया जाएगा । वही रालोद नेता पिलखुवा नगराध्यक्ष प्रशांत प्रकाश शर्मा ने बताया की प्रतिमा आवरण से पूर्व विद्वानों द्वारा हवन यज्ञ किया जाएगा । जिसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अमर शहीद सतपाल सिंह की प्रतिमा का अनावरण केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी द्वारा किया जाएगा । बाद में देश भक्ति से ओर प्रोत कार्यक्रम आयोजित होंगे । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी रालोद कार्यकर्ता जुटे हुए है । इस मौके पर मधुकर शर्मा, ब्रिजेश गहलौत , वीरेन्द्र सिंह शिशोदिया सपनावत, आनंद शिशोदिया, पूजा देवी, आदर्श देवी, मुकेश कुमार, भास्कर पंडित, हेमन्त शर्मा, योगेश शर्मा, नरेन्द्र शर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ता मौजूद रहे ।



## सम्पादकीय

# सबसे साधारण काम–सोचना–सबसे विद्रोही कदम



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

कभी समय था जब सियासी असहमति का मतलब बहसबाजी थी। तथ्य तौलने के लिए रखे जाते थे। तब तर्कों की कसौटी होती थी, और गर्मागर्म बहस में भी सामने वाले की सोच के प्रति सम्मान होता था। वह समय अब मानों प्रागैतिहासिक काल है। ईमानदारी से सोचना भी अब दुश्मन बनाना है। असहमति मानो युद्ध की घोषणा हो। और यदि कोई व्यक्ति बारिक मनोभाव में बात रखे, न्यूआंस दिखाए तो वह हर पक्ष की नजरों में तुरंत संदिग्ध बन जाता है। मतलब यह कि विचारों की कोई यदि अलग-अलग परतदार दृष्टि रखे तो वह अजनबी हो जाएगा। इसलिए राजनीतिक पहचान में अब या तो काला है या सफेद। जो लिखना या कहना है वह शुद्ध, साफ और दो टूक ढंग से होना चाहिए। इससे सभी तरफ अजीब सा नजारा है। खासकर उन लोगों के लिए जो अब समझ से बाहर है। जिन्हें आप कभी विवेकशील मानते थे। आप यदि कोई संतुलित बात कहते हैं तो वह 'छिपे धोखे की तरह पढ़ी जाती है। आप किसी विरोधाभास की ओर संकेत करते हैं, तो आपको खेमे बदलने का आरोपी बना दिया जाता है। यह वह मसला है जो धीरे-धीरे थका देता है, जब तक कि आप कम बोलने नहीं लगते–डर से नहीं, बल्कि इसलिए कि बातचीत ही बेमतलब हो जाती है। तभी अब संवाद नहीं, दिखावा हैं। तर्क नहीं, भूमिकाएँ हैं, । एक पक्ष चाहता है आप ऐसा सोचें। और दूसरे खेमे से वही पुरानी बातेः यह सब चुनाव आयोग का खेल है। महिलाओं के खातों में पैसे डाल दिए। सब धांधली है–एक दिन सच सामने आएगा।
हाँ, एक दिन सब देखेंगे–बस उस नाटकीय, सत्य-उजागर करने वाले अंदाज में नहीं। जो हम देखेंगे वह कहीं ज्यादा साधारण और ज्यादा दुखद होगा। देखेंगे कि जब हर कोई अपने-अपने पक्ष की भविष्य की जीत का अनुमान लगाने में व्यस्त था, तब वर्तमान चुपचाप और बेरहम होता चला गया। सो एक दिन कोई रहस्योद्घाटन नहीं, बल्कि आत्म-चिंतन की जगह चुना हुआ एक छलावा, बहाना है। इसके बावजूद 'क्या हो सकता थाइ की लगातार बौछार जारी रहती है। हर हार साजिश में बदल जाती है; हर जीत अवैध घोषित। विपक्ष के प्रदर्शन का विश्लेषण करने के बजाय उसे एक स्थायी पीड़ित कथा में बदल दिया जाता है–एक ऐसी दुनिया का शिकार जहाँ सब कुछ उसके खिलाफ 'फिक्स है। और तब तर्क अचानक दुश्मनी बनाते है इसलिए कि वे तयशुदा कथा में फिट नहीं बैठते। और इसी शोर के बीच कुछ बदलने लगता है। कुछ आवाजें–धीमी, अनपेक्षित एक स्वीकारोक्ति। यह कि मोदी अब भी एक मजबूत राजनीतिक शक्ति हैं। स्वीकारोक्ति कि वैश्विक मंच पर भारत की चमक बढ़ी है। स्वीकारोक्ति कि फिलहाल कोई विपक्षी नेता उनसे टक्कर नहीं ले पाता। स्वीकारोक्ति कि भाजपा का संगठनात्मक विस्तार और सांस्कृतिक पकड़ उसके किसी प्रतिद्वंद्वी से कहीं आगे है। और फिर यह दबी हुई मान्यता कि अगले दशक तक भाजपा शायद अडिग रहे। यह स्वीकारोक्ति है, नई प्रशंसा है, या थकान , निराशा की अभिव्यक्ति? अब सुनने में आता है कि जो लोग कभी अपने को निष्पक्ष मानते थे, वही अब उसी स्वीकृत सूची को दोहरा रहे हैं–आयोग, ट्रांसफर, धांधली, अनिवार्यता। वे सोचते हैं कि वे कथा का प्रतिरोध कर रहे हैं, जबकि प्रतिरोध भी अब एक तयशुदा ढांचे में हो रहा है–एक जैसी भाषा, एक जैसे वाक्य, मानो असहमति का भी एक मैनुअल हो गया हो। यहीं से नई रूढ़ियाँ जन्म लेती हैं। सेंसरशिप से नहीं–दोहराव से। रोम को सीनेट को चुप कराने के लिए सम्राटों की जरूरत नहीं थी; सीनेट ने खुद सम्राटों की तरह बोलना सीख लिया। सोवियत राज्य ने वफादारी पैदा नहीं की; उसने अलग सुनाई देने के डर को पैदा किया। और भारत ने यह पहले भी देखा है–आपातकाल के बाद, जब इंदिरा की आलोचना जोखिमपूर्ण लगती थी; राजीव के शुरूआती वर्षों में, जब उनकी आलोचना को बेवफाई माना जाता था। सो हर खास वक्त, युग अपनी स्वीकार्य असहमति के टेम्पलेट गढ़ लेता है।
और शायद हमारा टेम्पलेट आज बाहर से आयात है। जैसे भारत के मौजूदा समय को एंटी-वोक क्षण कहने का आग्रह–एक शब्द जो अमेरिकी सांस्कृतिक युद्धों से यहाँ उतर आया है। लेकिन भारत में अमेरिकी वोकनेस जैसा कुछ नहीं है; हम सर्वनामों, लैटिनक्स या क्रिटिकल रेस थ्योरी पर नहीं लड़ते। हमारे यहाँ जो है वह अधीरता है–अभिजात उपदेशों से, उन प्रगतिवादियों से जिनकी भाषा अधिकांश भारतीयों को परायी लगती है, उन लोगों से जो स्थानीय वास्तविकता से ज्यादा वैश्विक सहीपन में जीते हैं।

# संसद का शीतकालीन सत्र: एसआईआर पर बढ़ता संग्राम



विनोद कुमार सिंह,

- राजनीतिक तापमान दिल्ली की गुलाबी सर्द हवाओं के बीच इन दिनों राजधानी की राजनीतिक फि जा में असामान्य रूप से गरमाहाट से भरी है
- कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी का बयान विशेष रूप से तीखा था– अब सिर्फ वोट चोरी नहीं, बल्कि डकैती हो रही है। यह टिप्पणी केवल आरोप नहीं,बल्कि विपक्ष की व्यापक रणनीति की झलक भी थी,जो बताती है कि वह इस मुद्दे को संसद के भीतर और बाहर दोनों जगह प्रमुख राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल करेगा

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की राजधानी दिल्ली एक ओर वायु प्रदूषण और सुरक्षा चुनौतियाँ दुनिया भर का ध्यान खींच रही हैं,वहीं दूसरी ओर भारतीय लोकतंत्र का मंदिर भारतीय संसद ,1 दिसंबर से19 दिसंबर तक चलने वाले अपने शीतकालीन सत्र के लिए तैयार है। शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले ही सत्ता के गलियारों का माहौल में सभी राजनीतिक दल ने कमर कस ली है। रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक का उद्देश्य भले ही सहयोग, समन्वय और सुचारू संचालन सुनिश्चित करना था,परंतु पूरी बैठक का केंद्र बिंदु एसआईआर–मतदाता सूची संशोधन विवाद–बनकर उभरा। जिस अंदाज में विपक्ष ने सरकार को घेरा,उससे संकेत साफ हैं कि यह सत्र शांत,सरल या सामान्य नहीं होने जा रहा। सर्वदलीय बैठक की शुरूआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सौहार्दपूर्ण अपील के साथ की।उन्होंने आग्रह किया कि सभी राजनीतिक दल संसद को चलने दें और गरिमामय बहस के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाएं।संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी इसी भाव को आगे बढ़ाते हुए कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है,विपक्ष जो भी बात उठाना चाहे,उस पर सरकार सदन में संवाद करेगी। उनका कहना था कि बहस होगी, मतभेद भी होंगे,परंतु ये मतभेद व्यवधानों का रूप न लें– यही आशा है।आज की बैठक में जेपी नड्डा, अर्जुन मेघवाल,एल. मुरुगन,कांग्रेस की ओर से प्रमोद तिवारी,जयराम रमेश और गौरव गोगोई, टीएमसी के डेरेक ओब्रायन,आरजेडी के मनोज झा,सपा के रामगोपाल यादव,आप के सुशील गुप्ता सहित तमाम दलों के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।हालाँकि विपक्ष की ओर से अपेक्षित मुद्दों–राष्ट्रीय सुरक्षा,विदेश नीति,प्रदूषण संकट,आर्थिक चुनौतियों–का उल्लेख तो हुआ,लेकिन एसआईआर विवाद ने इन सभी चचाओं को पीछे धकेल दिया।जैसे ही बैठक शुरू हुई, एसआईआर पर उठे प्रश्नों ने माहौल गरमा दिया।विपक्ष का आरोप था कि मतदाता सूची संशोधन की प्रक्रिया संदिग्ध है और इससे लोकतांत्रिक ढाँचे की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी का बयान विशेष रूप से तीखा था–अब सिर्फ वोट चोरी नहीं, बल्कि डकैती हो रही है। यह टिप्पणी केवल आरोप नहीं,बल्कि विपक्ष की व्यापक रणनीति की झलक भी थी,जो बताती है कि वह इस मुद्दे को संसद के भीतर और बाहर दोनों जगह प्रमुख राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल करेगा। टीएमसी,डीएमके और समाजवादी पार्टी ने भी इसी स्वर में सरकार से जवाब माँगा। उनका कहना था कि एसआईआर के बहाने बड़े पैमाने पर जोड़-घटाव किए जा रहे हैं,जिससे चुनावी पारदर्शिता प्रभावित होगी और मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर आंच आएगी। विपक्ष ने मांग की कि सरकार इस विषय पर विस्तृत वक्तव्य दे और सभी असमंजस दूर करे। इस आक्रामकता के बीच जेडीयू नेता संजय झा ने विपक्ष की चिंताओं को अनावश्यक करार देते हुए कहा कि पिछले सत्र में भी विपक्ष ने एसआईआर पर खूब शोर मचाया था,परंतु कोई भी ठोस तथ्य सामने नहीं आ पाया।उन्होंने बिहार चुनाव परिणामों का हवाला देते हुए कहा कि जनता ऐसे आरोपों से प्रभावित नहीं हुई और उसने भ्रम फैलाने वालों को नकार दिया। बैठक समाप्त होने के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने और भी स्पष्ट शब्दों में आरोप लगाया कि सरकार धीरे-धीरे संसदीय परंपराओं को कमजोर कर रही है।उनका कहना था कि शीतकालीन सत्र को अनावश्यक रूप से छोटा रखा गया है ताकि गंभीर विषयों पर चर्चा से बचा जा सके।उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस सत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा,वायु प्रदूषण, लोकतंत्र की रक्षा और मतदाता सूची सुरक्षा जैसे मुद्दों पर व्यापक बहस की मांग करेगी।माकपा नेता जॉन ब्रिटास ने हाल ही में लालकिले के पास हुए विस्फोट का हवाला देते हुए कहा कि इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियों को जगजाहिर कर दिया है,इसलिए संसद में इस पर गहन,तथ्यपूर्ण चर्चा होना आवश्यक है।उनका कहना था कि यदि सरकार इन विषयों को टालने की कोशिश करेगी और सत्र बाधित होगा,तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।दूसरी ओर,टीएमसी और डीएमके ने भी विपक्षी एकजुटता का संकेत देते हुए कहा कि यदि संसद जवाबदेही सुनिश्चित नहीं करती तो विपक्ष किसी भी मंच पर अपनी आवाज बुलंद करेगा।विपक्ष अपने मुद्दों को केवल सदन में नहीं,बल्कि जनमानस के स्तर पर भी ले जाने का मानस बना चुका है,और एसआईआर इसका केंद्रबिंदु है। इस राजनीतिक उथल-पुथल के बीच सरकार अपने विधायी एजेंडे को लेकर पूरी तरह तत्पर दिखाई दे रही है।इस सत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयक प्रस्तुत करने जा रही है।इनमें सबसे उल्लेखनीय असैन्य परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का प्रस्ताव है,जिसके बारे में सरकार का मानना है कि इससे भारत वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा में बेहतर स्थान हासिल करेगा।एटॉमिक एनर्जी बिल सहित कुल दस नए विधेयक सदन में रखे जाने की योजना है।सीमित समय को देखते हुए सरकार चाहती है कि अधिकतम विधायी कार्य पूरा किया जा सके और लंबित बिलों को आगे बढ़ाया जाए।यह सत्र ऐसे समय में हो रहा है जब बिहार विधान सभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए ने भारी जीत दर्ज की है।इस जीत ने सत्तापक्ष को नई ऊर्जा दी है,लेकिन विपक्ष अपने आरोपों के साथ और भी सशक्त होकर संसद में उतरने की तैयारी कर रहा है।विपक्ष के निशाने पर न केवल एसआईआर है,बल्कि हाल में दर्ज सोनिया और राहुल गांधी पर प्राथमिकी,दिल्ली का प्रदूषण संकट,दिल्ली में आतंकी हमले, सुरक्षा चूक,और चुनावी पारदर्शिता से जुड़े प्रश्न भी हैं।विपक्ष इन सभी मुद्दों को केंद्र में रखते हुए सरकार को कठघरे में खड़ा करना चाहता है।सर्वदलीय बैठक का उद्देश्य सहयोग था,परंतु बैठक में उभरे सुरों ने यह स्पष्ट कर दिया कि राजनीतिक सहमति बनना आसान नहीं।अधिकांश नेताओं ने यह अवश्य कहा कि संसद लोकतांत्रिक विमर्श का मंच है और विधेयकों को जल्दबाजी में पास करने की प्रवृत्ति से बचना चाहिए,परंतु यह विचार शायद आने वाले सत्र की वास्तविकता को नहीं बदल सकेगा। किरेन रिजिजू ने बार-बार इस बात पर जोर दिया कि सरकार हर विषय पर चर्चा को तैयार है बशर्ते विपक्ष अपनी भूमिका रचनात्मक रखे। लेकिन विपक्ष के तीखे सुरों से संकेत मिलता है कि टकराव लगभग तय है।1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र में कुल15 बैठकें प्रस्तावित हैं।इतने कम समय में व्यापक मुद्दों पर समग्र चर्चा कर पाना चुनौतीपूर्ण होगा।सरकार जहां अपने सुधारवादी विधेयकों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है,वहीं विपक्ष यह सुनिश्चित करना चाहता है कि जनता के हित और लोकतांत्रिक मूल्य केंद्र में बने रहें।इन दो ध्रुवों के बीच संसद की कार्यवाही गर्मागरम बहसों,तीखे आरोप-प्रत्यारोपों और कई अवसरों पर व्यवधान से भरी रहने की संभावना है।शीतकालीन सत्र केवल विधायी कामकाज का अवसर नहीं,बल्कि भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता की परीक्षा भी होगा।सत्ता और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है कि वे देश की संवैधानिक गरिमा और संसदीय परंपराओं को सर्वोपरि रखें।यह सत्र बताएगा कि क्या राजनीतिक दल इन आदर्शों पर खरे उतरते हैं या फिर राजनीति की गहमागहमी संसद के संचालन पर हावी हो जाती है। ऐसे माहौल में राजनीतिक तापमान दिल्ली की गुलाबी सर्द हवाओं के बीच इन दिनों राजधानी की राजनीतिक फि जा में असामान्य रूप से गरमाहाट से भरी है।

## राह में तूफान को स्वीकार कर लिया

राह में तूफान को स्वीकार कर लिया,
चोट को मुस्कान सा स्वीकार कर लिया।

धूप में जलते हुए पाँवों में ताजा दर्द था,
रिवाज के नाम पर घाव का सम्मान रख लिया।

बूंद बनकर टूट जाना भी गँवारा था मगर,
सागर बनने की दिशा में अपने को अनजान रख लिया।

लोग कहते कि अब टूटे हुए दिल का क्या,
हमने टूटे मन को अपनी पहचान रख लिया।

हमने सोचा कि पल में सुकून आ जाएगा,
परेशानी को खुद के समाधान रख लिया।

रात भर आंसू पिघलते रहे तकिये पर मगर,
सबेरे ही हँसकर दर्द का अरमान रख लिया।

संजीव ठोकरों की गूँज से सीखा सफर हमने,
हार को भी जीत का पहला पैमान रख लिया।



संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# आज के युग में लड़कियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है



डॉ. विजय गर्ग

आधुनिक समय में बदलते सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी स्तरों ने शिक्षा के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। इस दौर में सिर्फ.डिग्री नहीं, बल्कि हुनर ही असली ताकत है। खासकर लड़कियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा एक सशक्त हथियार है, जो न सिर्फ. आत्मनिर्भरता की ओर ले जाती है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में नए द्वार भी खोलती है।

**आपको आत्मनिर्भर बनाता है**

व्यावसायिक शिक्षा लड़कियों को विशिष्ट कौशल प्रदान करती है–जैसे फैशन डिजाइन, ब्यूटी थेरेपी, कंप्यूटर एप्लीकेशन, अकाउंटिंग, स्वास्थ्य सेवा, फोटोग्राफी, इलेक्ट्रॉनिक्स, बेकिंग, या अन्य तकनीकी पाठ्यक्रम। ये कौशल लड़कियों को अपनी आजीविका कमाने में सक्षम बनाते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है।

**तेज नौकरी के अवसर**

आज के उद्योग जगत को डिग्रीधारियों की नहीं, बल्कि काम करने वालों की जरूरत है। व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली लड़कियों को तुरंत नौकरी के अवसर मिलते हैं। कई क्षेत्रों में ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण भी दिया जाता है, जिससे व्यावहारिक ज्ञान बढ़ता है और रोजगार की संभावनाएँ मजबूत होती हैं।

**औद्योगीकरण के कदम**

व्यावसायिक शिक्षा लड़कियों को अपने छोटे-बड़े व्यवसाय शुरू करने का अधिकार देती है। कई व्यवसाय घर से आसानी से शुरू किए जा सकते हैं– बुटीक, ब्यूटी पार्लर, बेकरी उत्पादन, ऑनलाइन ट्यूशन, शिल्प व्यवसाय, डिजिटल सेवाएँ–और यह उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत और समाज में सम्मानित बनाता है।

**तकनीकी युग के साथ चलते रहना**

डिजिटल इंडिया के दौर में तकनीकी शिक्षा का महत्व और भी बढ़ गया है। कोडिंग, ऐप डेवलपमेंट, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एंट्री, ग्राफिक डिजाइन, ये सभी विषय लड़कियों को नए जमाने की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करते हैं। व्यावसायिक शिक्षा के जरिए लड़कियाँ तकनीकी क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत पैठ बना रही हैं।

**सामाजिक बंधनों से मुक्ति**

कई परिवारों में लड़कियों की शिक्षा पर अभी भी पाबंदियाँ हैं, लेकिन व्यावसायिक पाठ्यक्रम अल्पकालिक, सस्ते और आस-पास उपलब्ध हैं, जिससे माता-पिता के लिए उन्हें मनाना आसान हो जाता है। यह शिक्षा लड़कियों को शैक्षणिक और आर्थिक, दोनों रूप से मजबूत बनाती है, जिससे वे सामाजिक बंधनों से ऊपर उठती हैं।

**आत्मविश्वास और नेतृत्व गुण**

जब लड़कियाँ अपने हुनर से कमाती हैं, तो उनमें एक नई चमक आ जाती है। नए अनुभव, नई चुनौतियाँ और नए लोगों से मिलना उनमें नेतृत्व, संवाद और प्रबंधन जैसे गुण पैदा करता है जो जीवन भर काम आते हैं।

**सुरक्षित भविष्य की गारंटी**

रोजगार सुरक्षा लड़कियों को जीवन में एक सुरक्षित और स्थिर भविष्य की गारंटी देती है। वे शादी के बाद भी अपनी पहचान बनाए रख सकती हैं, जो सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा कारण है।

**निष्कर्ष**

व्यावसायिक शिक्षा आज की लड़कियों के लिए सिर्फ. एक कोर्स नहीं, बल्कि सशक्तिकरण की एक यात्रा है। यह उन्हें शिक्षा, रोजगार, आत्मनिर्भरता और समानता की ओर ले जाती है। जो समाज अपनी बेटियों को हुनरमंद बनाता है, वही समाज आगे बढ़ता है।

## मंगलवार का राशिफल

**मेष** – किसी की बात चुभ सकती है, अपने घर जाना होगा, वाहन से दूर की यात्रा कर सकते हैं, नौकरी में इंटरव्यू अच्छा जाएगा। भाग्य प्रतिशत-56

**वृषभ** – भाई-बहनो से समबन्ध बिगड़ सकते हैं, वैवाहिक जीवन में कठोरता ना बरतें, खाली पड़ी प्रोपर्टी किराये पर दे सकते हैं, व्यवसाय चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-59

**मिथुन** – शारीरिक क्षमता पर असर पड़ेगा स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मुकदमे में परेशानी बढ़ेगी, धन के लिए मुश्किल होगी, धार्मिक प्रवचन करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-50

**कर्क** – प्लानिंग में बाधाए आयेगी, धर्म-कर्म करेंगे लेकिन उम्मीद नहीं करेंगे, घर में कोई सामान का निर्माण होता है तो चलेगा, धन की कमी बढ़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-52

**सिंह** – प्रसिद्धि बढ़ेगी, सम्मान मिलेगा, इन्वेस्टमेंट करते समय ध्यान रखें, मित्रों के साथ कहीं जाने का प्लान बनेगा, जीवन साथी ज्यादा कन्ट्रोल करेगा। भाग्य प्रतिशत-52

**कन्या** – दांतों की समस्या के लिए डॉक्टर से मिल सकते हैं, जुड़े पैसे से अपना कार्य शुरू करेंगे, तलाक के केस में मध्यस्थता सम्भव हैं,किसी स्किल से कमाई होगी।
भाग्य प्रतिशत-61

**तुला** – रिस्क कार्य से लाभ होगा, फैशन डिजाइनिंग, केमिकल, मदिरा व्यवसाय द्वारा उन्नति करेंगे, पारिवारिक लोगों से मतभेद बढ़ेंगे, ठंड से बचें।
भाग्य प्रतिशत-64

**वृश्चिक** – पैसे जमा करेंगे, नसों के खिंचाव की समस्या आ सकती हैं, कर्म और विचार को नियन्त्रित करके चलेंगे, भाग्य का साथ मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-63

**धनु** – विदेश यात्रा या दूसरे शहर में छुट्टी का प्रोग्राम बना सकते हैं, पति व्यवसाय करते हैं तो अच्छी आय करेंगे, रिटेल, टेलीकॉम, कम्प्यूटर, कोचिंग कार्य चलेगा। भाग्य प्रतिशत-71

**मकर** – इच्छा बढ़ेगी लेकिन अटकलें काफी रहेगी, भारी वजन सोच समझकर उठाए, घर के काम बढ़ेंगे, प्रेम में रुचि बढ़ेगी, नमक कम खाए। भाग्य प्रतिशत-55


**कुंभ** – मेहनत का उत्तम परीणाम मिलेगा, सरकारी क्षेत्र में नाम बढ़ेगा, चिकित्सक है तो व्यस्त रहेंगे, आय बढ़ेगी, बच्चे के लिए खर्चा करेंगे। भाग्य प्रतिशत-78

**मीन** – बुद्धि ज्यादा ना चलाए नहीं तो कार्य नहीं कर सकेंगे, पेट रोग का ध्यान रखें, व्यवसायीक घर में विवाह हो सकता है, केमेस्ट्री कोचिंग, जीएसटी, टैक्स कार्य चलेगा। भाग्य प्रतिशत-62



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# यह है देश में चल रही 'स्पेशल रेल गाड़ियों' के संचालन की सच्चाई



तनवीर जाफरी

गत दिनों अपने किसी निजी कार्यवश अचानक बिहार जाने का कार्यक्रम बन गया। प्रायः शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मेरा दरभंगा आना जाना होता है परन्तु इस बार चूँकि मात्र एक सप्ताह पूर्व ही दरभंगा जाने की तिथि निर्धारित हुई इसलिये शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस में आरक्षण न मिल पाने के चलते आने जाने हेतु अन्य विकल्प तलाश करने पड़े। ऐसे ही वैकल्पिक ट्रेन थी अमृतसर - जयनगर 'स्पेशल ट्रेन' यानी 04652 । इस ट्रेन के अमृतसर से अंबाला पहुंचने का निर्धारित समय दोपहर 2 बजकर 50 मिनट था और दरभंगा पहुंचने का निर्धारित समय अगले दिन शाम 5.30 बजे था। अर्थात पूरी यात्रा लगभग 26 घंटे 30 में तय होनी थी। परन्तु यह ट्रेन अगले दिन शाम 5.30 बजे दरभंगा पहुँचने के बजाये तीसरे दिन सुबह लगभग 8.30 बजे पहुंची। यानी यह 'स्पेशल ट्रेन' 04652 लगभग 15 घंटे की देरी से दरभंगा पहुंची। इतना ही नहीं जहाँ दूसरी मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स का अंबाला-दरभंगा का ए सी थ्री का किराया लगभग 1500 रुपये है वहीं इस तथाकथित 'स्पेशल ट्रेन' के नाम पर यात्रियों से किराया भी करीब 2000 / रुपए वसूल किये गये।
इसी तरह वापसी के लिये भी जिस ट्रेन में ए सी थ्री श्रेणी में आरक्षण मिल सका वह भी दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन 02569 थी। इसका भी दरभंगा से छूटने का निर्धारित समय सुबह 6 बजकर 30 मिनट था परन्तु यह वहां से प्रातः 9 बजकर 40 मिनट पर यानी तीन घंटा दस मिंट के विलंब से रवाना हुई। और अपने निर्धारित समय यानी अगले दिन सुबह 4 बजे नई दिल्ली पहुँचने वाली यह स्पेशल ट्रेन लगभग 1. 30 बजे दोपहर अर्थात करीब दस घंटे की देरी से नई दिल्ली स्टेशन पहुँच सकी। इसका भी ए सी थ्री श्रेणी का किराया 1900 रुपए था जबकि अन्य सामान्य मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में 1500 के आस पास होता है। इस लेट लतीफी के परिणाम स्वरूप कितने यात्रियों को किन किन परेशानियों का सामना करना पड़ा रेल विभाग को इससे कोई लेना देना नहीं। रास्ते में ट्रेन में खाने पीने व वाशरूम में जल आपूर्ति संबंधी कैसी कैसी परेशानियों का सामना यात्रियों ने किया रेल विभाग से इसका भी कोई वास्ता नहीं। रेल विभाग को तो यात्रियों की जेब से 'स्पेशल ट्रेन' के नाम पर ठगे गए फालतू किराये भर से ही मतलब है। इस समय आपको देश के कई भाग से इसी तरह की अनेक ट्रेन स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलती दिखाई दे जाएँगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें अधिकांश स्पेशल या क्लोन ट्रेन इसी तरह घंटों नहीं बल्कि दिन के हिसाब से लेट चल रही हैं। जानकारी जुटाने पर पता चला कि यह वही ट्रेन्स हैं जिन्हें पिछले दिनों त्योहारों के दौरान स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलाया गया था। परंतु चूंकि इसका किराया अन्य ट्रेन्स की तुलना में काफी अधिक है और यात्रियों की संख्या अधिक होने के चलते यह ट्रेन्स त्यौहार खत्म होने के बावजूद अभी भी यात्रियों की भारी भीड़ ढो रही हैं इसलिये रेल विभाग भी इसे अपनी कमाऊ योजना समझकर त्यौहार खत्म होने के बावजूद अभी भी चला रहा है।अब चूँकि इस तरह की स्पेशल या क्लोन रुपी ट्रेन्स सप्ताह में 3 या चार दिन ही चलती हैं इसलिये इनके एक या दो दिन लेट हो जाने पर भी रेल विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ता। हाँ यात्रियों को जो परेशानियां उठानी पड़ती है उसका रेल विभाग या सरकार से कोई वास्ता ही नहीं। किसी यात्री की अस्पताल में डॉक्टर से महीनों पहले ली गयी अपॉइंटमेंट निरस्त हो जाती है जिससे उसकी जान व सेहत प्रभावित होती है। किसी की परीक्षा छूट जाती है किसी को नौकरी ज्वाइन करनी होती है किसी को शादी ब्याह में शामिल होना होता है। गोया लोगों की तरह तरह की व्यस्तताओं पर रेल विभसग की लेट लतीफी पानी फेर देती है। जब स्पेशल या क्लोन ट्रेन के नाम पर संचालित रेलगाड़ियों की यह स्थिति है तो सामान्य ट्रेन्स की हालत का अंदाजा भी आसानी से लगाया जा सकता है। खासकर बिहार की ओर जाने वाली गाड़ियां तो लगभग हमेशा ही विलंब व अति विलंब से ही चलती हैं। सुबह की ट्रेन शाम व शाम को पहुँचने वाली ट्रेन का अगले दिन सुबह अपने गंतव्य तक पहुंचना तो गोया आम बात हो चुकी है।
सच तो यह है कि सरकार की प्राथमिकताओं में पहले से चल रही सामान्य /एक्सप्रेस व मेल ट्रेन्स को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संचालित करना नहीं बल्कि वंदे भारत ट्रेन्स की संख्या बढ़ाना है। वंदे भारत ट्रेन्स संचालित करने के पीछे भी यही कहानी है कि इसमें अन्य ट्रेन्स की तुलना में किराया काफी अधिक है जिसे साधारण व्यक्ति खासकर 5 किलो मुफ़्त राशन पर जीने को मजबूर व 10 हजार रुपए लेकर वोट डालने वाली महिलायें तो कम से कम सहन नहीं कर सकतीं।




सरकार की दूसरी प्राथमिकता देश के चुनिंदा रेल स्टेशन को चमकाने व उनका रंग रोगन करने की है। भले ही इन स्टेशन पर भिखारी कुत्ते गाय सांड आदि क्यों न डेरा जमाये हों। देश के अधिकांश रेलवे स्टेशन दशकों से नशेड़ियों व अपराधियों की शरण स्थली बने हुये हैं। आज भी देश के अनेक स्टेशन पर लूट चोरी ,जेब कतरी,जहर खुरानी,अवैध यात्री,रिश्वत खोरी आदि अपराध धड़ल्ले से अंजाम दिए जाते हैं। शर्मनाक तो यह है कि देश के तमाम रेल स्टेशन पर बाकायदा रेल विभाग की ओर से लाउडस्पीकर से जेब कतरों से सावधान रहने,जहर खुरानी से बचने व अपने सामन की सुरक्षा करने जैसी घोषणायें बार बार की जाती हैं। परन्तु सरकार के पास यात्रियों को सुरक्षित व आरामदायक यात्रा मुहैया कराने की न तो कोई योजना है और शायद न ही यह उसकी भावी योजनाओं का हिस्सा प्रतीत होती है। बल्कि सरकार तो बुलेट ट्रेन चलाने की योजना पर काम कर रही है। शायद बिहार जैसे राज्यों से आने वाले ताजातरीन चुनाव परिणामों के बाद सरकार इस निष्कर्ष पर भी पहुँच चुकी है कि यू पी व बिहार जैसे घनी आबादी वाले राज्यों की जनता जब मुफ़्त राशन व नकद पैसों के बदले वोट दे ही देती है तो उसे निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ट्रेन संचालन जैसे विषय से क्या लेना देना ? और जिस जागरूक व शिक्षित वर्ग के रेल यात्री ट्रेन्स की लेटलतीफी या ट्रेन संचालन की अन्य त्रुटियों से प्रभावित होते भी हैं या इसे महसूस करते हैं उनकी संख्या 'लाभार्थी मतदाताओं ' से तो आखिर कम ही है ? जो भी हो परन्तु कुल मिलाकर यही है देश में चल रही 'स्पेशल रेल गाड़ियों ' के संचालन की सच्चाई।

# एनसीसी दिवस के पर 3 यूपी गर्ल्स बटालियन को मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक से सम्मानित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** एनसीसी दिवस के अवसर पर सीनियर अंडर ऑफिसर दिशा दयाल (3 यूपी गर्ल्स बटालियन, अलीगढ़) को मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। एनसीसी दिवस के 78वें वर्ष (2025) के अवसर पर एसयूओ दिशा दयाल को लेफ्टिनेंट जनरल अनिधुम सेन गुप्ता द्वारा स्वर्ण पदक तथा 3000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उत्तर प्रदेश डायरेक्टरेट, सूर्या ऑडिटोरियम, लखनऊ में सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एडीजी मेजर जनरल विक्रम कुमार, ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव, कैप्टन मीनू शर्मा, कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिनिधि तथा अन्य कैडेट और अधिकारी उपस्थित रहे।

# CEIR पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए विभिन्न कम्पनियों के कुल186 गिरे,खोये मल्टीमीडिया मोबाइल फोन किये बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा CEIR पोर्टल पर खोये/गिरे मोबाइलों से

- **बरामदशुदा मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत 32,03,354 (बत्तीस लाख तीन हजार तीन सौ चौवन रुपये)**
- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बरामद शुदा मोबाइलों को उनके स्वामियों को किया गया वितरित**

सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए सर्विलांस की टीम को गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी हेतु दिये गये आदेश-निर्देशों के क्रम में, पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती ममता कुरील के निर्देशन में सर्विलांस सेल व थानों की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अथक प्रयास से विभिन्न कम्पनियों के कुल 186 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन कीमत करीब 32 लाख 03 हजार 354 रुपये बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है ।



आज दिनांक 01.12.2025 को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस लाइन स्थित पुलिस कार्यालय पर बरामद शुदा मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया । प्राप्त प्रार्थना पत्र के आवेदकों द्वारा अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ व सर्विलांस टीम को धन्यवाद प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

**बरामदगी का विवरण-**

186 विभिन्न कम्पनियों के मल्टीमीडिया मोबाइल फोन कीमत करीब 32 लाख 03 हजार 354 रुपए

**पुलिस टीम-**

निरीक्षक विपिन यादव-प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम।

# अलीगढ़ के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है । मिशन शक्ति फेज-5 के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/गांव/कस्बा/स्कूल/कालेज/कोचिंग सेंटर



इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं/ बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म,

साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है ।

महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

# सर सैयद के वंशज समद मसूद ने एएमयू में सर सैयद हाउस का दौरा किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सर सैयद अहमद खां के वंशज समद मसूद ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय स्थित सर सैयद हाउस का दौरा किया। यह ऐतिहासिक भवन, जहाँ कभी एएमयू के संस्थापक और महान समाज सुधारक सर सैयद रहते थे, आज सर सैयद से जुड़े ऐतिहासिक दस्तावेजों एवं पुस्तकों का संग्राहालय है और विश्वविद्यालय की समृद्ध विरासत का संरक्षित प्रतीक भी है।

दौरे के दौरान ब्रिटिश नागरिक मसूद ने उस घर के कमरों और अन्य स्थानों का अवलोकन किया, जहाँ उनके महान पूर्वज रहते और काम करते थे। उन्होंने उन स्मृतिचिह्नों, दस्तावेजों और प्रदर्शनियों में गहरी रुचि दिखाई जो सर सैयद के जीवन और उनके योगदान को दर्शाते हैं।

रॉस मसूद के प्रपौत्र मसूद ने आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार भी लिखे। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा इस ऐतिहासिक भवन को सहेज कर रखने और सर सैयद अहमद खां की विरासत को जीवित बनाए रखने के प्रयासों की प्रशंसा की।

उन्होंने अपने संदेश में सर सैयद के मिशन की आज भी बनी हुई प्रासंगिकता और उनकी शैक्षिक सोच को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी पर जोर दिया।

सर सैयद अकादमी के अधिकारियों, जिनमें अभिलेखागार प्रभारी डॉ. हुसैन हैदर शामिल थे, ने मसूद का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि उनकी यह यात्रा एएमयू के संस्थापक की विरासत के संरक्षण और प्रसार के प्रयासों में एक विशेष और व्यक्तिगत महत्व जोड़ती है



# आर्यन पेशवा राजा महेंद्र प्रताप सिंह की 139 वीं जयंती पर किया नमन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** आज अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला कार्यालय स्थित पींजरी पैंठ पर भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण

**राजा महेंद्र प्रताप सिंह को मिले भारत रत्न सत्यवीर सिंह सत्तो**

सिंह के कार्यकताओं में राजा साहब के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई जयंती मौजूद सभी ने किया नमन राष्ट्रीय राज चेतना रथ के प्रवक्ता प्रोफेसर चौधरी रामवीर सिंह ने बताया 1 दिसंबर 1915 को भारत की प्रथम स्वतंत्र सरकार घोषित की जिसके राजा साहब स्वयं प्रेसिडेंट थे व मौलाना बरकतुल्लाह खान भोपाली प्रधानमंत्री थे और केरल के चंपक पिल्लई विदेश मंत्री थे उन्होंने राजा साहब के



जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डाला वहीं भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो ने आर्यन पेशवा राजा महेंद्र प्रताप सिंह जी की 139 वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार से राजा साहब को भारत रत्न देने की मांग की इस मौके पर डॉक्टर राजेंद्र शर्मा चौधरी हरीराज सिंह ओमप्रकाश बघेल सोरन सिंह बघेल रूपेंद्र जैन चौधरी अचल सिंह योगेश कुमार चौधरी ऋषिपाल सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# सीएमओ ने परिवार नियोजन कार्यक्रम के लिए प्रचार वाहन को दिखाई हरी झण्डी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर में सोमवार परिवार नियोजन के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने एवं पुरुषों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चल रहे पुरुष नसबंदी पखवाड़े के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नीरज त्यागी ने सारथी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष परिवार नियोजन कार्यक्रम की स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार पुरुष सहभागिता से होगा सम्पन्न थीम रखी गई है।

सारथी प्रचार वाहन शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर पुरुष नसबंदी परिवार नियोजन के अस्थाई एवं स्थाई साधनों, महिलाओं के लिए उपलब्ध विकल्पों व इसके लाभ के बारे में सरल जानकारी प्रदान करेगा। वाहन के माध्यम से ऑडियो संदेश के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पुरुष नसबंदी एक सरल एवं प्रभावी प्रक्रिया है जो सामान्य दिनचर्या को प्रभावित नहीं करती है।



इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 दिनेश खत्री, डॉ0 बीके राजपूत, परिवार नियोजन नोडल अधिकारी डॉ0 नरेन्द्र कुमार, आरसीएच नोडल डॉक्टर राहुल शर्मा, डीपीएम, डीसीपीएम, डीएफपीएलएम एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्व एड्स दिवस पर जिला स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर मलखान सिंह जिला चिकित्सालय में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा जनजागरूकता के लिए एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम बाधाएं दरकिनार, एचआईवी पर सशक्त प्रहार रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव नितिन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि एचआईवी-एड्स जैसी बीमारियों से बचाव और जागरूकता ही सबसे बड़ा उपचार है। समाज में फैली भ्रांतियों को दूर कर प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नीरज त्यागी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचआईवी की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं एवं समुदाय स्तर पर जागरूकता गतिविधियों को और सशक्त बनाया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 राहुल शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी एवं एचआईवी दोनों रोगों के नियंत्रण के लिए समेकित प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि मरीजों को समय पर जांच एवं उपचार की सुविधा मिल सके। माइक्रो बायोलॉजिस्टक डॉ. सुमित वार्ष्णेय ने कहा कि एचआईवी की जांच एवं उपचार के लिए जिले के सभी आईसीटीसी केंद्र पूर्ण रूप से सक्रिय हैं। अधिक से अधिक लोगों को निःशुल्क जांच का लाभ लेना चाहिए ताकि संक्रमण की रोकथाम समय रहते की जा सके। जिला कार्यक्रम समन्वयक सतेंद्र कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद में एचआईवी जागरूकता को ग्राम पंचायत स्तर तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है।




दिशा संस्था, स्वयंसेवक एवं सभी संबंधित इकाइयों के सहयोग से विभाग इस दिशा में सतत कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन सीपीएम शाइस्ता बदर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डीपीटीसी नीम अहमद, अरविंद कुमार, डीपीपीएमसी पीयूष अग्रवाल, डेविड कुमार शाही, सीएसओ ललित त्यागी, जिला क्षय रोग केंद्र स्टाफ, आईसीटीसी स्टाफ, एसएसके स्टाफ एवं दिशा संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को जागरूकता शपथ दिलाकर किया गया।

# शादी में से लौट रहे दो सगे भाइयों के शव सड़क किनारे मिले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सोमवार को हॉजीपुर चौहट्टा मथुरा हाईवे पर दो सगे भाईयों के शव सड़क किनारे पड़े मिले। पुलिस के मुताबिक रात को किसी वाहन ने दोनों भाइयों को रौंद दिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। रात भर दोनों के शव

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस मान रही सडक हादसा**

वहीं पड़े रहे, सुबह राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों भाइयों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सासनीगेट द्वोत्र पंचनगरी निवासी 71 वर्षीय सत्यप्रकाश बिसारिया और उनके 60 वर्षीय छोटे भाई रविन्द्र बिसारियां के शव थाना सासनीगेट क्षेत्र हॉजीपुर चौहट्टा मथुरा हाईवे पर पडे मिले। परिजनों के अनुसार 30 नवंबर को सत्य प्रकाश और रविंद्र बरेली एक शादी समारोह में गए थे। जब वह कासगंज से रोडवेज बस से वापस अलीगढ लौट रहे थे तो उनकी परिवार वालों से फोन पर बात हुई। फिर



उनका फोन अचानक बंद हो गया। सोमवार 1 दिसंबर की सुबह किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा परिजनों के पास फोन आया कि सत्यप्रकाश बिसारिया और पुलिस ने दोनों के भाईयों के शव पोस्टमार्टम पर भेज दिये हैं। तो परिजनों के होश उड गये। परिजनों ने बताया कि पुलिस ने बताया कि दोनों भाईयों की मौत सडक हादसे के कारण हुई है। जबकि परिजनों ने हत्या कि आशंका जताई है।

**आयोजन**

## डिलीवरी की बहु-विषयी दृष्टि विषय पर पाँच दिवसीय ज्ञान कोर्स सफलतापूर्वक आयोजित किया

# एएमयू के इंटरडिसिप्लिनरी नैनोटेक्नोलॉजी सेंटर द्वारा दवाओं की खोज पर पाँच दिवसीय ज्ञान कोर्स सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के इंटरडिसिप्लिनरी नैनोटेक्नोलॉजी सेंटर (आईएनसी) ने दवा की खोज और डिलीवरी की बहु-विषयी दृष्टि विषय पर पाँच दिवसीय ज्ञान कोर्स सफलतापूर्वक आयोजित किया। इसमें जामिया मिलिया इस्लामिया, जामिया हमदर्द, शारदा यूनिवर्सिटी, बीबीएयू और एएमयू के विभिन्न विभागों सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों के 57 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया समापन समारोह की अध्यक्षता डॉ. मोहम्मद अजहर अजीज ने की। इस अवसर पर प्रो. एम.जे. वारसी, स्थानीय ज्ञान समन्वयक, ने रिसोर्स पर्सन्स, आयोजकों और सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन पर बधाई दी। उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग विभाग, फामाकोलॉजी विभाग और अन्य प्रशासनिक इकाइयों का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। प्रो. वारसी ने ज्ञान पहल के उद्देश्यों के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर और विभिन्न विषयों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया प्रतिभागियों ने इस कोर्स को रोचक, ज्ञानवर्धक और प्रेरक बताया। उनका कहना था कि इस कार्यक्रम ने उन्हें अकादमिक और उद्योग दोनों दृष्टिकोणों से नई समझ प्रदान की। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की सटीक योजना और बेहतरीन समन्वय की भी सराहना की, जिससे इसकी अकादमिक गुणवत्ता और प्रबंधन दोनों उत्कृष्ट रहे पाँच दिनों के दौरान कोर्स में व्याख्यान, इंटरऐक्टिव सत्र और हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग शामिल थीं, जिनमें दवा की खोज, दवा का मेटाबोलिज्म, फामाकोकाइनेटिक्स (डीएमपीके) और ट्रांसलेशनल रिसर्च जैसे विषयों पर चर्चा की गई। लेक्चर देने वाले विशेषज्ञों में डॉ. इमादुल इस्लाम (केएआईएमआरसी, रियाद), डॉ. मोहम्मद जैनुद्दीन (जुबिलेंट थेराप्यूटिक्स) और डॉ. मोहम्मद अजहर अजीज (एसोसिएट प्रोफेसर, आईएनसी) शामिल थे कार्यक्रम की विशेष बात हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग रही, जिसे आईएनसी और जेएनएमसी के फामाकोलॉजी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इसकी अगुवाई विभागाध्यक्ष प्रो. जियाउर रहमान ने की। प्रतिभागियों ने लैब सुविधाओं का अवलोकन किया, शिक्षकों से बातचीत की और उन्नत प्रयोगात्मक तकनीकों को नजदीक से समझा, जिससे उन्हें व्यावहारिक ज्ञान मिला कोर्स का समापन सभी 57 प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरण के साथ हुआ। इससे पहले उद्घाटन समारोह में कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. मोहम्मद अजहर अजीज ने स्वागत भाषण दिया और





ज्ञान कार्यक्रम के उद्देश्यों तथा दवा की खोज और डिलीवरी में बहु-विषयी दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला इससे पूर्व उद्घाटन कार्यक्रम में डॉ. विभा शर्मा, कार्यवाहक लोकल ज्ञान कोऑर्डिनेटर, ने भारत सरकार की ज्ञान पहल और इसके अकादमिक क्षमता-विकास में योगदान की चर्चा की प्रो. मोहम्मद मुजम्मिल, प्रिंसिपल, जेडएचसीईटी, ने नए शोधकताओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाले अकादमिक एक्सपोजर के महत्व पर बल दिया मुख्य अतिथि सैयद अहमद, सीईओ, टेकइन्वेंशन, ने उद्घाटन भाषण दिया मानद् अतिथि डॉ. इमादुल इस्लाम, विदेशी फैकल्टी, ने दवाओं की खोज और ट्रांसलेशनल साइंस पर वैश्विक दृष्टिकोण साझा किया डॉ. मोहम्मद जैनुद्दीन ने थेरेप्यूटिक डेवलपमेंट में डीएमपीके के बढ़ते महत्व पर विस्तार से चर्चा की समारोह का समापन डॉ. सैयद अफजल अहमद, आईएनसी, द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# कूड़ा मुक्त आयोजन बना गंगा तिगरी मेला 2025 नगर पालिका को मिला प्रमाण पत्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के सतत प्रयास से गंगा तिगरी मेला -2025 को कूड़ा मुक्त आयोजन (जीरो वेस्ट इवेंट) का प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया है।इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए पालिका उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने बताया गया की जिलाधिकारी द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा तिगरी मेला 2025 को पूरी तरह कूड़ा मुक्त आयोजन कराये जाने के आदेश देते हुए इसका थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराये जाने के लिए सतत विकास संस्थान, कुरुक्षेत्र को इस कार्य करने के लिए नामित किये जाने हेतु पत्राचार / पंजीकरण किया गया था ।इस कार्य की देखरेख हेतु मेला अधिकारी / अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गरिमा सिंह द्वारा नदीम अख्तर जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शहरी को नामित किया गया। मिनी कुम्भ के नाम से प्रसिद्ध इस विशाल गंगा तिगरी मेला मे इस वर्ष अनुमान के अनुसार 35 से 40 लाख श्रद्धांलुओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी (वि. रा.) महोदया के नेतृत्व मे जनपद की समस्त निकायों द्वारा इस विशाल आयोजन को जीरो वेस्ट आयोजन बनाने के लिए जनजागरूकता, प्रचार प्रसार, व स्वच्छ भारत मिशन के घटको का पालन करते हुए प्रदेश के बड़े मेलो मे इंगित गंगा तिगरी मेला 2025 को पूरी तरहॉ जीरो वेस्ट इवेंट, कूड़ा मुक्त आयोजन बनाने के लिए योजनाबद्ध व व्यवस्थित प्रकार से कार्य किया गया। नामित संस्था द्वारा इसका निरीक्षण व प्रमाणीकरण किया गया। निर्धारित मानको का पूर्ण रूपेण क्रियान्वयन पाए जाने पर सतत विकास संस्थान, कुरुक्षेत्र द्वारा तिगरी गंगा मेला 2025 को सिंगल यूज प्लास्टिक एवं कूड़ा मुक्त महोत्सव का प्रमाण पत्र दिया गया है।मिनी कुम्भ के नाम से प्रसिद्ध गंगा तिगरी मेला जिसमे इस वर्ष 35 से 40 लाख श्रद्धांलुओं द्वारा पुण्य लाभ प्राप्त किया गया है, इतने विशाल आयोजन को प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं कूड़ा मुक्त आयोजन बनाया जाना जनपद की जिलाधिकारी की दूरदर्शिता एवं कुशल नेतृत्व का प्रमाण है। इस आयोजन मे सहयोग करने वाले समस्त जनपदीय विभाग बधाई के पात्र हैं जिन्हों ने इस आयोजन में शत प्रतिशत प्रतिभाग कर के पूर्ण सहयोग प्रदान किया। डा.बृजेश ने इस का श्रेय अपने सभी सहयोगियों और समस्त स्टाफ को देते हुए चेयर प्रश्न शशि जैन का भी आभार जताया जिन के भरपूर सहयोग मिला।







# दोबारा दो करोड़ की लूट करने की थी योजना, रास्ते में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने दबोचा


**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** एसपी केके बिश्नोई व सीओ आलोक भाटी ने मुरादाबाद रोड स्थित सभागार में मामले का पदार्फाश करते हुए बताया कि इस वारदात का मास्टरमाइंड शराब की दुकानों की रिकवरी से भली-भांति परिचित आहुजा ग्रुप में पहले काम चुका संदीप निकला। कर्ज में डूबा संदीप अपनी पत्नी के जेवर गिरवी रखने के बाद भी उधार न उतार पाने पर अपराध के रास्ते पर उतर आया था। घटना 25 नवंबर की शाम की है, जब फील्ड मैनेजर राजेंद्र भाटी और गौरव चौधरी सिरसी स्थित ठेके से कैश रिकवरी कर वापस लौट रहे थे। फिरोजपुर पुल के पास पहुंचने पर दो बाइक सवार बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उनसे रुपयों से भरा बैग और मोबाइल लूट लिए। पुलिस ने लूट के बाद सात टीमें गठित कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी। शहर, मुरादाबाद और अनूपशहर के 300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। तकनीकी जांच से पुलिस आरोपितों के करीब पहुंच चुकी थी, तभी शनिवार की शाम हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र में असली सुराग हाथ लग गया। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को बिना नंबर की बाइक पर पहले अनूपशहर थाना अंतर्गत गांव अचलपुर निवासी संदीप को पकड़ा।उसके पास चोरी की बाइक और 24,600 रुपये मिले। सख्ती से पूछताछ में उसने पूरी वारदात का खुलासा कर दिया। उसने बताया कि वर्ष 2019 में वह आहुजा कंपनी की शराब दुकानों से रिकवरी का काम करता था, इसलिए उसे कैश कलेक्शन का पूरा सिस्टम पता था। कर्ज बढ़ने पर उसने अपने मामा मुकेश यादव और उसके मित्र गौरव वाल्मिकी के साथ लूट की योजना बनाई। तीनों ने 3 नवंबर को जिरौली गांव से एक बाइक चोरी की और फिर कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर निवासी बोबी यादव से आठ हजार रुपये में तमंचे खरीदे। योजना के मुताबिक लूट बाइक से करने और रुपये ले जाने में वैगनार कार का इस्तेमाल करने का प्लान बनाया गया, ताकि पुलिस को शक न हो। 25 नवंबर को मुकेश व गौरव वैगनार कार लेकर अनूपशहर से सिरसी पहुंचे, जबकि संदीप बाइक से उनकी रैकी करता रहा। फतेहउल्लाहगंज के पास स्थित शराब की 10 दुकानों पर नजर रखी गई थी, जहां से प्रतिदिन 7-8 लाख की रिकवरी होने की जानकारी थी। जैसे ही दोनों फील्ड मैनेजर कैश लेकर निकले, आरोपितों ने पीछा किया और फिरोजपुर पुल के पास सूनसान स्थान पर उनसे नकदी से भरा बैग और मोबाइल लूट लिए। लूट के बाद मोबाइल रास्ते में फेंक दिए गए और तीनों संदीप बाइक लेकर अपने गांव चला गया, जबकि मुकेश और गौरव वैगनार में लूट की रकम लेकर नोएडा की ओर भाग गए, लेकिन शनिवार को संदीप की गिरफ्तारी के एक घंटे बाद ही पुलिस की आरोपित गौरव वाल्मिकी और मुकेश यादव से मोहम्मदपुर मालनी रोड पर मुठभेड़ हो गई। दोनों के दाहिने पैर में गोली लगी, जबकि पुलिस ने उनके कब्जे से वैगनार कार, दो तमंचे और 5.34 लाख रुपये बरामद किए। अब पुलिस उन लोगों की तलाश कर रही है, जिन्होंने इन्हें तमंचे बेचे थे। आरोपित संदीप ने बड़ा खुलासा किया। उसने बताया कि इस बार उनका लक्ष्य आहुजा ग्रुप के संभल स्थित कार्यालय में एक से दो करोड़ रुपये की रिकवरी को लूटना था। क्योंक शनिवार और रविवार को शराब की सबसे ज्यादा बिक्री होती है, इसलिए वे शनिवार की रात संभल में रुककर कार्यालय में दोबारा वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन इससे पहले कि वे बड़ी लूट को अंजाम दे पाते, पुलिस ने उन्हें धर दबोचा।

मुकेश की फाइनेंस वाली वैगनार की 35 हजार रुपये की ईएमआई भी लूटे गए पैसों से भरी गई थी। दोनों आरोपितों ने 35-35 हजार के दो मोबाइल और कुछ कपड़े भी खरीद लिए थे।








# फर्जी सिपाही बनकर किया निकाह और रुपये ऐंठते रंगे हाथों पकड़ा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** खुद को सिपाही बताकर एक युवक ने संभल की ही युवती से निकाह कर लिया। जालसाज सायरन और लाल-नीली बत्ती लगी गाड़ी दिखाकर बीवी के मायके वालों पर रौब भी झाड़ता था। शनिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए एक शख्स से 30 हजार रुपये ठगने की फिराक में था। हालांकि शक होने पर दबोचा गया।

सीओ कुलदीप कुमार ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार करने के साथ सायरन और नीली-लाल बत्ती लगी कार सीज कर दी। संभल निवासी सलमान उर्फ मुबारक अली ने करीब तीन महीने पहले खुद को सिपाही बताकर एक युवती से निकाह किया था। इसके बाद से सलमान गांव आता-जाता था। उसकी पुलिस यूनिफार्म, कार पर लगी नीली-लाल बत्ती और सायरन देखकर ग्रामीण शक नहीं करते थे। वह अपनी कार में पुलिस कैप और फर्जी पुलिस का पहचान पत्र की धौंस दिखाकर लोगों में भय बनाकर रखता था। शुक्रवार रात आरोपित ने गांव के ही भोलू से 30 हजार रुपये मांगे। न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। शक होने पर भोलू ने ग्रामीणों की मदद से सलमान को पकड़ लिया। पुलिस ने पूछताछ की तो सलमान ने हकीकत बयां की। सलमान के ससुर जमील ने भी पुलिस को तहरीर दी कि उनकी बेटी से मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार सलमान ने खुद को सिपाही बताकर निकाह किया था। शादी के बाद जब बेटी ने उससे ड्यूटी पर जाने के बारे में पूछा तो वह हमेशा छुट्टी पर होने का बहाना करता था। ज्यादा पूछने पर गाली-गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी देता था।



# अभिषेक सिंह ने अंतर महाविद्यालयीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में जीता रजत पदक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** एस.एम. कॉलेज चंदौसी के छात्र अभिषेक सिंह ने अंतर महाविद्यालयीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के तत्वावधान में के.जी.के. डिग्री कॉलेज मुरादाबाद में 29 नवंबर को आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही। अभिषेक ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। उपलब्धि के उपलक्ष्य में सोमवार को एस.एम. कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार ने अभिषेक को पदक पहनाकर सम्मानित किया, जबकि डॉ. अजय प्रकाश ने उन्हें फूलमाला पहनाकर शुभकामनाएं दीं।



कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व छात्र मौजूद रहे। क्रीड़ा प्रभारी प्रो. दीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अभिषेक शुरू से ही मेहनती व अनुशासित खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभिषेक ने महाविद्यालय के साथ-साथ जिला ओलंपिक संघ सम्भल के आशू के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लिया है, जिसका परिणाम आज इस उपलब्धि के रूप में सामने आया है।

## छात्राओं ने गीता को अनिवार्य विषय बनाने का दिया प्रस्ताव

# जीनियस गर्ल्स स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाई गई गीता जयंती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** पवित्र ग्रंथ भगवद्गीता की जीवन-निर्माण करने वाली प्रासंगिकता को देखते हुए जीनियस गर्ल्स स्कूल में सोमवार को गीता जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। बीते 18 दिनों में स्कूल चेयरमेन पवन कुमार गुप्ता ने गीता के 18 अध्यायों का सार छात्राओं को प्रेरणादायक उदाहरणों सहित समझाया तथा मोक्षदायिनी एकादशी पर मनाई गई 5158वीं गीता जयंती के अवसर पर विद्यालय की ओर से गीता को भारत के सभी स्कूलों में अनिवार्य विषय बनाए जाने का प्रस्ताव रखा गया। छात्राओं ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन ईमेल के माध्यम से भेजा। छात्रा आना ठाकुर द्वारा कार्यक्रम में पढ़े गए ज्ञापन में कहा गया कि गीता विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, कर्तव्यनिष्ठा और सकारात्मक सोच विकसित करने का अद्वितीय माध्यम है। विद्यालय की इस अनूठी पहल की अभिभावकों, स्थानीय नागरिकों और शिक्षाविदों द्वारा व्यापक प्रशंसा की जा रही है। गीता जयंती को जीनियस छात्राओं द्वारा नए और रचनात्मक अंदाज में मनाया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया और बेटियों के उत्साह को और बढ़ाया। कार्यक्रम में चेयरमेन पवन कुमार गुप्ता, ट्रस्टी शोभा वार्ष्णेय, निदेशक सुनील मिश्र, समन्वयक पद्मावती सिंह, सभी अध्यापिकाएँ एवं स्टाफ मौजूद रहे।




# जिलाधिकारी ने की पी०एम० सूर्य घर योजना की समीक्षा,लापरवाही पर अधिकारीयों को हड़काया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में पीएम सूर्य घर योजनांतर्गत संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं वेंडर्स के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी. निधि गुप्ता वत्स ने विभिन्न बैंकों में महीनों से लंबित पत्रावलियों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए फटकार लगाते हुए सुधार न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पीएम सूर्य घर योजना से संबंधित लोन पत्रावलियों को बैंक में अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। इसके साथ बैंकवार लंबित पत्रावलियों की जानकारी कारण सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित पत्रावलियों को 03 दिसंबर तक निस्तारित करना सुनिश्चित करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपस्थित सभी वेंडर्स से भी धनराशि प्राप्त होने के बाद शीघ्रता से सोलर पैनल इंस्टॉल करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ सभी बैंकों के जिला समन्वयक से रिजेक्ट की गई फाइलों की समीक्षा कर रिजेक्ट का कारण सहित बुधवार को होने वाली बैठक में प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए। सभी अधिशासी अधिकारियों को भी शहरी क्षेत्र में लोगों को प्रेरित करते हुए योजना से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन के मध्य योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित किया जाए।पीएम सूर्य घर योजना मुफ्त बिजली योजना के तहत 01 से 10 किलोवाट तक स्थापित संयंत्रों पर सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा। 45 हजार से लेकर करीब 1.08 लाख रुपये का अनुदान मिल सकता है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु नेशनल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना विभिन्न बैंकों द्वारा मात्र 07 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध है।उन्होंने कहा कि पोर्टल पर उपलब्ध अधिकृत वेंडर के माध्यम से ही सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित कराया जाए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी पीओ नेडा मसीह नजम, लीड बैंक मैनेजर सहित विद्युत विभाग व अन्य विभागीय अधिकारी एवं वेंडर्स उपस्थित रहे।



# एसआईआर प्रक्रिया में तेजी: समय सीमा बढ़ी, कार्य में पिछड़ने वाले क्षेत्रों पर बढ़ी चिंता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** राष्ट्र के महत्वपूर्ण कार्यक्रम ह्यएसआईआरह्ल के तहत जनपद में फार्म वितरण और संग्रहण का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रशासनिक अधिकारी और बीएलओ पूरी मेहनत से निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने में जुटे हुए हैं। चुनाव आयोग ने एसआईआर फार्म जमा करने की तिथि बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी है, लेकिन सहयोग की कमी के कारण कई क्षेत्रों में कार्य अभी भी अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। जिन बीएलओ ने अपना कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया है, उन्हें जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने पूर्ण लक्ष्य प्राप्त करने वाले बीएलओ को 2100 रुपये का पुरस्कार दिया। वहीं ब्लॉक बनियाखेड़ा के दो बीएलओ को उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी ने शॉल ओढ़ाकर और नकद राशि देकर सम्मानित किया। उपजिलाधिकारी ने सभी बीएलओ से अपेक्षा की कि वे निर्धारित समयावधि में हर हाल में अपना कार्य पूरा करें।

नगरपालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में बीएलओ निरंतर घर-घर जाकर फार्म वितरण और संग्रहण में लगे हैं। कुछ बीएलओ का कहना है कि उन्होंने फार्म तो वितरित कर दिए हैं, लेकिन कई लोग उन्हें वापस नहीं कर रहे, जिससे कार्य में देरी हो रही है। आवास विकास क्षेत्र में बीएलओ ज्योति द्विवेदी, डॉ. डी.के. अग्निहोत्री, प्रशांत कुमार, नवीन कुमार और सिद्धार्थ पाराशर को एसआईआर फार्म भरवाते हुए देखा गया। इसी प्रकार रघुनाथ आश्रम, पक्का कटरा, कच्चा कटरा सहित अन्य क्षेत्रों में भी बीएलओ डोर-टू-डोर जाकर फार्म संग्रह कर रहे हैं।



# अव्यस्क बालिका अपहरण प्रकरण के मामले में तीन वर्ष की सजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** अव्यस्क बालिका संरक्षण से जुड़े एक पुराने मामले में न्यायालय ने सोमवार, 01 दिसंबर को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, संभल (स्थित चन्दौसी) अवधेश कुमार सिंह ने वर्ष 2013 के एक मामले में आरोपी गुड्डू पुत्र सुंदर निवासी सकतपुर, थाना असमोली को धारा 363 के तहत दोषी पाते हुए तीन वर्ष का कारावास और पाँच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया।

मामले में वादी सतपाल ने 06 दिसंबर 2013 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी शौच के लिए गई थी, लेकिन देर तक वापस नहीं लौटी। बाद में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज हुई और रेप का आरोप भी जोड़ा गया। हालांकि, धारा 376 के आरोप में पर्याप्त साक्ष्य न मिलने पर न्यायालय ने आरोपी को इस आरोप से दोषमुक्त कर दिया।

न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अपहरण का अपराध सिद्ध माना और आरोपी को तीन वर्ष की सजा सुनाई। मामले की प्रभावी पैरवी एडीजीसी आदित्य कुमार सिंह द्वारा की गई।

# जिला उपभोक्ता प्रतितोष विवाद आयोग ने सुनाया अपना फैसला, उपभोक्ता को जारी गलत एरियर बिल निरस्त कर एक माह में जुर्माना अदा करने का आदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** जिला उपभोक्ता प्रतितोष विवाद आयोग अमरोहा ने बिजली रीडिंग स्टोर के नाम पर अधिवक्ता मनु शर्मा के आवास में गलत तरीके से विद्युत विभाग द्वारा की गई चेकिंग रिपोर्ट को त्रुटिपूर्ण मानकर 30 हजार रुपए के गलत बिल को निरस्त करते हुए उपभोक्ता को 25 हजार रुपए का जुमार्ना अदा करने के आदेश दिए हैं ।गौरतलब है कि गत वर्ष फरवरी में मोहल्ला कोट निवासी शरद कुमार शर्मा के घर पर विद्युत विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग करके पुराना मीटर बदलकर उनके घर के बाहर नया मीटर स्थापित किया था। जिसके उपरांत विघुत विभाग द्वारा उनके उतारे गये मीटर में गलत रीडिंग दर्शा कर एरियर के 30 हजार रुपए बिल में जोड़कर जारी बिल जारी कर दिया गया।जबकि उनका कहना है कि उनके द्वारा कभी भी मीटर में रीडिंग स्टोर नहीं की गई प्रत्येक माह विद्युत विभाग का ही कर्मचारी रीडिंग लेकर जाता है वह उसी बिल के अनुसार बिल धनराशि जमा करते आए हैं।जिसे उनके अधिवक्ता बेटे मनु शर्मा एडवोकेट द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग में चुनौती दी गई। केस की सुनवाई के उपरांत दोनों पक्षों द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों एवं प्रपत्रों का गहनता से परीक्षण और अध्ययन करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष रमा शंकर सिंह एवं महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने विद्युत विभाग द्वारा दिए गए जवाब से असंतुष्ट होकर अपने आदेश में यह माना कि उक्त प्रकरण में उपभोक्ता पर अपने मीटर में किसी प्रकार की कोई छेड़छाड़ नहीं की गई बल्कि उपभोक्ता व उनके पड़ोसी के बीच हुए विवाद के दबाव वश विद्युत विभाग ने मनगढ़ंत कार्यवाही की है।जबकि उसके पुराने मीटर में कोई त्रुटि किए जाने और जांच रिपोर्ट में कोई त्रुटि न पाए जाने के बाद भी गलत तरीके से बिल जारी किया गया है। जो निरस्त होने योग्य है।विद्युत विभाग द्वारा कथित मीटर जांच के आधार पर जारी किए गए गलत बिल धनराशि 30,369.84 रूपए को निरस्त कर दिया है।संबंधित उपभोक्ता द्वारा जो भी धनराशि पूर्व में जमा की गई है उसे भविष्य के देयकों में समायोजित करते हुए विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ता को मानसिक व आर्थिक क्षति के 15 हजार रुपए और परिवाद व्यय के रूप में 10 हजार रुपए अदा करने का आदेश दिया है।मनु शर्मा का कहना है कि विधुत विभाग सदैव अपनी गलत कार्य प्रणाली के चलते चर्चा में रहता है परंतु सुधर नहीं करता उन्होंने कहा की उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है ताकि भ्रष्टाचार समाप्त हो सके।


मनु शर्मा एडवोकेट

## विरोध — कार्यों के विरोध में शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया

# ग्राम पंचायत अधिकारी कर रहे काली पट्टी बांधकर कार्य असमोली में ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**असमोली (मोनू सिंह)।** ग्राम पंचायत अधिकारी कर रहे काली पट्टी बांधकर कार्य असमोली में ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध। विकासखंड असमोली में ग्राम पंचायत अधिकारियों व ग्राम विकास अधिकारियों ने ऑनलाइन उपस्थिति (एफआरएस) और गैर विभाग है कार्यों के विरोध में शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया।

ये अधिकारी अपनी बाजू पर काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य कर रहे हैं। ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समिति के तत्वावधान में यह आंदोलन सोमबार को शुरू हुआ।

विकासखंड क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायत में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी शामिल है। सभी सचिव 1 दिसंबर से 4 दिसंबर तक शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन के तहत काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य करेंगे यदि उनकी मांगे नहीं मानी जाती तो वह 5 दिसंबर को धरना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा अधिकारियों ने सास के कार्य करते हुए ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया उनका कहना है कि उन्हें ऑनलाइन हाजिरी के अलावा कई ऐसे गैर विभाग के कार्य भी दिए जा रहे हैं जो उनके मूल दायित्वों का हिस्सा नहीं है। इस मौके पर रनजीत सिंह, कुनाल चौधरी, विनीत चौधरी ,रविकांत, शैलेंद्र ,सतपाल सैनी, पुष्पेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, ओमवीर सिंह, शिव कुमार आदि ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी शामिल रहे।




# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असमोली में संगोष्ठी का क्या गया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**असमोली (मोनू सिंह)** ।वर्ल्ड एड्स दिवस के उपलक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असमौली में संचालित क्ळळउ केंद्र द्वारा चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर हेमंत कुमार के नेतृत्व में एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें एचआईवी / एड्स के बारे में जानकारी दी गई । जिसमे डॉक्टर हेमंत कुमार द्वारा एचआईवी किस तरह से फैलता है यह बताया गया तथा वैभव गुप्ता (परामर्शदाता) द्वारा एचआईवी के बचाव से संबंधित समस्त जानकारी दी गई । और यह भी बताया गया कि सभी सरकारी अस्पतालों में इसकी जाँच निःशुल्क कि जाती है, हर गर्भवती महिला को पहले त्रिमाही में अपनी सभी जाँचे करा लेनी चाहिए । और सभी को अपना एचआईवी स्टेटस पता होना चाहिए । एचआईवी कि दवाई ART केन्द्र पर निःशुल्क मिलती है, और संक्रमित व्यक्ति दवाई खाते हुए अपनी पूरी ज़िन्दगी जी सकता है । यह समस्त जानकारी सभी को दी गई । इस उपलक्ष्य में बीपीएम अभिषेक, लैब टेक्नीशियन आशुतोष शर्मा, पुनीत यादव, ललित कुमार, फि रोज खान, रळर मतीन, स्टाफ नर्स पूजा, कल्पना, और अस्पताल में आए अनेक लाभार्थी एवं आशाएं उपस्थित रहीं ।



# मेरठ के पूठा में तेल गोदामों में हो रहा है तेल चोरी व मिलावट का बड़े स्तर से खेल भाकियू इंडिया ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संदीप तितौरिया ने नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री, भारत सरकार को पत्र भेजकर अवगत कराया कि मेरठ में तेल कम्पनियों के डिपो पर कार्यरत तेल ढुलाई के लिये कार्यरत ट्रांसपोर्ट ठेकेदारों द्वारा डिपो से तेल भरने के बाद तेल चोरी कर उसमें एथनोल आदि की मिलावट की जाती है कई बार जनहित में इस सम्बन्ध में शिकायत की जा चुकी है। पर स्थानीय स्तर पर जांच होने के कारण पुलिस द्वारा लीपापोती कर दी जाती है। इसलिए पत्र में मांग की गई है कि जांच सी.बी.आई. से कराई जाये तथा साथ ही तेल माफियाओं की सम्पत्ति की जांच प्रवर्तन निदेशालय से कराई जाये।



तेल की मिलावट व चोरी का खामियाजा तेल डिपो से सम्बन्धित सभी जगहों के वाहन स्वामियों को भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि मिलावटी तेल से वाहनों के इंजन खराब होने के साथ ही तेल डिपो के पास चोरी के तेल का भंडारण होने से कभी भी आग लग सकती है और मेरठ सहित आस-पास के शहर भी इसकी चपेट में आ सकते है। मेरठ एन.सी.आर. का हिस्सा है और घनी आबादी वाला क्षेत्र है, यह एक जनहित का मामला है इसलिए इस प्रकरण में शीघ्र ही जांच की मांग की गई। इसी क्रम में कल रात अलीगढ़ से कन्हैया लाल नामक माफिया ए.टी.एस. द्वारा उठाया गया है। यदि सही जांच की गई तो कन्हैया लाल से इस तेल के खेल की पूरी गुत्थी सुलझ सकती है। तितौरिया ने बताया कि इस सम्बन्ध में उनके पास समस्त साक्ष्य उपलब्ध है। यह भी बताया कि डिपो में कार्यरत अधिकारी इनसे मिले हुए है।

# सुभारती लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों का जिला कारागार मेरठ में शैक्षणिक भ्रमण एवं लोकप्रिय अस्पताल किठौर में निःशुल्क परामर्श शिविर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के बीएएलएलबी पंचम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए चौधरी चरण सिंह जिला कारागार मेरठ का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह भ्रमण सुभारती विधि महाविद्यालय के निदेशक श्री राजेश चन्द्रा (पूर्व न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय) के दिशा-निर्देश तथा संकायाध्यक्षा एवं प्रधानाचार्या प्रो. (डॉ.) रीना बिश्नोई के संरक्षण में आयोजित किया गया। प्रो. बिश्नोई द्वारा विद्यार्थियों को इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाते हुए कहा गया कि कानून समाज का आधार है और एक भावी विधि व्यवसायी के रूप में संवेदनशीलता एवं न्याय के प्रति सम्मान अत्यावश्यक है। 27 विद्यार्थियों का समूह डॉ. आफरीन अलमास तथा हर्षित के नेतृत्व में जिला कारागार पहुँचा और जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा से मुलाकात की। विद्यार्थियों को जेल




मैनुअल, सुरक्षा व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया, कैदियों के अधिकारों सहित कई महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। उपाधीक्षक क्षमा शर्मा ने कौशल- विकास गतिविधियों सिलाई, बागवानी, खेल उत्पाद निर्माण, बेकरी, जिम, पाठशाला, योग आदि का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। महिला विद्यार्थियों ने महिला बैरक का भ्रमण कर महिला बंदियों की सुविधाओं एवं समस्याओं को समझा। विद्यार्थियों ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से चलने वाली पेशी प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। संवाद सत्र में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर आयुष, दिया, व्योम, प्रकृति, यश, देवांश आदि विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक दिया। भ्रमण में जोया, शुभांगी, अदिति, सुमन, सुरभि, श्वेता, प्रेरणा, रिया, दृष्टि, पीयूष, भारती, सोनिया, क्षितिज, गोविंद सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे। जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा एवं उपाधीक्षक क्षमा शर्मा ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

वहीं दूसरी ओर लोकप्रिय अस्पताल किठौर में विभिन्न सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों द्वारा एक निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 500 मरीजों ने अपने रोगानुसार परामर्श एवं उपचार का लाभ उठाया। शिविर में परामर्श के साथ-साथ निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं तथा फेफड़ों की जांच, ईसीजी, शुगर एवं खून की कमी की जाँचें निःशुल्क की गईं। शिविर में फिजिशियन डॉ. सुनील कुमार कौशिक, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जगदीश जयनन्दा, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. आकाश, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्व मोहन गर्ग, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वर्णिका गर्ग, जनरल सर्जन डॉ. हयात खान, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हामिद खान, यूरोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ आर्या, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. राजा एवं डॉ. सिमरन, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. चेतन चौहान सहित चिकित्सकों की टीम ने निःशुल्क सेवाएँ प्रदान कीं।

# शादी की पहली को गायब हुआ मोहसिन हरिद्वार से सुरक्षित मिला, पुलिस की मेहनत रंग लाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** नगर के मोहल्ला ऊंचापुर निवासी सईद के पुत्र मोहसिन, जो शादी की पहली ही रात संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था, अब हरिद्वार से सकुशल मिल गया है।बुधवार को मोहसिन की खतौली निवासी युवती से शादी हुई थी। परिजनों के अनुसार बुधवार देर रात लगभग 1 बजे वह घर से यह कहकर बाहर निकला कि कुछ सामान लेकर आता है, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिवार ने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। खोजबीन के दौरान दौराला गंगनहर पुल के सीसीटीवी कैमरे में मोहसिन को रात में पुल की ओर जाते हुए देखा गया था, जिसके चलते आशंका जताई जा रही थी कि उसने गंगनहर में छलांग लगा ली हो। हालाँकि राहत की बात यह रही कि बाद में जानकारी मिली कि मोहसिन हरिद्वार में सुरक्षित है। पुलिस और परिवार के लोगों ने वहाँ से उसे सकुशल बरामद




कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को सक्रिय कर दिया गया था। तकनीकी और मानवीय संसाधनों की मदद से लगातार तलाश जारी रखी गई। खुशी है कि युवक सुरक्षित मिल गया है। परिवार की चिंता अब दूर हो गई है।परिजनों ने राहत की सांस लेते हुए पुलिस का सहयोग करने पर धन्यवाद व्यक्त किया।

# नवंबर माह के बेस्ट एम्पलाई ऑफ द मंथ सम्मान से मुख्य चिकित्साधिकारी के स्टेनो पाकेश कुमार को किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ. एम.ए.तोमर)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत स्टेनो पाकेश कुमार को उत्कृष्ट कार्य,निष्ठा और कार्यालयीय दायित्वों के प्रति समर्पण के लिए माह नवंबर के बेस्ट एंप्लॉयी ऑफ द मंथ सम्मान से पुरस्कृत किया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।



डॉ. सुनील तेवतिया ने कहा कि पाकेश कुमार सदैव समयबद्धता,अनुशासन और कार्य के प्रति पूर्ण तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।उनका व्यवस्थित कार्यप्रणाली, संवेदनशील व्यवहार और गुणवत्तापूर्ण दायित्व निर्वहन उन्हें कार्यालय के सभी कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनाता है।

# विद्युत विभाग कर रहा है किसी दुर्घटना का इंतजार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** विद्युत विभाग की लापरवाही से हो सकती है दुर्घटना क्या विभाग किसी बड़े हादसे का कर रहा है इंतजार लोहिया नगर थाना क्षेत्र के जाकिर कॉलोनी गली नंबर 15 में बिजली के तार लोगों के सारों पर आ चुके हैं मोहल्ले वासियों ने बताया कि विद्युत विभाग को इन तारों से अवगत कराया जा चुका है इसकी सूचना विद्युत विभाग को दी जा चुकी है बीते दिनों छोटे मासूम बच्चे लटके हुए तारों से खेलते नजर आए राहगीरों ने यह नजारा देखा तो तुरंत परिवार के लोगों को सूचना दी और बच्चों को किसी बड़ी घटना का शिकार होने से बचा लिया । अक्सर खंबे पर शॉर्ट सर्किट होते रहते हैं लेकिन विभाग किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है आखिर यह कब तक इसी तरह तारों की समस्या का सामना करना पड़ेगा मोहल्ले वासियों ने जाकिर कॉलोनी वार्ड 87 पार्षद शरीफ को इसकी जानकारी दी तो पार्षद शरीफ ने तारों का संज्ञान लेते हुए



एसडीओ साहब को इसकी सूचना दी और जल्द ही इस समस्या का समाधान का आश्वासन दिया?

# मासिक सामूहिक राष्ट्रगान में शहीदों को नमन कर चौ. चरण सिंह के आदर्शों का राष्ट्रीय सामाजिक संस्था अध्यक्ष समाजसेवी मनीष चौधरी ने किया स्मरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ. एम.ए.तोमर)।** परिक्रमा मार्ग स्थित चौधरी चरण सिंह चौक सोमवार की सुबह राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकता के रंग में रंगा नजर आया जब राष्ट्रीय सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित मासिक सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।हर माह की पहली तारीख को आयोजित होने वाली इस जनजागरण पहल ने इस बार भी राष्ट्रवाद,भाईचारा और सामाजिक सरोकारों का मजबूत संदेश दिया।कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी मनीष चौधरी ने ध्वजारोहण कर की।इसके बाद उपस्थित सैंकड़ों लोगों ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाकर राष्ट्र के प्रति अपने सम्मान और प्रतिबद्धता को प्रकट किया। मुख्य अतिथि के





रूप में पहुंचे बाल रोग विशेषज्ञ डाक्ट्र गिरीश कुमार का संस्था की टीम के सदस्यों केपी चौधरी एवं भारत वीर प्रधान ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के आदर्शों और उनके किसानहितैषी जीवन दर्शन को विशेष रूप से याद किया गया। वक्ताओं ने उनके सादगीपूर्ण व्यक्तित्व,कार्यकुशलता और किसानों की आवाज को बुलंद करने वाले योगदान को देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।साथ ही सीमा सुरक्षा बल स्थापना दिवस के अवसर पर देश के अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि मासिक सामूहिक राष्ट्रगान केवल परंपरा नहीं,बल्कि राष्ट्रसमर्पण की एक जीवंत अनुभूति है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रगान गाते हुए हम अपने देश,अपनी संस्कृति और अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा को फिर से पुष्ट करते हैं। चौधरी चरण सिंह को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि उनका आदर्श जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्रनिर्माण सत्ता से नहीं,बल्कि मूल्यों, ईमानदारी और कर्मठता से होता है। उन्होंने सीमा सुरक्षा बल के अमर वीरों का स्मरण करते हुए कहा कि उनके बलिदान ने ही देश की सीमाओं को सुरक्षित रखा है। हर

# जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव मोहन गोयल के पिता की तेरहवीं में श्रद्धांजलि देने के लिए उमडा जनसैलाब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राजीव मोहन गोयल के पूज्य पिता श्रद्धेय राधेश्याम गोयल की तेरहवीं पर रविवार को मुजफ्फरनगर के गांधी कॉलोनी गली नं. 12 स्थित उनके आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने जनसैलाब उमड़ पड़ा।सामाजिक,राजनीतिक, शैक्षिक और पत्रकारिता जगत के अनेक दिग्गजों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।इस अवसर पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा,वैश्य सभा अध्यक्ष प्रदीप मित्तल,संयुक्त वैश्य मोर्चा अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल,पूर्व राज्यमन्त्री (दर्जा प्राप्त) महेश बंसल,अखिल भारतीय अग्रजन महासभा के सचिव इंजीनियर बसन्त कुमार गोयल,वरिष्ठ नेता आकिल राणा,पीआर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अशोक सिंघल,नेताजी सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल (आदर्श कॉलोनी) के संस्थापक पुरुषोत्तम सिंघल,कूकड़ा के पूर्व प्रधान मुकेश गुप्ता,नयन जागृति समाचार पत्र के संपादक शिवम जैन,गांधी कॉलोनी के सभासद अमित पटपटिया,पूर्व सभासद प्रेमी छाबड़ा,गांधी कॉलोनी हाउसिंग सोसाइटी के चेयरमैन पवन छाबड़ा,विनोद छाबड़ा,लायंस क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी मुकेश अरोरा,डाक्ट्र धर्मेंद्र चौधरी,हरि भाटिया,कीर्ति भाटिया,गिरधारी लाल,पंडित सतीश चंद शर्मा,लोक जनशक्ति पार्टी बागपत की अध्यक्षा प्रतिमा सिंह,राजकीय इन्टर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य शैलेन्द्र त्यागी और बृजेश कुमार,वर्तमान प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र,पूर्व शिक्षा अधीक्षक भगवानदास अरोरा आदि समेत कई प्रमुख हस्तियों ने राधेश्याम गोयल



के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित और उन्हें महान देशभक्त,सरल हृदय एवं गरीब,वंचित और पिछड़े वर्गों के सच्चे सेवक के रूप में याद किया।श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील तायल,राजवंश सभा के शलभ गुप्ता एडवोकेट,मैजिक डांस अकैडमी के निदेशक और कोरियोग्राफर मोहन अरोड़ा,बंसल कोचिंग संस्थान के प्रबंधक दीपक बंसल,जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुज अग्रवाल,महासचिव काजी अमजद अली, कोषाध्यक्ष शरद शर्मा,जिला अध्यक्ष डाक्ट्र धर्मेंद्र सिंह सहित पत्रकारिता जगत की अनेक हस्तियाँ वरिष्ठ पत्रकार कमल मित्तल,मेहराब खान,नैय्यर अब्बास नकवी,प्रवीण शर्मा, नीतीश मलिक,भरतवीर प्रजापति ने भी दिवंगत को नमन किया।इसके अतिरिक्त कई जिलों के एसोसिएशन पदाधिकारी भी मौजूद रहे।कार्यक्रम में एडवोकेट फिरोज राणा,लेखक एवं वरिष्ठ पत्रकार नादिर राणा,पत्रकार तस्लीम बेनकाब,वरिष्ठ पत्रकार डाक्ट्र एम ए तोमर,पत्रकार रचित गोयल,अमजद रजा तथा जय समता पार्टी के युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन बंसल भी

**लापरवाही**

## मानको व नियमों के तहत किया गया था तालाब का जीर्णोद्धार: जितेंद्र सैनी सहायक अभियंता लघु सिंचाई विभाग

# लघु सिंचाई विभाग व ठेकेदार की लापरवाही ने ली थी मेरे पुत्र की जानः सुरेंद्र त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ. एम.ए.तोमर)।** जनपद मुजफ्फरनगर के गाँव निमार्ना में वर्ष 2023 की 7 जून को एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया था।घटना मे गांव निमार्ना निवासी सुरेंद्र त्यागी के 30 वर्षीय पुत्र मोनू त्यागी की गांव में स्थित तालाब मे डूबकर हुई मौत ने एक परिवार को बेसहारा कर दिया था।घटना को लेकर ग्रामीणों एवं मृतक के पिता ने लघु सिंचाई विभाग और ठेकेदार पर घोर लापरवाही के आरोप लगाए थे।ग्रामीणों का आरोप है कि युवक की मृत्यु का कारण सिंचाई विभाग और ठेकेदार के द्वारा तालाब में बनाए गए मौत के 20 फुट गहरे जाल व भूले नहीं जा सकने वाले गड्ढों को बताया गया।उनका कहना है कि ठेकेदार ने निर्माण कार्य के दौरान गांव के पानी को रोकने के लिए 20-20 फुट के गहरे गड्ढे बनाए थे जो निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बंद नहीं किए गए।ग्रामीणों एवं मृतक के पिता ने बताया कि 7 जून 2023 की शाम मोनू त्यागी अपने बछड़े को बचाने के लिए तालाब की ओर दौड़ा।पर उसे क्या पता था कि जिस तालाब में वह उतर रहा है उसी में उसकी मौत छुपी बैठी है।उनका कहना है कि तालाब में लघु सिंचाई विभाग एवं ठेकेदार विवेक त्यागी द्वारा खुदाई के दौरान बनाए गए 20 फुट गहरे गड्ढे बनाए गए थे।तथा काम पूरा होने के बावजूद ना तो गड्ढों को भरा गया और ना ही चेतावनी के बोर्ड लगाए गए।इन्हीं गहरे गड्ढों में डूबकर मोनू की मौत हो गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि यह एक ऐसी लापरवाही थी जिसने एक घर का चिराग बुझा दिया था ग्रामीणों ने बताया कि इस तालाब को गावं में मौत का तालाब कहा जाता हैं क्योंकि इस तालाब ने पहले भी तीन मासूम जिंदगियां निगल लीं है जिनमे रफीक का 8 वर्षीय पुत्र नदीम निर्माण कार्य के दौरान ही डूबकर मौत के मुंह में चला गया।तथा पूर्व मे भी फरीदा पुत्री रफीक (10 वर्ष) और शानो पुत्री सादिक (11 वर्ष) एक साथ इसी खतरनाक तालाब में समा गईं थी।ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब की वास्तविक गहराई 9 फीट थी पर गहरे गड्ढों और पानी भराव के कारण यह अब 15 फीट से ज्यादा गहराई तक खतरनाक हो चुका है।वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब में मछली पालन कराए जाने के कारण लगातार ट्यूबवेल चलाकर पानी भरा जाता है जबकि निकासी की कोई व्यवस्था नहीं हैं साथ ही बरसात में तालाब का पानी सड़क पर फैल जाता है जिससे तालाब के पास में स्थित स्कूल में जाने वाले बच्चों का रास्ता बंद हो जाता है।तालाब के तीनों ओर बसी बस्ती हर समय गंदे पानी और बदबू की मार झेल रही है।ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के समय में तालाब में पलने वाली मछलियां रास्तों में आ जाती हैं जिन्हें कुत्ते मुंह में लेकर रास्तो,घरों,व मंदिरों में डाल देते हैं जिससे ग्रामीणों का जीवन दुश्वार हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के जीर्णोद्धार के लिए 73 लाख का खर्चा दिखाया गया है जो कि सिर्फ कागजों में है मौके पर कोई कार्य नहीं हुआ है।ग्रामीणों ने बताया कि आरटीआई में बड़ा खुलासा हुआ कि खसरा संख्या 309 के तालाब के सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार के नाम पर 73 लाख 33 हजार रुपये का बजट जारी दिखाया गया।जिसका प्रस्ताव 2019-20 में पारित हुआ लेकिन मौके पर एक ईंट तक नहीं लगी और धरातल पर कोई भी कार्य नहीं हुआ।ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग और ठेकेदार ने बंदरबांट कर पूरा बजट हजम कर लिया और तालाब को मौत का जाल बनाकर छोड़ दिया।मृतक के पिता सुरेंद्र त्यागी ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि मोनू उनका एकलौता बेटा था जो कि इंटर पास था तथा कंप्यूटर कोर्स कर चुका था और नोएडा की कंपनी में कार्य करता था तथा कोरोना के बाद घर पर रहकर ही वर्क-फ्रॉम-होम कर रहा था।तथा पूरे घर की जिम्मेदारी वही उठा रहा था जिसकी मृत्यु से परिवार असहाय हो गया है क्योंकि वह ही परिवार का एक मात्र लालन पालन करने वाला था।उन्होंने बताया कि वह दो महीने तक न्याय के लिए जिला प्रशासन के चक्कर काटते रहे और उन्होंने सहारनपुर कमिश्नर के यहां भी गुहार लगाई लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिला तब उन्होंने थक हारकर न्याय के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता देखते हुए जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर को तलब किया और सख्त आदेश दिया कि पूरे प्रकरण की गहन जांच कर रिपोर्ट जल्द से जल्द अदालत में प्रस्तुत की जाए।हाईकोर्ट में डीएम डीएम द्वारा पेश किए गए हल्फनामें को अस्वीकार करते हुए विभाग को पूरी प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ 8 दिसंबर 2025 को हाई कोर्ट में तलब किया है जिससे प्रशासन पर दबाव बढ़ गया है।




वहीं सहायक अभियंता लघु सिंचाई विभाग जितेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि इस तालाब का वर्ष 2019-20 में नियमों एवं मानक के अनुसार जीर्णोद्धार किया गया था। जिसमें दूषित जल की निकासी के बाद तालाब की तली में वर्षों से जमीं कीचड़/गाद/श्लस की निकासी के उपरांत तालाब मिट्टी खुदाई की गई थी जिससे वर्षा जल आसानी से भूगर्भ में रिचार्ज हो सके तथा निरंतर घटते जल स्तर को बढाया जा सके।सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि तालाब की निकली मिट्टी से तालाब के चारों ओर मिट्टी के बंधो तथा वर्मों का निर्माण किया गया था तथा निर्माण कार्य के दौरान इस तालाब का समय-समय पर विभिन्न अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया गया था तथा अधिकारियों की देखरेख में ही इस तालाब का जीणोद्धार नियमों एवं मानकों के अनुरूप किया गया था।उन्होंने बताया कि पानी के सुगम प्रवेश एवं वर्षा के समय अतिरिक्त जल निकासी के लिए पक्के इनलेट व पक्के आउटलेट बनवाए गए थे तथा पशुओं के पानी पीने के लिए प्रवेश हेतु पक्के रैम का निर्माण किया गया था।जितेंद्र कुमार सैनी से पूछने पर कि तालाब की गहराई मानक के अनुसार नहीं है तो उन्होंने बताया कि तालाब की गहराई मानक के अनुसार 3 मीटर से ही अधिक होनी चाहिए और तालाब की गहराई 3 मीटर से ही अधिक है क्योंकि अगर तालाब की गहराई कम होगी तो उसका पानी तालाब से बाहर निकलने लगेगा।लघु सिंचाई विभाग के अभियंता जितेंद्र कुमार सैनी का कहना है कि तालाब का जीर्णोद्धार वर्ष 2019-20 में हुआ था इसके जिर्णोद्धार को लगभग 6 साल का समय हो चुका है जीर्णोद्धार के समय एवं वर्तमान समय में तालाब के स्वरुप में थोड़ा बहुत परिवर्तन हो सकता है।क्योंकि वर्षा के समय में तालाब के किनारे की कुछ मिट्टी कट-कट कर तालाब में समा जाती है।उनका कहना है कि जीर्णोद्धार के समय तालाब के किनारे पर सुरक्षा हेतु जो बंध एवं वर्म बनाए गए थे वर्तमान समय में भी तालाब के किनारो पर बंध का कुछ स्वरूप दिखाई दे रहा

**यह प्रकरण हाई कोर्ट में है अब देखना यह है कि हाई कोर्ट इस प्रकरण में क्या डिसीजन लेता है क्योकि एक तरफ ग्रामीणों का आरोप है कि मृतक मोनू त्यागी की मौत लघु सिंचाई विभाग एवं ठेकेदार की लापरवाही के कारण तालाब में डूबने के कारण हुई थी तो वहीं लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तालाब के जीर्णोद्धार में कोई भी लापरवाही नहीं की गई थी तालाब का जीर्णोधार नियमों एवं मानकों के अनुरूप किया गया था।**

# स्टूडेंट मेरिट अवॉर्ड एवं लीडरशिप एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 का अल्पसंख्यक स्कूल विकास मंच द्वारा किया गया भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** अल्पसंख्यक स्कूल विकास मंच द्वारा गॉड्स ग्रेस इंटर कॉलेज में स्टूडेंट मेरिट अवॉर्ड एवं लीडरशिप एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 का भव्य आयोजन किया गया जिसमें जिले भर के विद्यार्थी, शिक्षक,अभिभावक और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।इस कार्यक्रम का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के मेधावी छात्रों,प्रतिभाशाली युवाओं और शिक्षा व समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत मौलाना द्वारा कुरान शरीफ की किरात और दुआ के साथ हुई। मुख्य अतिथि डाक्ट्र नवाज देवबंदी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा और नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला।वहीं जहीर फारूखी,चेयरमैन पुरकाजी ने मेधावी छात्रों को समाज की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए उन्हें सही दिशा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने एसआईआर अभियान के बारे में भी जानकारी देते हुए लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।स्टूडेंट मेरिट अवॉर्ड के तहत विभिन्न विद्यालयों और कक्षाओं के 400 उत्कृष्ट छात्रों को शैक्षणिक उत्कृष्टता, विज्ञान-तकनीक में नवाचार, खेल उपलब्धियों और सामाजिक कार्यों के आधार पर सम्मानित किया गया।मंच के अध्यक्ष मरगूब इलाही ने बताया कि इस बार रिकॉर्ड संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे। लीडरशिप एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 उन युवाओं को समर्पित रहा जिन्होंने शिक्षा सुधार,समाज सेवा,पर्यावरण जागरूकता,नवाचार और सामुदायिक विकास में विशेष भूमिका निभाई। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।मंच की इस पहल की सभी अतिथियों,शिक्षाविदों और अभिभावकों ने सराहना की। मंच के महासचिव जहांगीर आलम ने घोषणा की कि आने वाले वर्षों में इस कार्यक्रम को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा और अधिक विद्यालयों एवं छात्रों को इसमें जोड़ा जाएगा।समापन सत्र में साजिद हसन ने



सभी सम्मानित विद्यार्थियों और युवाओं को शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में मरगूब इलाही (शमा मॉडर्न जूनियर हाई स्कूल, खालापार),डाक्ट्र अरशद (सम्राट इंटर कॉलेज),मोहम्मद हाशिम त्यागी (स्काई लार्क पब्लिक स्कूल),मोहम्मद आबिद (अजीम पब्लिक स्कूल), मोहम्मद शाहवेज (आर.एन. पब्लिक स्कूल),मोहम्मद इमरान (न्यू गोल्डन फ्यूचर जूनियर हाई स्कूल),मोहम्मद समीर (मदरसा महमूदिया), मोहम्मद नाजिम (एस.एस.एन. स्कूल),जहांगीर आलम (मदनी इंटरनेशनल स्कूल),साजिद हसन त्यागी (गॉड्स ग्रेस इंटर कॉलेज) और शाहबाज खान (यूनिक इंटर कॉलेज) का विशेष सहयोग रहा।

# विकासखंड भदपुरा में पंचायत सचिवों ने किया विरोध प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**क्योलड़िया।** भदपुरा विकासखंड परिसर में ग्राम पंचायत अधिकारियों और ग्राम विकास अधिकारियों ने सोमवार को ब्लॉक कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन एफआरएस ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली और गैर-विभागीय कार्यों के विरोध में किया

**पंचायत सचिवों ने कहा कि वे अब बोझिल कार्यप्रणाली और अव्यवस्थित ऑनलाइन सिस्टम का दबाव नहीं झेलेंगे**




गया। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया।

सोमवार को भदपुरा ब्लॉक मुख्यालय पर पंचायत सचिव एकत्र हुए। उन्होंने काली पट्टी बांधकर काम किया, हालांकि इस दौरान सामान्य कामकाज सुचारू रूप से जारी रहा। पंचायत सचिवों ने एफआरएस ऑनलाइन उपस्थिति और गैर-विभागीय कार्यों के प्रति अपनी आपत्ति व्यक्त की।

सचिव अमित कुमार आर्य ने बताया कि एफआरएस ऑनलाइन उपस्थिति और गैर-विभागीय कार्यों के विरोध में 1 से 4 दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य किया जाएगा। इसके बाद, 5 दिसंबर से पंचायत सचिव धरने पर बैठेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सभी सरकारी व्हाट्सएप समूहों से सामूहिक रूप से लेफ्ट हो जाएंगे और 10 दिसंबर से सभी सचिव निजी वाहनों का प्रयोग पूरी तरह बंद कर देंगे। पंचायत सचिवों ने कहा कि वे अब बोझिल कार्यप्रणाली और अव्यवस्थित ऑनलाइन सिस्टम का दबाव नहीं झेलेंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।

इस मौके पर अमित कुमार आर्य, पुष्पेंद्र सिंह, संगीता देवी, नरेश पाल सागर, सुरेंद्र वर्मा, विशाल दिक्षित,सहित आदि ग्राम पंचायत सचिव ब ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालय में "भारतीय भाषा उत्सव" 4 से 11 दिसंबर तक मनाया जाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** परिषदीय विद्यालयों में 4 से 11 दिसंबर तक कथा, कविता और संवाद की सांस्कृतिक धारा बहेगी। इस दौरान भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर किया जाएगा। प्रदेश के 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों के लगभग 1.48 करोड़ बच्चे इसमें सहभागी बनेंगे। कई भाषा, एक भावना थीम पर आधारित भारतीय भाषा उत्सव के आयोजन के विस्तृत निर्देश जारी कर दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह के मुताबिक इस आयोजन का उद्देश्य बच्चे अपनी स्थानीय भाषा और मातृभाषा पर गर्व महसूस करें।




## चार चीनी मिलों में हुई "36.44 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई" गन्ने का 25 करोड रुपए बकाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिले की चार गन्ना मिलों से अब तक करीब 36.44 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई हो चुकी है लेकिन अभी गन्ने का 25 करोड़ रुपये का बकाया किसानों को नहीं मिल सका है। भुगतान नहीं होने पर किसान संगठनों ने नाराजगी जताई है।जिला गन्ना कार्यालय के अनुसार बेलवाड़ा चीनी मिल ने 7.82 लाख क्विंटल, रानीनांगल ने 10.58 लाख क्विंटल, बिलारी चीनी ने 7.86 लाख क्विंटल और अगवानपुर चीनी मिल ने 10.18 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई अभी तक की है। तीन दिन देरी से शुरू हुई इस पेराई सत्र में चार चीनी मिलों में 36.44 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई हो चुकी है। पिछले साल की तुलना में पेराई की गति धीमी है।गन्ना पेराई शुरू होने के बावजूद राणा ग्रुप की बिलारी चीनी मिल ने किसानों के गन्ने का बकाया 25 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया है। जिला गन्ना अधिकारी राम किशन ने बताया कि इस मामले में मिल प्रबंधन पर दबाव बनाया गया है। शीघ्र ही भुगतान कराया जाएगा। भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने गन्ने का बकाया भुगतान नहीं होने पर जिले के अधिकारियों से नाराजगी जताई है।

## अब महीने में "चार बार हो सकेगी गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत अब महीने में एक बार की बजाय चार तिथियों में आशाएं गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच करा सकेंगी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राज दुलारी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत अब तक सिर्फ महीने की नौ तारीख को ही आशाएं गर्भवती महिलाओं को विशेष जांच के लिए पीएचसी, सीएचसी आदि पर लाती थी, लेकिन अब शासन ने इसका समय चार बार कर दिया है। अब आशाएं हर महीने के 01, 09, 14 और 24 तारीख को अस्पताल ला सकती हैं। दवाओं में भी बढ़ोतरी की गई हैं। जिसका सीधा लाभ गर्भवती महिलाओं को मिलेगा।

## मार्शल आर्ट में "मुरादाबाद के 11 खिलाड़ी ने जीते स्वर्ण पदक"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** पांचवीं नेशनल जीत कुने-डो मार्शल आर्ट टूनार्मेंट का आयोजन ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कंपलेक्स दिल्ली में किया गया। इसका आयोजन 29 से 30 नवंबर तक चला।

इसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड, उत्तराखंड, असम, मध्य प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।जिले के आरुष यादव, एकलव्य मेहर, जतिन गुप्ता, शिवांश, स्पर्श टंडन, अनिमेष सक्सेना, सृष्टि, फरहान, जैद, सुमित और शानेराब ने स्वर्ण पदक अपने नाम किये। वहीं आर्यन शर्मा, हस्सान, अजलान, संस्कृति ने रजत पदक अपने नाम किया।

श्रीयांश बसलियाल और अंश यादव ने कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों की सफलता से मुरादाबाद जिला उत्तर प्रदेश जीत कुने-डो मार्शल आर्ट एसोसिएशन तथा उनके प्रशिक्षकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। संघ के पदाधिकारियों



अध्यक्ष सुभाष चंद्र ढल, उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, मुख्य सचिव अंकुर कौशिक व कोच निखिलेश कुमार शर्मा, रितिका चंद्रवंशी, अमन चंद्रवंशी, नीरज कुमार ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि मुरादाबाद के लिए गौरव का विषय है, और आने वाले समय में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना लोहा मनवाएंगे।

## भाजपा प्रवक्ता जफर इस्लाम के गोद लिए "दरियापुर गांव" के पास रामगंगा नदी पर प्रस्तावित "पुल निर्माण रुकने से क्षेत्र के ग्रामीणों में" निराशा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता जफर इस्लाम के गोद लिए " दरियापुर गांव "के पास रामगंगा नदी पर प्रस्तावित पुल निर्माण एक बार फिर विवादों में हैं। पुल का कार्य लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा शुरू कराया गया था, लेकिन अब वन विभाग ने बिना अनुमति कार्य शुरू होने पर रोक लगा दी है। दरियापुर गांव में पुल निर्माण स्थल वन क्षेत्र से सटे एरिया में आता है। बिजनौर के डीएफओ जय सिंह कुशवाह ने बताया कि पुल निर्माण के लिए न तो एनओसी ली गई और न ही आवश्यक वन स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसके चलते उन्होंने तत्काल प्रभाव से कार्य रोकने के आदेश दिए। लोक निर्माण विभाग के खिलाफ वन विभागीय कार्रवाई की बात सही है, लेकिन पुलिस द्वारा किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई न की गई है। क्योंकि मामला विभागीय जांच के दायरे में है। वन विभाग के मुताबिक, बिना अनुमति कार्य शुरू कराने में लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कार्यदायी एजेंसी के दो ठेकेदारों की भूमिका सामने आई है। इन पर विभागीय दंड निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीएफओ ने कहा कि बिना एनओसी किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य वर्जित है।

विभागीय नियमों का उल्लंघन किया गया है, इसलिए पुल निर्माण को तत्काल रोक दिया गया है। उधर पुल निर्माण स्थल क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के सात जूनियर इंजीनियर आते हैं उनका कहना है अगस्त के महीने में एनओसी की फाइल स्टेनो अलतमश जैदी को दी गई थी।

फाइल का दो महीने तक पता ही नहीं चला कहां है। पुल निर्माण रुकने से क्षेत्र के ग्रामीणों में निराशा है, क्योंकि लंबे समय से इस पुल की मांग उठती रही है। अब आगे की कार्रवाई वन विभाग और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त जांच रिपोर्ट पर निर्भर करेगी।

## डंपर ने स्कूटी में मारी टक्कर "नवयुवक की हुई दर्दनाक मौत"

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** नगर के मोहल्ला पट्टी वाला निवासी संजय बिश्नोई का पुत्र अर्पित बिश्नोई देर शाम स्कूटी से मुख्तियारपुर नवादा गांव की ओर जा रहा था जैसे ही वह रेलवे फाटक पार करके थोड़ा आगे पहुंचा एक डंपर ने सामने से बेकाबू होकर लहराते हुए अर्पित की स्कूटी को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलने पर घायल का भाई आदित्य मौके पर पहुंचा और घायल को उठाकर कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक का भाई थाने पहुंचा और डंपर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई पोस्टमार्टम के उपरांत आज दोपहर को मृतक का शब नगर में पहुंचा तो कोहराम मच गया नम आंखों से परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। उल्लेखनीय है कि भारी तादाद में चल रहे खनन को लेकर यहां बेकाबू डंपर तेज रफ्तार से रोजाना दौड़ रहे हैं जिनकी चपेट में आकर कई लोगों की जान चली गई है और कई लोग इनसे घायल हो चुके हैं इन डंपरों के संचालन से सड़कों की भी हालत काफी खस्ता हो गई है शिकायत करने पर परिवहन विभाग कोई लगाम लगाने को तैयार नहीं है इस मामले को आज भारतीय किसान यूनियन ने बैठक के दौरान उठाने का मन बनाया था लेकिन इस हादसे के कारण बैठक को दो दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। भारतीय किसान यूनियन के नेताओं का कहना है कि तेज रफ्तार के साथ इन डंपरों को अब किसी भी कीमत पर नहीं चलने दिया जाएगा।

## पूर्व विधायक ने अब्दुल्लापुर गांव पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** विधानसभा समाजवादी पार्टी से पूर्व विधायक रहे हाजी मौहम्मद रिजवान ने क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर में पहुंचकर शनिवार को कटघर थाना क्षेत्र के रामगंगा पुल के पास स्थित जीरो प्वॉइंट के पास महिलाओं सहित रोडवेज बस ने बैट्री ऑटो टक्कर मार दी जिसमें 6 लोगों की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो थी । सोमवार को पूर्व विधायक हाजी मौहम्मद रिजवान मृतक आश्रितों से मिलकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की ।





## कुन्दरकी पुलिस ने महिला को चरस और गांजे के साथ किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** पुलिस ने एक महिला को चरस और गांजे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

सोमवार को पुलिस चौकी इंचार्ज मय हमराह उपनिरीक्षक ब्रजराज सिंह मय महिला उपनिरीक्षक वंदना मय महिला आरक्षी अन्जू शर्मा, आरक्षी रोहित कुमार,भाई सिंह, उज्जवल और राजीव तोमर निजी वाहनों और सरकारी जीप से शांति व्यवस्था की चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व रोकथाम जुर्म जरायम तलाश वारंटी वांछित अभियुक्त में मामूर थे । पुलिस गश्त करते हुए कुन्दरकी से चकफाजलपुर ओवर ब्रिज के नीचे पहुंची तो ओवर ब्रिज के नीचे एक महिला खड़ी थी उसके पास दो लोग खड़े थे। पुलिस ने पहुंची तो दोनों व्यक्ति खेतों की ओर भाग गए महिला उप निरीक्षक व



आरक्षी ने महिला के हाथ में मौजूद थैले की तलाशी ली थैले में चरस और गांजे की पुड़िया बरामद हुई। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में महिला ने अपना नाम रूखसार पत्नी मसरूर निवासी मौहल्ला सादात तकिया कुन्दरकी बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**हादसे में जान गवाने वालों मृतकों के परिजनों से मिलकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की**

## कुन्दरकी विधायक पहुंचे अब्दुल्लापुर गांव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** विधायक ठाकुर रामवीर सिंह सोमवार को गांव अब्दुल्लापुर और मधुपुरी पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मिलकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। गौरतलब है कि शनिवार को कुन्दरकी क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर निवासी संजू, सीमा पत्नी करन सिंह, आरती पुत्री मुरारी, अभय पुत्र ओमवीर, अनन्या पुत्री करन सिंह व मधुपुरी निवासी सुमन पत्नी हरदीप, गांव समेत 11 लोग संजू के आटो में सवार होकर कटघर क्षेत्र के रफतापुर गांव में भात लेकर जा रहे थे। जैसे ही आटो कटघर थाना क्षेत्र के रामगंगा पुल के पास जीरो प्वॉइंट के पास पहुंचा तो पीछे से रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में संजू, सीमा, आरती, अभय, अनन्या व सुमन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।





सोमवार को विधायक ठाकुर रामवीर सिंह अब्दुल्लापुर एवं मधुपुरी पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मिलकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।

विधायक ठाकुर रामवीर ने बताया कि मुख्यमंत्री के द्वारा- सभी मृतकों को दो-दो लाख रुपये- और घायलों को पचास-पचास हजार रुपये आर्थिक मदद कराई गई। अब्दुल्लापुर गांव में प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय पुलिस भी पहुंची।

## ऑनलाइन "हाजिरी और अतिरिक्त कार्य के विरोध में सत्याग्रह" प्रारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेशभर में क्रमिक और शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन का आगाज एक दिसंबर से शुरू हो गया है। संगठन पदाधिकारी का कहना है कि पंचायत राज विभाग के अव्यवहारिक निर्णय विशेषकर ऑनलाइन हाजिरी अनिवार्य करने और अन्य विभागों के कार्य जबरन कराए जाने के विरोध में यह आंदोलन किया जा रहा है।

ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सागर और ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि आंदोलन की चार चरणों में तय रूपरेखा होगी। एक से चार दिसंबर तक सभी अधिकारी हाथ पर काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य करेंगे। पांच से नौ दिसंबर तक विकास खंडों में सुबह दस से दोपहर एक बजे तक सांकेतिक धरना और इसके बाद खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा जाएगा। एक बजे के बाद कार्य काली पट्टी के साथ किए जाएंगे।

दस दिसंबर से साइकिल से दफ्तर पहुंचकर शासकीय कार्य करेंगे। निजी मोबाइल और सरकारी व्हाट्सऐप समूहों का प्रयोग बंद कर दिया जाएगा। 15 दिसंबर से ग्राम पंचायतों में ई-ग्राम स्वराज से होने वाले सभी भुगतान रोक दिए जाएंगे और डोंगल एडीओ पंचायत को जमा कर दिए जाएंगे। संगठनों ने कहा कि जब तक सरकार मांगों पर सकारात्मक निर्णय या आश्वासन नहीं देती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## धान खरीद में "केंद्र प्रभारी तेजी लाएं" किसानों से व्यवहार सही रखें: डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिला अधिकारी ने केंद्र प्रभारियों से धान खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। हिदायत दी कि केंद्र पर किसानों के बैठने और पेयजल की व्यवस्था ठीक होनी चाहिए। किसानों की गाड़ी के धान की शीघ्र तौल कर खाली करने की कोशिश रहनी चाहिए। डीएम अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को धान खरीद के संबंध में समीक्षा बैठक की। इस दौरान अधीनस्थ अधिकारियों के साथ केंद्रों पर किसानों के लिए बेहतर सुविधा, धान की सुरक्षा, सत्यापन, पंजीकरण, किसान के भुगतान आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने हिदायत दी कि केंद्र प्रभारियों को प्रत्येक क्रय केंद्र पर अपनी व्यवस्था बेहतर रखना होगा। किसी किसान के आने पर यथाशीघ्र उसके धान की तौल कराकर गाड़ी खाली कराना होगा ताकि किसान को अनावश्यक लंबा इंतजार न करना पड़े। यदि केंद्र पर अधिक भीड़ होने पर टोकन निर्गत किया जाना चाहिए। यदि कोई किसान बिना सत्यापन कराए आता है तो तत्काल तहसील प्रशासन से संपर्क कर उसका हाथों हाथ सत्यापन कराया जाना चाहिए। इसके बाद नियमानुसार धान क्रय करना होगा। सत्यापन में किसी प्रकार की गड़बड़ी प्रदर्शित होने पर उसको तत्काल तहसील प्रशासन भेजना होगा।

**अंतिम संस्कार** शनिवार को रोड़वेज बस ने बैट्री ऑटो मे मारी टक्कर एक ही परिवार के 6 की मौत

## अब्दुल्लापुर गांव में हादसे में जान गवाने वालों का अपनों ने नम आंखों के बीच अंतिम संस्कार किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** क्षेत्र के अब्दुल्लापुर गांव के हादसे में जान गवाने वालों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार अपनों ने नम आंखों के बीच श्मशान घाट पर किया।

गौरतलब है कि शनिवार की दोपहर के समय एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। मुरादाबाद शहर के कटघर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सवारियों से भरे बैटरी ऑटो में टक्कर मार दी । हादसा इतना भीषण था कि बस टेंपो के ऊपर चढ़ गई थी। बस की बैटरी ऑटो में टक्कर लगने से लोग उछलकर दूर जा गिरे और बैटरी ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में जान गवाने वाले कुन्दरकी थाना क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर के सीमा पत्नी करन, बैट्री ऑटो चालक संजू,अभय पुत्र ओम वीर,आरती पुत्री मुरारीलाल, सुमन पत्नी हरदीप आन्या पुत्री करन सिंह है।

सड़क हादसे में जान गवाने वाले कुन्दरकी क्षेत्र के अब्दुल्लापुर गांव के रहने वाले थे। सभी शनिवार को कटघर के रफातपुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर बैट्री ऑटो से घर को वापस लौट रहे थे। उसी दौरान कटघर थाना क्षेत्र के रामगंगा पुल के पास जीरो पॉइंट के पास पहुंचा तो तेज गति से पीछे से आ रही मेरठ डिपो की रोडवेज ने बैट्री ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी



।हादसे में बैट्री ऑटो में बैठे महिला पुरुषो के गंभीर चोटे आई और महिलाओं सहित छह की मौत हो गई। रोडवेज बस चालक मौके से बस को छोड़कर फरार हो गया। मृतकों में एक ही परिवार की तीन महिलाएं भी शामिल हैं। हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रोड़वेज बस को कब्जे में ले लिया और सभी मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में घायल करन सिंह,उनकी बेटी आन्या, को जिला अस्पताल मुरादाबाद में भर्ती कराया गया। जबकि अनुष्का,रानी,झलक, और अंशु को निजी अस्पतालों में उपचार हेतु भर्ती कराया गया।

रविवार की रात दस बजे के बाद से सभी मृतको का पोस्टमार्टम शुरू हुआ जो देर रात तक मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम होता रहा।

सड़क हादसा लगभग तीन बजे के आसपास हुआ । रोडवेज बस ने बैट्री ऑटो में पीछे से भरपूर टक्कर मारी। हादसे में बैट्री ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

सोमवार को अब्दुल्लापुर गांव में मृतकों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## खाद्य विभाग की टीम ने "250 लीटर मिलावटी दूध और अन्य सामान नष्ट कराया" गंदगी मिलने पर "डेयरी बंद कराई"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने डींगरपुर स्थित डेयरी में गंदगी मिलने पर उसे बंद करा दिया। हिदायत दी गई कि जांच के बाद अगले आदेश तक डेयरी खोली जाएगी।सहायक आयुक्त (खाद्य) राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि जांच के दौरान डींगरपुर स्थित शहादत अली की डेयरी में काफी गंदगी पाई गई। जो स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं थी। इसी प्रकार मुंडिया मानपुर भगतपुर निवासी रईस की दुकान में जांच के दौरान पनीर मिश्रित दूध और क्रीम का नमूना लिया गया।यहां 200 किग्रा खराब पनीर और 250 लीटर मिलावटी दूध को नष्ट कराए गए हैं। पनीर और मिलावटी दूध की कीमत 60 हजार रुपये बताई जा रही है। रामपुर दौराहे के पास काशीपुर रोड पर मारुति ओमनी वैन से 12 बोतल डिटर्जेंट जब्त किया गया।तलाशी के दौरान छह टिन वनस्पति 38 लीटर रसायन जब्त किए गए। इस दौरान तीनों ने नमूने लिए गए। इसके बाद बादली टांडा स्थित तीन पनीर निमार्ता एवं क्रीम निमार्ता से तीन पनीर और एक क्रीम का नमूना लिया गया।टीम ने खरसौल के आसिफ की डेयरी से बरामद मिश्रित दूध क्रीम और पनीर के नमूने लिए गए। इस दौरान 50 किग्रा पनीर, 190 लीटर मिलावटी दूध नष्ट कराए गए। इस दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्र बहादुर यादव, एफएसओ सच्चन, प्रजन सिंह, कमलेश कुमार और मंडलीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी कृष्ण गोपाल मौजूद रहे।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# शर्तां गाने को तुलसी कुमार ने बताया दिल की आवाज,बोलीं,सीमाएं तोड़ना चाहती हूं

बॉलीवुड सिंगर तुलसी कुमार ने फैंस के लिए नया गाना शर्तां जारी किया है। पिछले कुछ सालों में तुलसी ने कई रोमांटिक और इमोशनल गानों से लोगों के दिलों में जगह बनाई है, लेकिन इस बार उन्होंने खुद को एक नए अंदाज में पेश किया है। शर्तां एक ऐसा डांस ट्रैक है, जो पूरी तरह से एनर्जेटिक और जोशीला है।

गाने में फ्रीस्टाइल डांस के साथ थोड़ी बॉलीवुड स्टाइल का तड़का भी है, जो इसे और मजेदार बनाता है। बेहतरीन आवाज और नई स्टाइल के साथ तुलसी ने वीडियो में खुद को एक अलग और बोल्ड अवतार में दिखाया है। गाने का संगीत अभिजीत श्रीवास्तव ने दिया है और इसके बोल शायरा ने लिखे हैं। यह गाना सुनने में ग्लोबल पॉप एनर्जी से भरपूर लगता है। इसकी बीट्स सुनकर पैर अपने आप थिरकने लगते हैं। शर्तां गाने को लेकर तुलसी कुमार ने कहा, हर कलाकार एक ऐसे मुकाम पर पहुंचता है जब वह अपनी सीमाएं तोड़ना चाहता है, जब दिल चुपचाप कहता है कि अब आगे बढ़ना है, अब पिछली बार से बेहतर करने का समय आ गया है। शर्तां मेरे लिए वही दिल की आवाज है, बस फर्क इतना था कि यह चुप नहीं थी। यह जोरदार, बोल्ड और उन रंगों से भरी थी, जिन्हें मैंने पहले कभी नहीं छुआ था। मैंने खुद को जितना धकेला, शायद पहले कभी नहीं किया। उन्होंने कहा, गाने के लिए डांस स्टाइल सीखने से लेकर अपने अंदर के एक ऐसे रूप को खोजने तक, जिसके बारे में मुझे पता भी नहीं था, शर्तां मेरा वह रूप है, जिसे फैंस ने पहले कभी नहीं देखा। इसमें वो कला है जिसे मैं हमेशा व्यक्त करना चाहती थी। यह सबकुछ मेरे लिए नया है। वीडियो में तुलसी चार अलग-अलग लुक्स में नजर आई हैं, और हर लुक में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। गाने को रंजन वर्गीज ने डायरेक्ट किया है। वहीं, भूषण कुमार और टी-सीरीज ने प्रस्तुत किया है, और यह अब सभी बड़े म्यूजिक प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। फैंस इसे टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर भी देख सकते हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन छाई धनुष-कृति की ड्रामा लव-स्टोरी फिल्म तेरे इश्क में, की बंपर कमाई, गुस्ताख इश्क का पहले ही दिन काम-तमाम

धनुष और कृति सेनन स्टारर फिल्म तेरे इश्क में बीती 28 नवंबर को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई और फिल्म ने पहले दिन अच्छा कारोबार किया है. आनंद एल रॉय के निर्देशन में बनी फिल्म ने पहले दिन उम्मीद से ज्यादा कमाई की है. दर्शकों को फिल्म में धनुष और कृति की जोड़ी बेहद पसंद



आ रही है और फिल्म की कहानी एक जुनूनी आशिक की है, जो दर्शकों को लुभा रही है. तेरे इश्क में ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर क्या झंडे गाड़े हैं, चलिए जानते हैं. धनुष और कृति सेनन स्टारर रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म तेरे इश्क में ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरूआत की है. सैकनिल्क की मानें तो फिल्म तेरे इश्क ने पहले दिन 16.4 करोड़ रुपये का घरेलू कलेक्शन किया है. तेरे इश्क में के लिए पहले दिन थिएटर में ऑल ओवर 25.77 ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज हुआ. मॉर्निंग शो में 15.29 प्रतिशत, दोपहर के शो में 21.67 प्रतिशत, इवनिंग शो में 24.55 प्रतिशत और नाइट शो में 41.56 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज हुआ. फिल्म कई मेजर सिटी में रिलीज हुई जिसमें दिल्ली में 1195 शोज, मुंबई में 896 शोज, अहमदाबाद में 518 शोज और पुणे में 407 शोज चले थे. वहीं, धनुष के गढ़ चेन्नई में फिल्म की सबसे ज्यादा ऑक्यूपेंसी रेट 51 फीसदी दर्ज हुआ. वहीं, बेंगलुरु में 32.75 फीसदी, हैदराबाद में 31.25 फीसदी और जयपुर में 26.33 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज हुआ. कहना गलत नहीं होगा कि मेट्रो सिटी और टियर 1 सिटीज में फिल्म तेरे इश्क ने शानदार ओपनिंग ली है. 2013 की हिट फिल्म रांझणा कीस्पिरिचुअल सक्सेसर के रूप में प्रचलित यह फिल्म बनारस के अशांत और आध्यात्मिक रूप से खूबसूरत नजारों पर आधारित है. भावनात्मक जटिलताओं और गहरे मोड़ों से भरी इस गहन प्रेम कहानी में धनुष शंकर और कृति सेनन मुक्ति का किरदार निभा रही हैं. शंकर और मुक्ति का रिश्ता खामियों से भरा, लेयर्ड और दुखद है. जब मुक्ति किसी और से शादी करने का फैसला करती है, तो उनका प्यार दिल टूटने की ओर बढ़ता है, जिससे शंकर गुस्से और जुनून में डूब जाता है. प्रेम, हानि, दिल टूटना, विश्वासघात और प्रतिशोध जैसे सबजेक्ट कहानी का आधार हैं, जो जुनून और टॉक्सिक से भरी हुई है. 28 नवंबर को तेरे इश्क में के साथ सिनेमाघरों में आई रोमांटिक फिल्म गुस्ताख इश्क को भी दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, वहीं बॉक्स ऑफिस पर इसने पहले ही दिन दम तोड़ दिया।

बड़ी मुश्किल से इसकी लाखों में कमाई हो पाई है। फिल्म ने पहले दिन महज 50 लाख रुपये कमाए हैं। ये कहना गलत नहीं होगा कि इसे तेरे इश्क में से टकराने का बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा है। उम्मीद है कि वीकेंड में इसकी कमाई बढ़ जाए। गुस्ताख इश्क में विजय वर्मा, फातिमा सना शेख, नसीरुद्दीन शाह और शारिब हाशमी अहम भूमिका में हैं। फिल्म के निर्देशक विभु पुरी हैं। इससे फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने बतौर निमार्ता अपनी शुरूआत की है। फिल्म विजय के किरदार के आसपास घूमती है, जो पुरानी दिल्ली के बीचों-बीच स्थित अपने पिता के प्रिंटिंग प्रेस को बचाने की कोशिश कर रहा है। इसी बीच वो नसीरुद्दीन के किरदार का शिष्य बन जाता है और उसकी बेटी से प्यार करने लगता है।

# प्रिंटेड ऑफ शोल्डर ड्रेस पहन श्वेता तिवारी ने बिखेरा जलवा, दिलकश अदाओं से फैंस को बनाया दीवाना

टेलीविजन इंडस्ट्री की सबसे खूबसूरत और सदाबहार एक्ट्रेसेस में से एक, श्वेता तिवारी, अपनी उम्र को मात देने वाली सुंदरता और फैशन सेंस के लिए अक्सर चर्चा में रहती हैं. 45 की उम्र को पार कर चुकीं श्वेता आज भी अपनी फिटनेस और स्टाइल से आज की एक्ट्रेसेस को टक्कर देती हैं. उनकी खूबसूरती के आगे उनकी बेटी पलक तिवारी भी फीकी लगती हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ शानदार तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह एक प्रिन्टेड ऑफ-शोल्डर ड्रेस में नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में उनकी दिलकश अदाओं और कॉन्फिडेंस ने एक बार फिर उनके फैंस को अपना दीवाना बना दिया है। श्वेता



तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के लिए एक ऐसा लुक चुना है जो ट्रेंडी होने के साथ-साथ क्लासी भी है. श्वेता ने एक बहुत ही आकर्षक प्रिन्टेड ऑफ-शोल्डर मिडी ड्रेस पहनी हुई है. यह ड्रेस पिंक कलर के साथ प्रिन्ट का कॉम्बिनेशन है, जो उनके लुक को मॉडर्न फील दे रहा है.

ड्रेस का ऑफ-शोल्डर डिजाइन उनके टोन्ड कंधों और कॉलर बोन को हाइलाइट कर रहा है, जिससे वो और भी ज्यादा खूबसूरत लग रहीं हैं. श्वेता तिवारी का सभी ड्रेस या लुक एकदम अलग और शानदार होता है, जो लोगों को बेहद पसंद आता है। उन्होंने अपने लुक को मिनिमल मेकअप के साथ पूरा किया है. आई मेकअप और न्यूड लिपस्टिक के साथ, उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा है, जिससे उनका लुक और भी ज्यादा नैचुरल और फ्रेश लग रहा है.

ड्रेस ही नहीं, श्वेता तिवारी का पोज देने का अंदाज और उनका कॉन्फिडेंस ही उनकी तस्वीरों को स्पेशल बना देता है. हर तस्वीर में उनके पोज बहुत आकर्षक है. उनकी मुस्कान हमेशा की तरह लोगों का दिल जीत रहा है.

श्वेता तिवारी हमेशा से ही अपने फैशन चॉइस के साथ एक्सपेरिमेंट करती रही हैं. उनकी यह तस्वीरें उनके फैंस और 40 से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए एक और भी ज्यादा स्पेशल हैं. फैंस एक्ट्रेस की इन फोटो को बहुत पसंद कर रहें हैं और कमेंट कर रहें हैं।

# सेब को अपनी डाइट में शामिल करने के लिए अपनाएं ये 5 सरल तरीके

सेब एक ऐसा फल है, जो न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसमें विटामिन-सी, फाइबर और ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को तंदुरुस्त रखने में मदद करते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और मजेदार तरीके बताएंगे, जिनसे आप सेब को अपनी रोजमर्रा की डाइट में शामिल कर सकते हैं और इसके सभी लाभों का आनंद ले सकते हैं।



**सुबह की शुरूआत करें सेब के साथ**

सुबह का नाश्ता सेब के साथ शुरू करना बहुत अच्छा हो सकता है। आप सेब को छीलकर उसका रस निकाल सकते हैं या फिर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर दही और शहद के साथ खा सकते हैं। इससे आपको ऊर्जा मिलेगी और आपका पाचन भी सही रहेगा। इसके अलावा सेब का सेवन करने से आपकी त्वचा भी चमकदार बनेगी और आप पूरे दिन तरोताजा महसूस करेंगे।

**सलाद में शामिल करें**

सेब को सलाद में शामिल करना एक बेहतरीन तरीका हो सकता है। आप कच्चे सलाद में सेब के पतले-पतले टुकड़े मिला सकते हैं, जिससे उसका मीठा स्वाद आपके सलाद को और भी मजेदार बना देगा। इसके अलावा आप इसमें नींबू का रस और थोड़ा सा नमक भी डाल सकते हैं। इससे न केवल सलाद का स्वाद बढ़ेगा बल्कि सेब के पोषक तत्व भी बरकरार रहेंगे। यह सलाद खाने में हल्का और सेहत के लिए अच्छा है।

**स्मूदी बनाकर पिएं**

सेब की स्मूदी बनाना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके लिए आप एक मिक्सर में सेब के टुकड़े, दही, दूध और थोड़ा सा शहद डालकर अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को ठंडा करके पीने से आपको ताजगी मिलेगी और यह आपकी ऊर्जा को भी बढ़ाएगा। इसके अलावा इसमें मौजूद विटामिन-सी और अन्य पोषक तत्व आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाएंगे और आपको स्वस्थ रखेंगे।

**स्नैक्स के रूप में खाएं**

बाहर जाते समय या किसी काम में व्यस्त रहने पर अक्सर लोग जंक फूड खा लेते हैं, जो सेहत के लिए अच्छा नहीं होता। ऐसे में अगर आप अपने बैग में हमेशा एक या दो सेब रख लें तो जब भी भूख लगे, एक सेब निकालकर खा लें। इससे आपको तुरंत ऊर्जा मिलेगी और जंक फूड खाने की इच्छा भी नहीं होगी। सेब का सेवन करने से आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा और सेहत भी बनी रहेगी।

**मिठाई बनाने के लिए करें इस्तेमाल**

अगर आपको मिठाइयां बनाने का शौक है तो उसमें सेब का इस्तेमाल जरूर करें। जैसे कि सेब की खीर या सेब का हलवा बनाकर देखें, यह बहुत ही स्वादिष्ट बनता है। इसके लिए आप दूध, चीनी और सूखे मेवे मिलाकर इस मिठाई को तैयार कर सकते हैं। इन सभी तरीकों से आप आसानी से अपने रोजमर्रा की जिंदगी में सेब को शामिल कर सकते हैं और इसके सभी फायदों का आनंद ले सकते हैं।

# शॉल के साथ इन 5 स्टाइल को अपनाएं, सर्दियों में दिखेंगी स्टाइलिश और आरामदायक

सर्दियों में ठंड से बचने के लिए शॉल एक बढ़िया विकल्प होती है। यह न केवल आपको गर्म रखता है, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाता है। शॉल को सही तरीके से पहनने पर आप हर मौके पर स्टाइलिश दिख सकती हैं। इस लेख में हम आपको पांच ऐसे फैशन टिप्स देंगे, जिनसे आप रोजमर्रा की जिंदगी में शॉल को आसानी से पहन सकती हैं और हर अवसर पर आकर्षक लग सकती हैं।

**रोजमर्रा के उपयोग के लिए डेनिम के साथ पहनें शॉल**

डेनिम जैकेट या जैकेट के साथ शॉल पहनना एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। यह लुक न केवल आरामदायक है, बल्कि बहुत ही स्टाइलिश भी लगता है। आप हल्के रंग की डेनिम जैकेट के साथ गहरे रंग की शॉल चुन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। इस तरह आप रोजमर्रा की जिंदगी में भी स्टाइलिश दिख सकती हैं और ठंड से बच सकती हैं।

**ऑफिस के माहौल में अच्छा लगेगा फॉर्मल शॉल**

ऑफिस के लिए फॉर्मल शॉल एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आप अपने सूट या कुर्ते के साथ मेल खाती या विपरीत रंग की फॉर्मल शॉल चुन सकती हैं। इससे न केवल आपका लुक पेशेवर लगेगा, बल्कि आपको ठंड से भी सुरक्षा मिलेगी। फॉर्मल शॉल आपके ऑफिस लुक को और अधिक आकर्षक बनाती है और आपको आत्मविश्वास देती है। इस तरह आप हर मौके पर स्टाइलिश दिख सकती हैं और आरामदायक महसूस कर सकती हैं।

**मैक्सी स्कर्ट के साथ मिलेगा बोहेमियन वाइब**



बोहेमियन स्टाइल पसंद करने वालों के लिए मैक्सी स्कर्ट के साथ शॉल पहनना एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। रंग-बिरंगे पैटर्न वाली मैक्सी स्कर्ट के साथ हल्की और रंगीन शॉल आपका लुक बहुत ही खास बनाएगी। यह स्टाइल न केवल आरामदायक है, बल्कि बहुत ही आकर्षक भी लगता है। आप इस तरह के लुक को अपने रोजमर्रा की जिंदगी में आसानी से अपना सकती हैं और हर मौके पर स्टाइलिश दिख सकती हैं।

**सप्ताह के अंत पर यात्रा करते समय इस तरह दिखें**

सप्ताह के अंत पर यात्रा करते समय आरामदायक और स्टाइलिश दिखना जरूरी होता है। इसके लिए आप अपने रोजमर्रा के कपड़ों जैसे टी-शर्ट और जींस के साथ हल्की और रंगीन शॉल चुन सकती हैं। इससे न केवल आपको ठंड से सुरक्षा मिलेगी, बल्कि आपका लुक भी खास लगेगा। यह स्टाइल आपको यात्रा के दौरान आरामदायक महसूस कराने के साथ-साथ हर मौके पर आकर्षक दिखाता है।

**पार्टी या खास मौके पर ऐसे बनाएं लुक खास**

पार्टी या खास मौके पर शॉल को अलग-अलग तरीकों से बांधकर नया लुक बनाया जा सकता है। आप अपनी ड्रेस या लहंगा के साथ मेल खाती शॉल बांध सकती हैं, जिससे आपका लुक बहुत ही आकर्षक लगेगा। इसके अलावा आप शॉल को अलग-अलग तरीके से बांधकर भी नया स्टाइल बना सकती हैं। इन पांच तरीकों से आप आसानी से रोजमर्रा की जिंदगी में शॉल को शामिल कर सकती हैं और हर मौके पर स्टाइलिश दिख सकती हैं।

# पद्म भूषण स्व.कल्बे सादिक की पुन्य तिथि पखवारे के अवसर पर पौधारोपण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** पद्म भूषण स्व. डा. कल्बे सादिक की पुन्य तिथि की पांचवीं बरसी के अवसर पर जन कल्याण के विभिन्न कार्यक्रमों के पखवारे का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में तौहीदुल मुस्लिमीन ट्रस्ट द्वारा यूनिटी कालेज के आर्गनिक क्लब के सहयोग से व्यापक वृक्षारोपण का कार्यक्रम खसरा सं0 281 व 286 निकट चरक हास्पिटल, लालजी टण्डन मार्ग पर आयोजित किया गया जिसमें यूनिटी कालेज, यूनिटी कालेज सेकेण्ड षिफ़्ट, न्यू सेण्ट जान्स स्कूल, ताहा स्कूल, एम्स स्कूल आदि के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लेकर पौधारोपण किया।

इस अवसर पर श्री हिमांषु ढपोला वरिष्ठ वैज्ञानिक बायो डायवर्सिटी ,डाबर इण्डिया लिमिटेड ने ग्लोबल वार्मिंग एवं वायु प्रदूषण से निपटने के लिये व्यापक पैमाने पर पौधारोपण पर बल देते हुए कहा कि यह अत्यन्त आवष्यक है। इस की महत्ता पर हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने आहवान किया है कि हर व्यक्ति कम से कम अपनी मां के नाम एक पौधा अवश्य लगायें। हमारी प्रदेश सरकार भी वृक्षारोपण को लेकर बहुत गम्भीरता से काम कर रही है। जन कल्याण सेवा संस्थान के सचिव श्री राघवेन्द्र मिश्रा जिनकी संस्था वृक्षारोपण अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है इस अवसर पर पधार कर इस सामाजिक कार्य में योगदान देते हुए वृक्क्षरोपण किया एवं कहा कि विद्यार्थियों की भागीदारी से यह कार्य अच्छी तरह होगा एवं समाज में जागरूकता उत्पन्न होगी। उ0 प्र0 नान ओलम्पिक एसोसिएषन के महासचिव एवं समाज कल्याण के कार्यों में



अग्रणी रहने वाले श्री आनन्द कुमार सक्सेना एडवोकेट ने भी इस अवसर पर उपस्थित होकर पौधारोपण किया और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्याथियों का आहवान किया कि सामाजिक सरोकार के इस काम में वे बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें ताकि समाज जागरूक हो । यूनिटी कालेज के सचिव श्री नजमुल हसन रिजवी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं विषेषकर यूनिटी कालेज के आर्गनिक क्लब के सदस्यों से कहा कि ट्रस्ट के प्लाट खसरा सं0 281 उवं 286 पर पौधारोपण करके ट्रस्ट के संस्थापक पद्म भूषण स्व. डा. कल्बे सादिक की पुन्य तिथि पर वातावरण को स्वच्छ रखने का जो संदेष दिया है उससे समाज के सभी लोग जागरूक होंगे और वे भी पौधारोपण करेंगे। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों अध्यापकण एवं प्रधानाचार्यों एवं अन्य गणमान्य व्यक्त्यिों ने पधार कर कार्यक्रम की शोभा अढ़ाई।इस अवसर पर अमीर अहमद जैदी पी.सी.एस. ने इस अवसर पर पघारे गणमान्य व्यक्तियों और छात्र-छात्राओं का टाभार व्यक्त् किया।

# राजधानी के विकासखंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत मीठे नगर का मामला, मनरेगा योजना में सरकारी धन की लूट का नया मॉडल आया सामने

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी के विकासखंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत मीठे नगर में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार का नया मॉडल सामने आया है। ग्राम पंचायत में जहां काफी संख्या में अविवाहित युवकों के जॉब कार्ड बनाकर उनके नाम फर्जी हाजिरी अथवा अन्य तरीकों से सरकारी नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है तथा कई मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर भी भुगतान किया जा रहा है तथा एक ही आई डी पर एक साल में दो बार काम करने का नया मॉडल विकासखंड में बैठे तकनीकी सहायक और अतिरिक्त मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी की मिली भगत से पेश किया जा रहा है जिसके माध्यम से सरकारी धन की खुले आम लूट के जा रही है क्योंकि जब एक बार साल में काम हो चुका है तो दोबारा काम करने का क्या औचित्य है?



आपको बता दें कि इस पंचायत में इसी वित्तीय वर्ष में दो जगह मई, जून, जुलाई में काम कराया जा चुका था। जिसमें सैकड़ो लोगों को भुगतान किया जा चुका है परंतु ब्लॉक में बैठे अधिकारियों की मिली भगत से प्रधान सचिव और रोजगार सेवक ने मिलकर जिन दो स्थान पर दोबारा काम शुरू कराया है उनमें से एक पुलिया से नछड़िया नाला तक नाला खुदाई जिसमें पहले 15 जून से 28 जून तक 14 दिन काम कराया गया था और अब इस वर्क आईडी पर 12 नवंबर से 25 नवंबर तक नाला खुदाई का कार्य कराया गया है जहां एक दर्जन मजदूर नाले में सफाई कर रहे थे और कुछ मजदूर खड़ंजे के किनारे झाड़ियां साफ कर रहे थे जबकि झाड़ियों की सफाई के लिए कोई नई आईडी नहीं बनाई गई थी पुरानी नाले की आईडी पर ही खड़ंजा किनारे की झाड़ियां कटवाई गई हैं। इस नाले में पहले भी 14 दिन कार्य कराया गया था और इस बार भी 14 दिन ही कार्य कराया गया है इस तरह इस काम को दोबारा करा कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। दूसरा कार्य जो कल राम की बाग से डामर रोड तक चक मार्ग दिखाया गया है। इस कच्चे रास्ते पर किसी वित्तीय वर्ष में 15 से 21 मई तथा 1 जुलाई से 7 जुलाई 25 तक कार्य कराया जा चुका था बावजूद इसके इस मार्ग पर 26 नवंबर से दोबारा कार्य शुरू कराया गया है जो खुले आम सरकारी धन का दुरुपयोग प्रतीत होता है। जहां पहले घास चलकर मात्र खाना पूर्ति की जा रही है क्योंकि यह मार्ग अधिक क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है। अब देखना है कि अधिकारी इस प्रकरण को किस तरह संज्ञान में लेते हैं और दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।



# हैंड पाइप मरम्मत और रीबोर के नाम पर खर्च हो गए लाखों रुपए, पूर्व प्रधान के कार्यकाल की इंटरलॉकिंग अपनी बता कर निकाल लिया पैसा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** विकासखंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत मीठे नगर में हर साल हैंड पाइप मरम्मत और रीबोर के नाम पर लाखों रुपए निकाले गए। और कभी किसी हैंड पाइप की फोटो डाल दी जाती है और कभी मरम्मत के नाम पर एक ही हैंड पाइप की दो-दो फोटो डाल दी जाती हैं। ग्राम पंचायत मीठे नगर में वित्तीय वर्ष 2022- 23 में कैलाश के घर से बसंत लाल के घर तक इंटरलॉकिंग के नाम पर 322246 रुपये वर्तमान प्रधान के कार्यकाल में निकाले गए लेकिन ग्रामीणों सहित पूर्व प्रधान का कहना है कि यह इंटरलॉकिंग उनके कार्यकाल में लगाई गई थी। और 20 दिसंबर 2023 की 7 फोटो अपलोड कर दी गई । इसके अलावा इसी पंचायत में टूटी-फूटी नालियों के नाम पर 260000 से अधिक रुपए




गंगा ट्रेडर्स के नाम निकाले गए। यहां वित्तीय वर्ष 2024- 25 में लालाराम के घर से मोती के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग लगाए गई जिस पर 444516 रुपए खर्च हुए। इसमें इंटरलॉकिंग और नाली की फोटो अपलोड की गई। इसी वित्तीय वर्ष में दिलीप के घर से मंदिर तक नाला निर्माण कराया गया जिस पर 457588 रुपए खर्च दिखाए गए। यहां 23 जनवरी 2025 की नाले की फोटो अपलोड की गई जबकि इसी नाले की फोटो दूसरे काम पर भी दिखा दी गई। इस तरह यहां भी गड़बड़ झाला किया गया क्योंकि एक ही फोटो दो कामों पर दिखाना भी भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है। अब देखना है कि सरकारी अमला इन सभी प्रकरणों को संज्ञान में लेकर क्या कार्रवाई करता है।

# बिजली बिल राहत योजना 2025-26 आज से लागू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** उत्तर प्रदेश सरकार की बहुप्रतीक्षित और उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत लाभकारी बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का आज पूरे प्रदेश में विधिवत शुभारंभ हो गया।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रयागराज के सोरांव सब स्टेशन से इस ऐतिहासिक योजना की शुरूआत की। इसके पश्चात उन्होंने प्रतापगढ़ के कुंडा सब स्टेशन और रायबरेली जनपद के ऊंचाहार सब स्टेशन में भी मेगा कैंप का उदघाटन किया।

उदघाटन के दौरान ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह योजना न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करेगी, बल्कि बिजली विभाग और उपभोक्ता दोनों के बीच विश्वास व सहयोग के नए युग की शुरूआत करेगी।

उन्होंने इसे सरकार की संवेदनशील और परिणामकारी कार्यप्रणाली का उदाहरण बताया। शुभारंभ समारोह में श्री शर्मा ने पहले पंजीकरण करने वाले पाँच उपभोक्ताओं को प्रमाणपत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि आज की शुरूआत उन उपभोक्ताओं के लिए राहत की नई किरण है, जिन पर वर्षों से बकाया बिलों का बोझ बना हुआ था।

# खादी महोत्सव-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 9 इकाइयों को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमती नगर, लखनऊ में उ०प्र० खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वाधान में आयोजित खादी महोत्सव-2025 का आज दसवें और अंतिम दिन सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के प्रमुख सचिव अनिल सागर रहे। उनके साथ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शिशिर, संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी सिद्धार्थ यादव सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। प्रमुख सचिव अनिल सागर ने अपने संबोधन में कहा कि योगी सरकार खादी, ग्रामोद्योग और पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष महोत्सव में खादी संस्थाओं के 32, ग्रामोद्योग की 120 और माटी कला की 8 इकाइयों सहित कुल 160 उद्यमियों ने भाग लिया, जिन्होंने अपने परंपरागत कौशल, गुणवत्ता और नवाचार का अद्भुत प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य खादी और स्थानीय उत्पादों को आधुनिकता से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्रीय व वैश्विक बाजारों में स्थापित करना है।



समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली इकाइयों को प्रमुख सचिव द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। खादी श्रेणी में प्रथम पुरस्कार स्वराज्य आश्रम, कानपुर; द्वितीय पुरस्कार ग्राम सेवा संस्थान, फतेहपुर; तथा तृतीय पुरस्कार भूरज सेवा संस्थान, हरदोई को प्रदान किया गया। ग्रामोद्योग श्रेणी में प्रथम पुरस्कार अब्बास अंसारी, मुजफ्फरनगर; द्वितीय पुरस्कार तहजीबुल हसन, बिजनौर; और तृतीय पुरस्कार अंजली सिंह, जूट आर्टिजन्स, लखनऊ को दिया गया। माटी कला श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्रेम चन्द्र, बाराबंकी; द्वितीय पुरस्कार मतलूब, बुलन्दशहर; तथा तृतीय पुरस्कार शिव कुमार प्रजापति, बाराबंकी को प्रदान किया गया।रविवार का अवकाश और महोत्सव का अंतिम दिन होने के कारण प्रदर्शनी स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी। आगंतुकों ने खादी वस्त्र, ग्रामोद्योगी उत्पादों और माटी कला की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की, जिससे उद्यमियों का उत्साह बढ़ा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी शिशिर ने कार्यदायी संस्था के सभी सदस्यों, तकनीकी सहयोगियों, मीडिया प्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों, सुरक्षा दल तथा बोर्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के समर्पित प्रयासों व सजग प्रबंधन से खादी महोत्सव-2025 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा सका। कार्यक्रम में विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहीद सिपाही कुलदीप पुनिया के शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जनपद अंतर्गत चिंता गुफा थाना क्षेत्र में 223 केंद्रीय रिश्वत



बल की 223 बटालियन के नक्सली हमले में शहीद हुए जमालपुर निवासी सिपाही कुलदीप पुनिया का 11 वां शहादत दिवस मनाया गया। सोमवार को शहीद के पिता धर्म पाल सिंह व माता ब्रह्मवती द्वारा पूठ गुरूकुल के आचार्य अखिलेशान्नद से यज्ञ कर बलिदानी कुलदीप पुनिया की आत्मा की शांति के लिए आहूति दी। साथ ही नोएडा सीआरपीएफ के सब इंसपेक्टर जगबीर सिंह द्वारा शहीद प्रतीक पर लगा तिरंगा बदला गया। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों के साथ ही काफी संख्या में ग्राम व क्षेत्रवासियों तथा पूर्व सैनिक उपस्थित रहे जिन्होंने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व सैल्यूट कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पूर्ववायु सेना अधिकारी मनबीर सिंह, कैप्टन गोपीचंद,सब इंसपेक्टर जगबीर सिंह, सूबेदार जगदीश चौहान, कैप्टन सतपाल सिंह, सूबेदार मेजर महेंद्र सिंह, हवलदार प्रेम पाल सिंह, पंकज चौधरी,अनंत पूनिया, दिनेश तोमर, कैप्टन महीपाल,हवलदार जगबीर, जय करण सिंह,बोबी जमालपुर,भोपाल भरना,मनबीर सिंह सलोनी, सूबेदार नरेंद्र,मास्टर उदयवीर आदि उपस्थित रहे।

# कानपुर में पेड़ पर लटका मिला दोस्तों के साथ निकले युवक का शव,हत्या की आशंका: बवाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** तीन दोस्तों के साथ घर से निकले युवक का शव आज सोमवार को सचेंडी थाना क्षेत्र में पेड़ पर लड़का मिला। परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर बवाल भी किया, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उनको समझ बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने बताया कि उसकी लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ,जिसकी रिपोर्ट के आधार पर ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। घटना में पुलिस और फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किए।

परिजनों ने गांव के कुछ युवकों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटना की जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्रित किए हैं। दोस्तों और उनके परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक बिठूर के तिवारीपुर गांव के मजरे बनी निवासी गौरव उर्फ मनीष तिवारी (28) प्राइवेट नौकरी करता था।

पुलिस ने बताया कि परिवार में पिता रामदत्त तिवारी और छोटा भाई सौरभ है। मां की मौत करीब दस साल पहले हो चुकी है। गौरव का शव सोमवार सुबह सचेंडी के रैकेपुर इलाके में रिंग रोड के पास स्थित खेतों में नीम के पेड़ से इनर के सहारे लटका मिला। जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने गांव के ही युवकों पर हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। छोटे भाई सौरभ के मुताबिक गौरव रविवार सुबह घर से गांव के तीन युवकों के साथ निकला था। शाम तक वापस नहीं आया तो खोजबीन की। सुबह मौत की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि परिजन जो आरोप लगा रहे हैं। उस आधार पर जांच कराई जा रही है। इसके लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है।

# साजिश या सुधार? अखिलेश यादव का SIR पर बड़ा हमला, लोकतंत्र से खिलवाड़ का आरोप!

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नहीं, बल्कि कुछ लोगों के वोट काटने के लिए चलाई जा रही है। समाजवादी सांसद ने आगे आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में बीएलओ (BLO) भारी तनाव में हैं और फॉर्म भी नहीं भर पा रहे हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब उत्तर प्रदेश में कोई चुनाव नहीं है, तो एसआईआर प्रक्रिया पूरी करने की इतनी जल्दी क्यों है।

यादव ने संवाददाताओं से कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब हमारा वोट का अधिकार हमसे न छीना जाए... एसआईआर की चिंता आज सच होती जा रही है। अगर वोट कट गया, तो कोई व्यक्ति अपना सपना कैसे पूरा करेगा... मुझे जानकारी मिली है कि उन्होंने (भाजपा) नोएडा स्थित बड़ी आईटी कंपनियों को काम पर रखा है, और उनके जरिए उनके पास (उत्तर प्रदेश में) मतदाता सूची का विवरण है। यह चल रही एसआईआर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नहीं, बल्कि वोट काटने के लिए है। जमीनी स्तर पर, बीएलओ फॉर्म भी नहीं भर पा रहे हैं; उनमें से कई तनाव में हैं... जब उत्तर प्रदेश में तुरंत कोई चुनाव नहीं है, तो इतनी जल्दी क्यों? इससे पहले आज, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के सांसद ई.टी. मोहम्मद बशीर ने संसद के चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान एसआईआर प्रक्रिया पर कड़ा रुख अपनाने का आह्वान किया। एएनआई से बातचीत में, आईयूएमएल सांसद ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने संसद में एसआईआर प्रक्रिया पर चर्चा करने पर विचार नहीं किया है। बशीर ने एएनआई को बताया कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें एसआईआर पर कड़ा रुख अपनाना होगा। हमने बहुत कोशिश की है, फिर भी उन्होंने (केंद्र सरकार ने) इस पर ठीक से विचार नहीं किया है। आर्थिक मोर्चे पर कई और मुद्दे भी हैं। इस बीच, सूत्रों के अनुसार, इंडिया ब्लॉक के दलों ने आज संसद के दोनों सदनों में एसआईआर का मुद्दा उठाने का फैसला किया है। सभी दलों ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की है कि एसआईआर को प्राथमिक एजेंडा माना जाएगा और चालू शीतकालीन सत्र के दौरान इस पर सबसे पहले बहस की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का दूसरा चरण चला रहा है, जिसकी अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी, 2026 को प्रकाशित होने वाली है। एसआईआर का पहला चरण बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले सितंबर में पूरा हो गया था। इस अभ्यास में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।



टूर्नामेंट

## मनीष मेहरोत्रा ने जीता दोहरा खिताब एस मास्टर्स वेटरन टेनिस टूर्नामेंट

# शोभित टंडन बने 35+वर्ग में एकल चैंपियन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** शोभित टंडन ने एस मास्टर्स वेटरन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल 35 वर्ष से अधिक वर्ग का खिताब फाइनल में अभिषेक कुमार यादव को 6-0 से हराकर जीत लिया। स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सोसायटी (एसडीएस) द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित व बजाज कैपिटल द्वारा प्रायोजित टूर्नामेंट में पुरुष युगल




35 वर्ष से अधिक के फाइनल में आदित्य कपूर और मनीष मेहरोत्रा की जोड़ी ने अश्विन और रुचित को 6-3 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। मनीष मेहरोत्रा ने इसके साथ पुरुष युगल 45 वर्ष से अधिक का खिताब भी जीता। उन्होंने इस वर्ग के फाइनल में आदितेश्वर के साथ डॉ. अपूर्व और निशांत की जोड़ी के खिलाफ 6-3 से जीत दर्ज की। वहीं 45 वर्ष से अधिक वर्ग का खिताब डॉ. श्रीवस्तन ने मनीष सिंह को 6-4 से हराकर जीता। 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में डॉ. भरत दुबे ने लक्ष्मण सिंह के खिलाफ 6-1 की जीत दर्ज करते हुए चैंपियन बने। वहीं 55 वर्ष युगल वर्ग के फाइनल में आलोक भटनागर व डॉ. विश्वास ने खिताबी जीत दर्ज की जिन्होंने डॉ. भरत दुबे और संजय कुमार को 6-3 से हराया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सुनील भटनागर ने पुरस्कार बांटे। इस अवसर पर सौरभ चतुर्वेदी, दीपक पाठक व पवन सागर भी मौजूद थे।

# टीसीसी की जीत में चमके डा.प्रियेश चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** मैन आफ द मैच डा.प्रियेश (2 विकेट, नाबाद 15 रन) के आलराउंड खेल से टीसीसी ने चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में केविजीएन को 5 विकेट से शिकस्त दी। आरडीएसओ स्टेडियम पर केवि गोमतीनगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 152 रन बनाए। रेहान ने 40 गेंदों पर 3 चौके से 47 रन की पारी खेली। आशू ने 25 व आशीष कुमार ने 22 रन का योगदान किया। टीसीसी से डा.प्रियेश व सुमित गुप्ता को 2-2 विकेट की सफलता मिली। जवाब में टीसीसी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.3 ओवर में 5 विकेट पर 153 रन बनाकर मैच जीत लिया।



सलामी बल्लेबाज मयंक ने 14 व अफसर सिद्दीकी ने 34 रन बनाकर पारी की शुरूआत की। फिर वासिक ने 29, मुजम्मिल ने नाबाद 25, अफजल ने 18 व डा.प्रियेश ने नाबाद 15 रन बनाते हुए टीम को जीत दिलाई।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267